3 राजधानी
पूर्व आईएएस का बेटा गुरुग्राम से गिरफ्तार

6 अभिमत
राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव

10 विदेश
बेलारूस भेजे गए हजारों रूसी सैनिक

11 विविध
परंपरा को बनाए रखें?

RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 10 अंक 97
नई दिल्ली, शनिवार, 12 फरवरी, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com




ऋषभ-गिलक्रिस्ट की तुलना करना जल्दबाजी होगी
स्पोर्ट्स-12

# हिंद-प्रशांत क्षेत्र को दबाव मुक्त रखने का संकल्प

## ● क्षेत्र में ताकत बढ़ा रहे चीन को क्वाड देशों- भारत अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया की बैठक में स्पष्ट संदेश

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**हिंद-प्रशांत** क्षेत्र में चीन के अपनी स्थिति मजबूत करने के इतर क्वैड देशों- अमेरिका, भारत, जापान और ऑस्ट्रेलिया ने इस क्षेत्र को दबाव मुक्त रखने और स्वतंत्र आवाजाही सुनिश्चित करने का संकल्प लिया। चीन को यह स्पष्ट संदेश क्वैड के विदेश मंत्रियों की शुक्रवार को मेलबर्न में हुई बैठक से आया है।

इस महत्वपूर्ण बैठक में विदेश मंत्री एस जयशंकर और उनके समकक्षों मारिस पायने (ऑस्ट्रेलिया), एंटनी ब्लिंकन (अमेरिका) और योशिमासा हयाशी (जापान) ने भाग लिया। इस बैठक से पहले बीजिंग ने बुधवार को कहा था कि इस तरह के अनन्य ब्लॉक टकराव पैदा करते हैं और इसे क्षेत्रीय देशों के बीच संबंधों में दरार नहीं डालनी चाहिए। चीन ने यहां तक कहा था कि क्वैड शीत युद्ध की मानसिकता से चल रहा है। भारत, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और जापान के क्वाड समूह ने मुक्त, खुले और समावेशी हिंद-प्रशांत क्षेत्र का लक्ष्य हासिल करने तथा आतंकवाद जैसे साझा खतरों से मिलकर निपटने के लिए मजबूती से काम करने का शुक्रवार को आह्वान किया। चारों देशों के विदेश मंत्रियों ने सीमा पार आतंकवाद की भी निंदा की और कहा कि अफ़ग़ानिस्तान की ज़मीन का इस्तेमाल किसी देश को धमकाने या हमला करने के लिए नहीं किया जाना चाहिए। क्वाड देशों के विदेश मंत्रियों की चौथी बैठक में यूक्रेन संकट पर भी चर्चा की गई और अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने कहा कि यदि रूस पूर्वी यूरोपीय राष्ट्र के प्रति और आक्रामकता पर आगे बढ़ता है तो उसे व्यापक परिणामों का सामना करना पड़ेगा तथा वाशिंगटन इस मुद्दे को हल करने के लिए कूटनीति और बातचीत के दृष्टिकोण का अनुसरण कर रहा है। विदेश मंत्री एस. जयशंकर, अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन, जापान के विदेश मंत्री योशिमासा हयाशी और ऑस्ट्रेलियाई विदेश मंत्री मारिस पायने ने मेलबर्न में वार्ता की। वार्ता के बाद संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में पायने ने कहा कि क्वाड के विदेश मंत्रियों ने खुलेपन, राष्ट्रीय संप्रभुता की सुरक्षा, नियमों के पालन और निष्पक्षता के सिद्धांतों के समर्थन की पुष्टि की। इसे चीन को एक संदेश देने के तौर पर देखा जा रहा है। जयशंकर ने कहा कि वार्ता से स्पष्ट हो गया है कि क्वाड देशों के बीच प्रगाढ़ द्विपक्षीय संबंधों, उनके रणनीतिक समन्वय और साझा लोकतांत्रिक मूल्यों ने क्वाड को जीवंत और मजबूत समूह बना दिया है।

उन्होंने कहा, हम ऐसा एजेंडा बना रहे हैं, जो मुक्त, खुले और समावेशी हिंद-प्रशांत के साझा दृष्टिकोण को आगे बढ़ाने वाला हो। हम हिंद-प्रशांत में शांति, स्थिरता और आर्थिक समृद्धि बढ़ाने के लिए साथ मिलकर काम करने के इच्छुक हैं। जयशंकर ने बैठक में अपनी टिप्पणी में कहा, अग्रणी लोकतंत्रों के रूप में, हम क्षेत्रीय अखंडता और संप्रभुता, कानून के शासन, पारदर्शिता, अंतरराष्ट्रीय समुद्र में नौवहन की स्वतंत्रता और शांतिपूर्ण समाधान के सम्मान पर आधारित एक नियम-आधारित अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था बनाए रखने के अपने साझा दृष्टिकोण का अनुसरण करते हैं। उन्होंने कहा कि आतंकवाद, साइबर सुरक्षा, समुद्री सुरक्षा और दुष्प्रचार जैसे वैश्विक मुद्दों पर एक साथ काम करने की पर्याप्त गुंजाइश है और भारत हिंद-प्रशांत की दिशा में एक चुस्त और बहुआयामी रणनीति को (शेष पेज 9)



### क्वाड बीजिंग पर लगाम लगाने के लिए एक उपकरण की तरहः चीन

**भाषा।** बीजिंग

**चीन** ने शुक्रवार को कहा कि उसे आगे बढ़ने से रोकने के लिए क्वाड गठबंधन एक 'उपकरण' की तरह है और यह टकराव को तेज करने के लिए 'जानबूझकर उठाया गया कदम' है जो सफल नहीं होगा। क्वाड में भारत, ऑस्ट्रेलिया, अमेरिका और जापान शामिल हैं।

चीन का सामरिक रूप से महत्वपूर्ण हिंद-प्रशांत क्षेत्र में कई देशों के साथ क्षेत्रीय विवाद है और वह क्वाड गठबंधन का इसके गठन के समय से ही विरोध करता रहा है। क्वाड विदेश मंत्रियों के ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न में वार्ता शुरू करने संबंधी एक सवाल का जवाब देते हुए चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता झाओ लिजियन ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि चीन का मानना है कि क्वाड तंत्र केवल उसे नियंत्रित करने का एक उपकरण है। उन्होंने कहा कि यह टकराव को भड़काने और अंतरराष्ट्रीय एकजुटता और सहयोग को कमजोर करने के लिए जानबूझकर उठाया गया कदम है।

उन्होंने कहा कि मैं इस बात पर जोर देना चाहता हूं कि शीत युद्ध लंबा खींच गया है और चीन को रोकने के उद्देश्य से गठबंधन बनाने का कोई भी प्रयास सफल नहीं होगा। क्वाड विदेश मंत्रियों की बैठक के पहले, झाओ ने बुधवार को कहा था कि चीन विशेष गुट बनाने और टकराव को (शेष पेज 9)

हिजाब विवादः उच्चतम न्यायालय ने कहा

# सभी के संवैधानिक अधिकारों की रक्षा होगी, उचित समय पर सुनवाई

## ● सरकार स्कूलों को खोले, कक्षाओं में हिजाब और भगवा शॉल की अनुमति नहींः कर्नाटक उच्च न्यायालय

**भाषा।** नई दिल्ली/बेंगलुरु

**उच्चतम** न्यायालय ने शुक्रवार को कहा कि वह प्रत्एक नागरिक के संवैधानिक अधिकारों की रक्षा करेगा और कर्नाटक उच्च न्यायालय के उस निर्देश को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर उचित समय पर विचार करेगा, जिसमें विद्यार्थियों से शैक्षणिक संस्थानों में किसी प्रकार के धार्मिक कपड़े नहीं पहनने के लिए कहा गया है। न्यायालय ने इस मुद्दे को राष्ट्रीय स्तर पर नहीं फैलने पर भी जोर दिया।

प्रधान न्यायाधीश एन. वी. रमण, न्यायमूर्ति ए. एस. बोपन्ना और न्यायमूर्ति हिमा कोहली की एक पीठ को छात्रों की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता देवदत्त कामत ने बताया कि उच्च न्यायालय के आदेश ने संविधान के अनुच्छेद 25 के तहत धर्म का पालन करने के मौलिक अधिकार को निलंबित कर दिया है। उन्होंने याचिका सोमवार को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करने का अनुरोध भी किया। दूसरी ओर हिजाब पर रोक के खिलाफ दायर याचिकाओं पर सुनवाई कर रहे कर्नाटक उच्च न्यायालय ने राज्य सरकार से शिक्षण संस्थानों को पुनः खोलने के लिए कहा है, साथ ही विद्यार्थियों को भी कक्षा के भीतर भगवा शॉल, गमछा, हिजाब या किसी तरह का धार्मिक झंडा नहीं ले जाने को कहा है। मुख्य न्यायाधीश रितु राज अवस्थी की अध्यक्षता वाली (शेष पेज 9)




### समान नागरिक संहिता वक्त की जरूरतः सिंह

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**स्कूल** और कॉलेजों में 'हिजाब' को लेकर छिड़े विवाद के बीच केंद्रीय मंत्री और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता गिरिराज सिंह ने शुक्रवार को कहा कि समान नागरिक संहिता 'वक्त की जरूरत' है और इस पर समाज और संसद दोनों में चर्चा होनी चाहिए। गिरिराज सिंह ने संवाददाताओं से बातचीत में हिजाब पहनने को लेकर हो रहे विवाद को देश के माहौल को खराब करने के उद्देश्य से परेशान करने वाला चलन करार दिया। उन्होंने कहा कि कुछ वोट के सौदागर हैं, जो अपने राजनीतिक फायदे के लिए स्कूलों में हिजाब पहनने जैसी अतार्किक मांग का समर्थन कर रहे हैं। ऐसे लोग वोटों के लिए निर्दोष बच्चियों के जीवन के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। मेरा मानना है कि समान नागरिक संहिता वक्त की जरूरत है और इसके बारे में सड़क से लेकर संसद तक चर्चा की जानी चाहिए।

# बवाना में कई फ्लैट ढहे बच्ची समेत चार की मौत



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**हरियाणा** के गुरुग्राम में गुरुवार को हुए हादसे के बाद अब राष्ट्रीय राजधानी के बवाना इलाके में बने कई फ्लैट भरभरा कर ढह गए। हादसे के बाद वहां अफरा-तफरी मच गई। इस दुर्घटना में नौ साल की बच्ची समेत चार लोगों की मौत हो गई, जबकि मलबे में दबी दो महिलाओं को तुरंत बाहर निकालकर पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनकी हालत पहले से बेहतर है। इससे पहले गुरुग्राम में रिहायशी इमारत का एक हिस्सा गिरने से दो लोगों की मौत हो गई थी। पुलिस के अनुसार, मरने वालों की पहचान रुकैया खातून, शहजाद, अफरीना (9 साल) और दानिश के रूप में की गयी है । घटना की जानकारी दमकल विभाग के अधिकारियों (शेष पेज 9)

### ● एक दिन पहले गुरुग्राम में रिहायशी इमारत का हिस्सा गिरने से गई दो लोगों की जान

### अधिकतर फ्लैट वीरान और जर्जर

**राजधानी** में झुग्गी वालों को पक्का मकान देने के लिए वर्ष 2008 में बाहरी दिल्ली के बवाना औद्योगिक क्षेत्र के समीप हजारों की संख्या में फ्लैट बनाए गए हैं जिनमें अधिकतर वीरान पड़े है। इनकी देखरेख भी नहीं हो रही है। इस कारण ये फ्लैट जर्जर हो गए इस कारण बिल्डिंग गिरने से हादसा हुआ है। यहां कुछ फ्लैटों में लोग रह रहे है, मगर वह अनेक समस्याओं को सामना कर रहे है। यहां पर कुछ फ्लैट फैक्ट्री में काम करने वाले कर्मचारियों को दिए गए। वह भी यहां नहीं रह रहे है, उन्होंने अपने फ्लैट किराए पर दे रखे है। इस (शेष पेज 9)

# दो सड़क हादसों में गई पांच की जान, बीस लोग घायल



## ● कनावनी नहर में कार गिरने से तीन युवक डूबे दूसरे हादसे में एनएच-9 पर बस कैंटर से भिड़ी

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

**दो** अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में पांच लोगों मौत हो गई। पहला हादसा गाजियाबाद के इंदिरापुरम में कनावनी पुलिया पर गुरुवार देर रात एक कार नहर में गिरने से हुआ, जिसमें शादी समारोह से लौट रहे कार सवार तीन युवकों की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, खोड़ा इलाके के दीपक विहार निवासी ललित, देबू और सोनू स्कोडा कार से गुरुवार रात करीब एक बजे इंदिरापुरम के मॉल में शादी में शामिल होकर वापस घर जा रहे थे। तेज रफ्तार के कारण उनकी कार ने कनावनी पुलिया के पास संतुलन खो दिया और नहर में जा गिरी। मौके पर पहुंची पुलिस ने तत्काल क्रेन से कार को नहर से निकाला, लेकिन तब तक नहर के पानी में डूबने से तीनों युवकों की (शेष पेज 9)

# बजट लाएगा आर्थिक स्थिरता विकास को देगा गतिः निर्मला

## ● वित्तमंत्री ने कहा- जीडीपी वृद्धि दर 9.2% रहने का अनुमान

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**देश** कोरोना महामारी के खराब दौर से उबर चुका है। एक बार फिर आर्थिक रूप से भारत ने वापसी की है। वहीं अगले वित्त वर्ष का बजट आर्थिक स्थिरता और विकास को सुनिश्चित करने वाला है। यह बात वित्त मंत्री सीतारमण ने राज्यसभा में 2022-23 के बजट पर चली चर्चा के दौरान कही। वित्तमंत्री ने कहा कि देश में कोरोना महामारी के बाद भी महंगाई दर 6.2 प्रतिशत तक रोक ली गई।

वहीं अर्थव्यवस्था में नरमी या मंदी का सवाल ही नहीं है क्योंकि चालू वित्त वर्ष 2021-22 में जीडीपी वृद्धि दर 9.2 प्रतिशत रहने का अनुमान है। देश में महंगाई को लेकर विपक्ष के आरोपों पर उन्होंने कहा कि कोविड-19 महामारी के दौरान भारतीय अर्थव्यवस्था में आई 9.57 लाख करोड़ रुपये की भारी गिरावट के बावजूद खुदरा मुद्रास्फीति 6.0 प्रतिशत से थोड़ी ही अधिक रही। महंगाई दर का यह आंकड़ा 2008-09 के वैश्विक वित्तीय संकट के समय की मुद्रास्फीति से कहीं कम है जबकि उस समय उतना प्रतिकूल आर्थिक प्रभाव भी नहीं पड़ा था।

अर्थव्यवस्था के 'ट्रेडमिल' पर दौड़ने के आरोप पर उन्होंने कहा कि अर्थव्यवस्था का आकार सात साल पहले के 110 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर 232 लाख करोड़ रुपये हो गया है। उन्होंने कहा कि यह बजट आर्थिक वृद्धि को बढ़ावा देने के साथ अर्थव्यवस्था में निरंतरता तथा कराधान के मामले में भरोसा लाने के लिए है। निजीकरण के संदर्भ से जुड़ी आलोचना का जवाब देते हुए सीतारमण ने (शेष पेज 9)

### क्रिप्टोकरेंसी को अभी मान्यता नहीं

**वित्तमंत्री** निर्मला सीतारमण ने बजट पर राज्यसभा में हुई चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि क्रिप्टोकरेंसीज पर टैक्स लगाने का यह बिलकुल मतलब नहीं है कि देश में उसे मान्यता दे दी गई है। क्रिप्टोकरेंसी पर टैक्स का हक सरकार को है। उन्होंने आगे कहा कि अभी मैं इसे मान्यता नहीं दे रही हूं और न ही इसे बैन कर रही हूं। इस पर बाद में फैसला होगा जब इस पर सुझाव आ जाएंगे। सीतारमण ने बजट पर अपने भाषण में क्रिप्टोकरेंसी पर कांग्रेस सदस्य छाया वर्मा द्वारा उठाए गए सवालों का जवाब देते हुए यह बात कही। वर्मा ने क्रिप्टोकरेंसी पर कर लगाने की वैधता के बारे में पूछा था।

### बाजार

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 58,152 | ↓ | 773 | |
| निफ्टी | 17,374 | ↓ | 231 | |
| सोना | 48,669 | ↑ | 22 | /10g |
| चांदी | 62,214 | ↑ | 626 | /kg |

### क्विक न्यूज

#### जम्मू-कश्मीर में आतंकवादी हमले में पुलिसकर्मी शहीद

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के बांदीपुरा जिले मे शुक्रवार को एक आतंकवादी हमले मे एक पुलिसकर्मी शहीद हो गया और चार अन्य सुरक्षाकर्मी घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। उन्होने कहा कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि आतंकवादियो ने उत्तरी कश्मीर मे जिले के निशात पार्क के पास एक नाका (गश्ती) दल पर ग्रेनेड फेंका, जिससे पांच सुरक्षाकर्मी घायल हो गए। एक पुलिस प्रवक्ता ने कहा कि घायल कर्मियो को अस्पताल ले जाया गया, लेकिन उनमे से एक की मृत्यु हो गई। उन्होने कहा कि अन्य घायल कर्मियो की हालत स्थिर है। प्रवक्ता ने बताया, शाम लगभग पांच बजे, बांदीपुरा मे आतंकवादियो ने पुलिस और सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के संयुक्त दल पर एक ग्रेनेड फेंका, जिसमे एक पुलिस कर्मी शहीद हो गया और चार अन्य पुलिसकर्मी घायल हो गए।

# गोवा में पूर्ण बहुमत से बनेगी कांग्रेस की सरकारः राहुल गांधी

**भाषा।** पणजी

**कांग्रेस** के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर पर्यावरण और रोजगार जैसे वास्तविक मुद्दों से गोवा के लोगों का ध्यान भटकाने का शुक्रवार को आरोप लगाया। राहुल गांधी ने दावा किया कि गोवा में कांग्रेस को पूर्ण बहुमत मिलेगा और किसी से गठबंधन का सवाल ही नहीं उठेगा और गोवा में हमारी सरकार बनाने के लिए तुरंत कदम उठाया जाएगा।

गांधी ने प्रधानमंत्री मोदी के उस बयान की आलोचना की, जिसमें उन्होंने कहा था कि अगर तत्कालीन प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू चाहते तो गोवा को 1947 में कुछ ही घंटों के भीतर आजाद कराया जा सकता था। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री उस समय की स्थिति और द्वितीय विश्व युद्ध के बाद क्या हो रहा था, इसे नहीं समझते हैं। गांधी ने मडगांव में संवाददाता सम्मेलन में कहा, मोदी गोवा इसलिए आए हैं क्योंकि वे रोजगार, पर्यावरण जैसे वास्तविक मुद्दों से गोवा का ध्यान भटकाना चाहते हैं... क्या उन्होंने पर्यावरण और रोजगार के बारे में कुछ कहा? भाजपा के घोषणापत्र में पर्यावरण के बारे में एक शब्द भी नहीं है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री को गोवावासियों को बताना चाहिए कि उन्होंने राज्य में रोजगार पैदा करने और पर्यटन उद्योग और पर्यावरण के लिए क्या किया है। मोदी ने 14 फरवरी को होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले यहां के (शेष पेज 9)



### लापता युवती का शव सपा नेता के आश्रम के पास मिला

**उन्नाव।** जिले में शहर कोतवाली क्षेत्र से पिछले दो माह से लापता एक युवती का शव समाजवादी पार्टी (सपा) सरकार में दर्जा प्राप्त मंत्री रहे फतेह बहादुर सिंह द्वारा बनवाए गए आश्रम के पास खाली जमीन से बरामद किया गया है। पुलिस के एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। मामले का मुख्य आरोपी रजोल सिंह सपा नेता फतेह बहादुर का बेटा है।

अधिकारी ने बताया कि पोस्टमार्टम की कार्वाई की जा रही है। अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी) शशि शेखर सिंह ने बताया कि युवती के लापता होने के बाद चार फरवरी को पुलिस ने एक आरोपी रजोल सिंह को हिरासत में लेकर पूछताछ की थी। बाद में विशेष अभियान समूह (एसओजी) की टीम ने इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस की मदद से मिली जानकारी के आधार पर और आरोपी के एक साथी की निशानदेही पर आश्रम के पास की जमीन से बृहस्पतिवार को युवती का (शेष पेज 9)

# बिना निरीक्षण 18 हजार किमी. दौड़ायी ट्रेन, नतीजा हादसा

## ● पिछले माह पश्चिम बंगाल में हुए ट्रेन दुर्घटना में सामने आई रेलवे की बड़ी लापरवाही व अनियमितता

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**पश्चिम** बंगाल के जलपाईगुड़ी में 13 जनवरी को पटरी से उतरी बीकानेर-गुवाहाटी एक्सप्रेस के मामले में रेलवे की बड़ी लापरवाही सामने आई है। हादसे का शिकार ट्रेन का इंजन यात्रा संबंधी जरूरी निरीक्षण के बिना करीब 18 हजार किलोमीटर तक चल चुका था, जबकि हर 4,500 किलोमीटर पर इस तरह की जांच की जरूरत होती है। प्रारंभिक जांच से यह जानकारी मिली है।

रेलवे सुरक्षा आयोग ने पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे के महाप्रबंधक को लिखे एक पत्र में रेल नेटवर्क पर फर्जी निरीक्षण पर भी सवाल उठाए हैं। इसमें कहा गया है कि इंजन का छह दिसंबर 2021 को पिछली बार यात्रा संबंधी निरीक्षण किया गया था। पत्र में कहा गया है कि तब से यह लगातार चल रहा था और 13 जनवरी को ट्रेन नंबर 15633 अप की यात्रा के समय इंजन के पटरी से उतरने से पहले लगभग 18 हजार किमी की दूरी तय की जा चुकी थी। पत्र में कहा गया कि निर्धारित निरीक्षण कार्यक्रम के अनुसार वैप 4 लोकोमोटिव को प्रत्येक 4,500 किलोमीटर पर यात्रा निरीक्षण से गुजरना होता है, लेकिन ऐसा नहीं किया गया था। यात्रा संबंधी निरीक्षण एक महत्वपूर्ण सुरक्षा जांच है जिसमें सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए एक प्रशिक्षित रेलवे अधिकारी द्वारा लोकोमोटिव के उपकरणों को जांचा जाता है। रेलवे सुरक्षा आयोग के पत्र में कहा गया है, यह उम्मीद की जाती है कि रेलवे ने एक निगरानी प्रणाली को संस्थागत रूप दिया है ताकि यह प्रक्रिया समय पर की जाए। पत्र में कहा गया कि जांच के दौरान प्रस्तुत किए गए दस्तावेजों से यह पता चला कि पूर्व मध्य रेलवे के समस्तीपुर मंडल द्वारा जारी किए गए एक लोको लिंक में, एनसीबी (न्यू कूचबिहार) और एएफ (आगरा किला) में यात्रा निरीक्षण से गुजरने के लिए इलेक्ट्रिक इंजन आवंटित किए गए हैं।

इन दोनों स्थानों पर यात्रा संबंधी निरीक्षण की कोई सुविधा नहीं है। इस तरह की मिथ्या जांच कैसे हो सकती है, यह रेलवे की जांच का विषय है। रेलवे सुरक्षा आयोग ने सिफारिश की है कि रेलवे यह सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कदम उठाए कि प्रत्येक लोकोमोटिव के लिए यात्रा निरीक्षण की निगरानी की जाए। आयोग ने कहा है कि यह सुनिश्चित करना रेलवे की जिम्मेदारी होगी कि एक इंजन समय पर यात्रा निरीक्षण सहित सभी निर्धारित प्रक्रिया से गुजरे। आयोग ने कहा कि लोको लिंक की जांच करने और जहां भी आवश्यक हो जरूरी सुधारात्मक कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए रेलवे के सुरक्षा संगठन का मसौदा तैयार किया जाना चाहिए। हादसे की अंतिम रिपोर्ट अभी नहीं आई है। इंजन के पटरी से उतरने के कारण नौ लोगों की मौत हो गई थी।


फाइल चित्र

# गौतमबुद्धनगर में कोरोना के कारण लागू पाबंदियां खत्म

## जिलाधिकारी ने की घोषणा, कोविड प्रोटोकॉल का लोगों को करना पड़ेगा सख्ती से पालन

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा




गौतमबुद्धनगर के निवासियों के लिए अच्छी खबर है। कोरोना वायरस संक्रमण के कारण जिले में लागू की गईं पाबंदियां खत्म कर दी गई हैं। जिलाधिकारी सुहास एलवाई ने शुक्रवार को यह घोषणा की। डीएम ने बताया कि अब जिले में संक्रमित सक्रिय मरीजों की संख्या 1,000 से कम हो गई है।

लिहाजा, राज्य सरकार के आदेश का पालन करते हुए पाबंदियां हटा ली गई हैं। अब रेस्टोरेंट, जिम और सिनेमा हॉल आदि नियमित रूप से खोले जा सकते हैं। हालांकि लोगों को सामान्य कोविड-19 प्रोटोकॉल का पालन करना पड़ेगा।

करीब एक महीने पहले गौतमबुद्धनगर समेत पूरे उत्तर प्रदेश में यकायक कोरोना संक्रमित मरीजों की संख्या बढ़ गई थी। महामारी की रोकथाम करने के लिए राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने पूरे प्रदेश को महामारी की चपेट में घोषित कर दिया था। राज्य सरकार ने नियम बनाया कि जिन जिलों में 1,000 से ज्यादा सक्रिय मरीज होंगे, वहां प्रतिबंध स्वत: लागू माने जाएंगे। गौतमबुद्धनगर में करीब एक महीने पहले सक्रिय मरीजों की संख्या ढाई हजार से ज्यादा हो गई थी।

हालात संभालने के लिए गौतमबुद्धनगर जिला प्रशासन ने जिम, क्लब, होटल, रेस्टोरेंट, स्विमिंग पूल और स्टेडियम बंद कर दिए थे। रात में कर्फ्यू लागू कर दिया गया था। बिना वजह घर से बाहर निकलने पर पाबंदी थी। शादी-ब्याह के लिए भी अनुमति लेकर आयोजन किए जा रहे थे। धार्मिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक कार्यक्रमों में भीड़ पर प्रतिबंध लगाया गया था। बिना अनुमति धरने-प्रदर्शन का आयोजन नहीं किया जा सकता था। अब इस तरह की कड़ी पाबंदियां खत्म हो गई हैं



### जनपद में कोरोना रिपोर्ट

गौतमबुद्धनगर के जिला निगरानी अधिकारी ने बताया कि जनपद में इस समय कोरोना संक्रमण से एक्टिव मामलों की संख्या 1,000 से कम हो गई है। कोरोना संक्रमण की तीसरी लहर में नोएडा और ग्रेटर नोएडा में 20 मरीजों की मौत हो चुकी हैं। हालांकि, अभी तक कोरोनावायरस ने पूरे जनपद में 488 मरीजों की मौत कोरोना संक्रमण के इलाज के दौरान हुई है। कोरोना संक्रमण की तीसरी लहर में मौत के आंकड़े काफी कम है। अभी तक जनपद में 94 हजार से ज्यादा मरीज कोरोना संक्रमण से ठीक हो गए हैं। इनमें से काफी लोगों ने दूसरे मरीजों के लिए अपना प्लाजमा भी डोनेट किया है।

लेकिन सभी लोगों को सामान्य कोविड-19 प्रोटोकॉल का पालन करना होगा।

सार्वजनिक और भीड़ भरे क्षेत्रों में जाने से बचना होगा। अगर जाना जरूरी है तो 2 गज की दूरी बनाकर रखनी होगी। घर से बाहर निकलते वक्त मास्क लगाना अनिवार्य होगा। सिनेमा हॉल, होटल, रेस्टोरेंट और जिम 50 प्रतिशत क्षमता के साथ संचालित किए जाएंगे। इन नियमों का पालन करवाने के लिए पुलिस और स्वास्थ्य विभाग नियमित रूप से पर्यवेक्षण करेंगे। उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्यवाही की जा सकती है।

# गाजियाबाद में संक्रमण के 63 नए केस मिले

**गाजियाबाद।** मतदान के अगले ही दिन जिले में कोरोना के केस कम हो गए हैं। हालांकि स्वास्थ्य विभाग यह भी मानकर चल रहा है कि दो-तीन दिन में केसों में वृद्धि हो सकती है, जिसके लिए विभाग तैयार है।

सीएमओ डॉ भवतोष शंखधार का कहना है कि केस बढ़ने पर जांच बढ़ा दी जाएगी, ताकि संक्रमण दोबारा पैर न पसार सके। शुक्रवार को 24 घंटे में 3,578 लोगों की जांच रिपोर्ट आने पर कोरोना के 63 नए केस मिले हैं और 98 संक्रमित ठीक हुए हैं। एक मरीज अस्पताल में इलाज के बाद ठीक हुआ है।

24 घंटे में दर्ज की गई संक्रमण दर 1.45 प्रतिशत है। फरवरी में अब तक 77,121 लोगों की जांच के सापेक्ष मिले 1,195 संक्रमितों के आधार पर संक्रमण दर 1.55 प्रतिशत है। स्वस्थ दर 98.81 प्रतिशत है। कोरोना के सक्रिय केस 524 हैं।

# नए सत्र से ऑनर्स कोर्स के छात्रों को हॉस्टल से मिल सकेगी छूट

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

गौतमबुद्ध विश्वविद्यालय में अब जल्द ही ऑनर्स या प्रैक्टिकल वाले कोर्स नहीं करने वाले विद्यार्थियों को हॉस्टल से छूट मिल सकती है। शासन से अनुमति लेने के बाद जीबीयू के कुलपति प्रोफेसर रविंद्र कुमार सिन्हा जल्द ही इसे लेकर नए दिशा-निर्देश जारी कर सकते हैं। हॉस्टल से छूट मिलने पर विद्यार्थियों को जहां हॉस्टल फीस से छुटकारा मिल सकता है, वहीं, स्थानीय विद्यार्थी अपने घरों में रहकर भी पढ़ाई कर सकेंगे।

रेजिडेंशियल यूनिवर्सिटी होने के चलते गौतमबुद्ध विश्वविद्यालय में हॉस्टल में रहकर पढ़ाई करना अनिवार्य है। जिले में बड़ी संख्या में ऑनर्स का कोर्स लेकर पढ़ाई करना चाह रहे विद्यार्थी हॉस्टल अनिवार्य होने के चलते यहां दाखिला लेने से



बचते हैं। वहीं, हॉस्टल फीस भी महंगी पड़ती है। पिछले एक-दो वर्षों में इसके बारे में विवि प्रशासन ने विचार किया लेकिन कोई हल नहीं निकला। अभी हाल ही में नया पदभार ग्रहण करने वाले कुलपति प्रोफेसर रविंद्र कुमार सिन्हा ने इसके लिए जल्द ही प्रयास करने के लिए कहा है। उन्होंने बताया कि प्रयास किया जाएगा कि बीए, बीकॉम, बीएससी, एमए, एमकॉम समेत अन्य ऑनर्स कोर्स और बिना प्रैक्टिकल के कोर्स करने वाले विद्यार्थियों को हॉस्टल से छूट मिल सके।


**INDIABULLS RURAL FINANCE PRIVATE LIMITED**
(CIN :U74140MH1993PTC074596)

**Extract of the unaudited financial results for the quarter and nine months ended 31 December 2021**

(Rs. in crores)

| Particulars | 3 months ended 31 Dec. 2021 | 3 months ended 30 Sept. 2021 | 9 months ended 31 Dec. 2021 | 9 months ended 31 Dec. 2020 | Previous year ended 31 March 2021 |
|---|---|---|---|---|---|
| | Unaudited | Unaudited | Unaudited | Unaudited | Audited |
| Total income from operations | 5.15 | 5.31 | 16.06 | 31.40 | 35.49 |
| Net profit for the period (before tax, exceptional and extraordinary items) | 1.35 | 1.85 | 5.17 | 15.46 | 15.55 |
| Net profit for the period before tax (after exceptional and/ or extraordinary items) | 1.35 | 1.85 | 5.17 | 15.46 | 15.55 |
| Net profit for the period after tax(after exceptional and/ or extraordinary items) | 1.02 | 1.19 | 3.69 | 11.73 | 11.82 |
| Total comprehensive income for the period [Comprising profit for the period (after tax) and other comprehensive income (after tax)] | 1.02 | 1.18 | 3.70 | 11.81 | 11.97 |
| Paid-up equity share capital | 41.80 | 41.80 | 41.80 | 41.80 | 41.80 |
| Reserves (excluding revaluation reserve) | 22.99 | 21.98 | 22.99 | 19.14 | 19.30 |
| Securities Premium Account | 74.83 | 74.83 | 74.83 | 74.83 | 74.83 |
| Net worth | 139.62 | 138.61 | 139.62 | 135.76 | 135.93 |
| Outstanding debt | 49.70 | 49.65 | 49.70 | 49.43 | 49.56 |
| Debt equity ratio | 0.36 | 0.36 | 0.36 | 0.36 | 0.36 |
| Earnings per share before extraordinary items (Face Value of Rs. 10 per Equity Share) (EPS for the quarter and nine months are not annualised)* | | | | | |
| -Basic (Rs) | 0.24* | 0.28* | 0.88* | 2.81* | 2.83 |
| -Diluted (Rs) | 0.24* | 0.28* | 0.88* | 2.81* | 2.83 |

**Note to the financial results:**

1) The above results have been reviewed by the Audit Committee and subsequently approved at the meeting of the Board of Directors held on 11 February 2022.

2) The above presentation is an extract of the detailed format of quarterly, nine months ended / annual financial results filed with the Stock Exchanges under Regulation 52 of the SEBI (Listing and other disclosure requirements) regulations, 2015. The full format of the quarterly, nine months ended / annual financial results are available on the company's website (http://indiabullsruralfinance.com) and on the website of BSE (http://www.bseindia.com).

**Registered Office : One International Center, Tower – 1, 4th Floor, S. B. Marg, Elphinstone(W), Mumbai, 400013**

**For and on behalf of Board of Directors**

**Place : Gurugram**
**Date : 11 February 2022**

**Vijay Kumar Agrawal**
**Whole Time Director**



**TECHNOFAB ENGINEERING LIMITED**

**Regd. Office: 913, Hemkunt Chambers, 89 Nehru Place, New Delhi - 110 019, CIN : L74210DL1971PLC005712**
**Tel : +91-11-2641-1931 / 2641-5961**

**EXTRACT OF UNAUDITED FINANCIAL RESULTS FOR THE NINE MONTHS AND QUARTER ENDED 31ST DECEMBER 2021**

| Sr. No. | Particulars | STANDALONE (Rs.in Lacs except shares and EPS) | | | | CONSOLIDATED (Rs.in Lacs except shares and EPS) | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | Quarter Ended 31-12-2021 (Unaudited) | Nine Month Ended 31-12-2021 (Unaudited) | Quarter Ended 31-12-2020 (Unaudited) | Year Ended 31.03.2021 (Audited) | Quarter Ended 31-12-2021 (Unaudited) | Nine Month Ended 31-12-2021 (Unaudited) | Quarter Ended 31-12-2020 (Unaudited) | Year Ended 31.03.2021 (Audited) |
| 1. | Total Income from Operations | 4,219.75 | 7,033.48 | 1,245.64 | 2,662.90 | 4,219.75 | 7,033.48 | 1,245.64 | 2,662.90 |
| 2. | Net Profit / (Loss) for the period (Before Tax and Exceptional items) | (894.51) | (2,172.79) | (3,631.05) | (8,428.90) | (894.65) | (2,172.90) | (3,587.67) | (8,403.83) |
| 3. | Net Profit / (Loss) for the period (Before tax) | (4,126.37) | (5,404.65) | (3,631.05) | (12,800.31) | (4,126.51) | (5,404.76) | (3,587.67) | (12,775.23) |
| 4. | Net Profit / (Loss) for the period After Tax (after Exceptional and/or Extraordinary items) | (4,126.37) | (5,404.65) | (3,631.05) | (12,800.31) | (4,126.51) | (5,405.54) | (3,587.67) | (12,785.21) |
| 5. | Net profit for the period | (4,126.37) | (5,404.65) | (3,631.05) | (12,800.31) | (4,126.51) | (5,405.54) | (3,587.67) | (12,785.21) |
| 6. | Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit / (Loss) for the period (After Tax) and other Comprehensive Income (After Tax)] | 0.39 | 0.89 | (2.08) | 5.88 | 0.39 | 0.89 | (2.08) | 5.88 |
| 7. | Paid-up equity share capital (10,490,000 Equity Shares of Rs. 10/- each.) | 1,049.00 | 1,049.00 | 1,049.00 | 1,049.00 | 1,049.00 | 1,049.00 | 1,049.00 | 1,049.00 |
| 8. | Reserves (Excluding Revaluation Reserve) as shown in the Balance Sheet | | | | (13,275.79) | | | | (12,007.31) |
| 9. | Earnings Per Share (EPS) (before extraordinary items) (of Rs. 10/- each) Basic: | (39.34) | (51.52) | (34.61) | (122.02) | (39.34) | (51.53) | (34.20) | (121.88) |
| | Diluted: | (39.34) | (51.52) | (34.61) | (122.02) | (39.34) | (51.53) | (34.20) | (121.88) |

**NOTE:- 1.** The above is an extract of the detailed format of Quarterly / Annual Financial Results filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligation and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the Quarterly / Annual Financial Results is available on the Stock Exchanges websites i.e. (www.bseindia.com) and (www.nseindia.com) and also available on the Company's Website www.technofabengineering.com.

**2.** The above unaudited results duly reviewed by the Audit Committee have been approved by the Board of Directors at their meeting held on **11th February, 2022** and the Auditors have performed limited review.

For and on behalf of the Board of Directors of **Technofab Engineering Limited**
Sd/-
**Arjun Gupta** (Chairman & Managing Director)
DIN-00012092

**Date:** 11/02/2022
**Place:** Faridabad



**कामा होल्डिंग्स लिमिटेड**

KAMA Holdings

सीआईएन : एल92199डीएल2000पीएलसी104779
पंजीकृत कार्यालय : दि गैलेरिया, डीएलएफ मयूर विहार, यूनिट नंबर 236 एवं 237, द्वितीय तल, मयूर प्लेस, नोएडा लिंक रोड, मयूर विहार फेज-1 एक्सटेंशन, दिल्ली-110091
कार्पोरेट कार्यालय : ब्लॉक सी, सेक्टर-45, गुरूग्राम-122003, फोन नंबर : (+91-11) 49482870, फैक्स : (+91-11) 49482900

**31 दिसम्बर, 2021 को समाप्त तिमाही और नौ माह हेतु अलेखापरीक्षित पृथक्कृत और समेकित वित्तीय परिणाम**

(रू. लाख में)

| क्र. सं. | विवरण | पृथक्कृत | | | | समेकित | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | तिमाही समाप्त | | नौ माह समाप्त | | तिमाही समाप्त | | नौ माह समाप्त | |
| | | 31 दिस. 21 | 31 दिस. 20 | 31 दिस. 21 | 31 दिस. 20 | 31 दिस. 21 | 31 दिस. 20 | 31 दिस. 21 | 31 दिस. 20 |
| | | (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) | (8) |
| | | (अलेखापरीक्षित) | (अलेखापरीक्षित) | (अलेखापरीक्षित) | (अलेखापरीक्षित) | (अलेखापरीक्षित) | (अलेखापरीक्षित) | (अलेखापरीक्षित) | (अलेखापरीक्षित) |
| 1 | परिचालन से कुल आय | 0.11 | 0.07 | 3606.18 | 1502.69 | 336097.01 | 216512.25 | 893876.36 | 584445.14 |
| 2 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि), कर से पहले (बंद प्रचालनों सहित) | (42.84) | (45.64) | 3466.24 | 1351.23 | 73317.57 | 44295.31 | 180545.80 | 110369.92 |
| 3 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि), कर पश्चात (बंद प्रचालनों सहित)' | (42.58) | (45.64) | 3466.67 | 1179.23 | 50665.02 | 32443.26 | 128620.51 | 81606.00 |
| 4 | अवधि हेतु कुल व्यापक आय (जिसमें अवधि हेतु लाभ/(हानि) (कर पश्चात) तथा अन्य व्यापक आय (कर पश्चात) सम्मिलित है) | (42.44) | (45.67) | 3466.65 | 1178.70 | 55062.20 | 40758.02 | 133785.33 | 98088.83 |
| 5 | प्रदत्त इक्विटी शेयर पूंजी | 645.26 | 645.26 | 645.26 | 645.26 | 645.26 | 645.26 | 645.26 | 645.26 |
| 6 | प्रति शेयर अर्जन (रू. 10/- प्रत्येक का) (जारी तथा बंद प्रचालनों हेतु) - | | | | | | | | |
| | (क) मूल : | (0.66) | (0.71) | 53.73 | 18.28 | 399.82 | 242.42 | 1012.58 | 640.72 |
| | (ख) तनुकृत : | (0.66) | (0.71) | 53.73 | 18.28 | 399.82 | 242.42 | 1012.58 | 640.72 |

नोट : उपरोक्त विवरण सेबी (सूचीयन और अन्य प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियमावली, 2015 के विनियम 33 के तहत स्टॉक एक्सचेन्जेज में प्रस्तुत किए गए तिमाही/वार्षिक वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का संक्षिप्त विवरण है। तिमाही/वार्षिक वित्तीय परिणामों का पूर्ण विवरण बॉम्बे स्टॉक एक्सचेन्ज की वेबसाइट (www.bseindia.com) तथा कम्पनी की वेबसाइट (www.kamaholdings.com) पर उपलब्ध है।

कृते एवं हिते बोर्ड
एकता माहेश्वरी
पूर्ण-कालिक निदेशक, सीएफओ एवं कम्पनी सचिव
(डीआईएन : 02071432)

स्थान : गुरूग्राम
तिथि : 11 फरवरी, 2022


# पुरानी रंजिश में पड़ोसी ने युवक को मारी गोली, मौत

- गंभीर रूप से जख्मी दूसरे शख्स को अस्पताल में कराया भर्ती

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

पिलखुवा थाना क्षेत्र के मोहल्ला रामपुरा में पुरानी रंजिश के चलते बृहस्पतिवार देर रात दबंगों ने दो लोगों को गोली मार दी, जिसमें से एक की मौत हो गई। जबकि दूसरे को गंभीर हालत में हायर सेंटर रेफर किया गया है। आरोपी मृतक का पड़ोसी है। घटना के बाद एएसपी ने मौके पर पहुंचकर मामले की जानकारी की और आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी के आदेश दिए।

मोहल्ला रमपुरा निवासी 35 वर्षीय अरुण कुमार मजदूरी करता था। बताया जाता है कि करीब डेढ़ वर्ष पहले अरुण ने बेटी के जन्मदिन पर डीजे लगाया था, जिसको लेकर पड़ोसियों से विवाद हो गया था।

गत सप्ताह पूर्व मोहल्ले के लोगों और रिश्तेदारों ने मिलकर दोनों पक्षों में समझौता कर दिया था। लेकिन आरोपी अरुण से रंजिश मानते थे। परिजनों ने बताया कि बृहस्पतिवार को अरुण घर के बाहर खड़ा था। तभी आरोपियों ने मौका पाकर गोली चला दी। गोली अरुण के सिर और मोहल्ला शुक्लान निवासी बंटी के गले में लगी। दोनों को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां पर चिकित्सकों ने अरुण को मृत घोषित कर दिया जबकि बंटी को हायर सेंटर रेफर कर भेजा गया है।

गोली लगने की सूचना पर एएसपी मौके पर पहुंचे तथा आरोपियों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी के आदेश दिए। सीओ पिलखुवा डा तेजवीर सिंह ने बताया कि गोली पुरानी रंजिश के चलते चलाई गई है, जिसमें अरुण की मौत हो गई और बंटी घायल हो गया।

# ग्रेनो में बसपा नेता के बेटे की जंगल में मिली लाश

- मृतक के सिर पर मिले चोट के निशान जांच कर रही पुलिस

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

ग्रेटर नोएडा में दिनदहाड़े एक युवक की हत्या कर दी गई है। बहुजन समाज पार्टी के नेता हरगोविंद सिंह भाटी के बेटे राहुल का शव ग्रेटर नोएडा के बाहर जंगल में पड़ा मिला। मृतक के सिर में चोट के निशान बताए जा रहे हैं। हत्यारे शव को जुनपत गांव के पास जंगल में फेंककर फरार हो गए।

परिवार ने पुलिस को बताया कि राहुल सुबह 10 बजे घर के काम से मोटरसाइकिल से गया था। हत्या से इलाके में सनसनी फैल गई है। मौके पर भारी पुलिस फोर्स को भेजा गया है। घटना सूरजपुर कोतवाली क्षेत्र की है। पुलिस को लावारिस हालत में दादरी फाटक के पास राहुल की मोटरसाइकिल पड़ी मिली है।

गौतमबुद्ध नगर पुलिस कमिश्नरेट के प्रवक्ता पंकज कुमार ने बताया कि पुलिस टीम को इस बात की जानकारी आसपास से गुजर रहे लोगों ने दी थी। घटना की सूचना मिलने के बाद डायल 112 और सूरजपुर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने चारों तरफ से घेराबंदी करके जांच शुरू की। कुछ लोगों से पूछताछ भी की गई, लेकिन अभी तक कोई भी अहम जानकारी पुलिस को हाथ नहीं लगी है।

प्रवक्ता ने बताया कि मृतक राहुल के शव को पुलिस ने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। घटनास्थल सूरजपुर कोतवाली के दायरे में है। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस छानबीन में जुट गई है। आसपास से गुजर रहे लोगों से पूछताछ की गई है। अभी मामले को लेकर परिजनों की ओर से केस दर्ज नहीं करवाया गया है।

# तेज धूप कराने लगी गरमी का अहसास, हवा भी साफ

## नोएडा का एयर क्वालिटी इंडेक्स 143 और ग्रेटर नोएडा का 130 हुआ दर्ज

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

जनपद में अचानक मौसम ने करवट ले ली है। दिनभर तेज धूप से लोग गर्मी का एहसास कर रहे हैं। जिले में अधिकतम तापमान 20 डिग्री सेल्सियस से ऊपर है तो वहीं तेज हवा से प्रदूषण के स्तर में भी काफी कमी आई है। दिन में तेज धूप के कारण लोग गर्म कपड़े पहनने से भी अब बचने लगे हैं। वहीं आने वाले दिनों में तापमान में तीन से चार डिग्री तक इजाफा होने की उम्मीद है।

शुक्रवार को नोएडा का एक्यूआई 143 और ग्रेटर नोएडा का 130 दर्ज हुआ। 13 से 16 किमी प्रति घंटा की गति से चल रही हवा के कारण पिछले कई दिनों से आबोहवा साफ है। बुधवार की सुबह हल्की बूंदाबंदी होने से मौसम बदल गया था। लोगों समझ रहे थे कि एक बार फिर उन्हें कड़ाके की ठंड का सामना करना पड़ेगा। लेकिन शहर में मौसम का मिजाज उनके अनुमान के बिल्कुल उल्ट स्थिति में है। सुबह से लेकर शाम तक तेज धूप और तेज



हवाएं चल रही हैं। धूप से गृहणियों व वर्क फ्रॉम होम कर रहे लोगों को राहत है। घर से काम कर रही महिलाएं सुबह 9 बजे ही छत और बालकनी में चटाई बिछाकर धूप का आनंद लेना शुरू कर देती हैं। बच्चों व बुजुर्गो को भी यह मौसम जमकर भा रहा है। दोपहर के समय धूप इतनी तेज हो जाती है कि लोगों को गर्म कपड़ों से दूरी तक बनानी पड़ती है। वहीं हल्की धूप व छांव का आंनद उठाने के लिए लोग दीवार की ओट लेकर बैठे रहते हैं। शुक्रवार को भी सुबह से ही हवा चलती रही। वहीं तेज धूप के कारण मौसम बिल्कुल साफ रहा। दिन में तो कुछ लोग सड़कों व बाजारों में बिना स्वेटर और जैकेट के भी नजर आए। आर्द्रता 43 प्रतिशत रही। सुबह के समय कोहरा अभी भी रहता है, लेकिन धूप निकलने कोहरा भी छू मंतर हो जाता है। पहले के मुकाबले सड़कों, बाजारों, सेक्टर व सोसाइटियों में भी चहल पहल बढ़ गई है।

अधिकतम के साथ ही न्यूनतम तापमान में भी इजाफा हो रहा है। बीती छह फरवरी को जहां न्यूनतम तापमान पांच डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था, वहीं अब इसमें तीन से छह डिग्री तक का इजाफा है। जिले में 8 फरवरी को न्यूनतम तापमान 12 व 9 फरवरी को 13 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। अब पिछले दो दिनों से तापमान 9 डिग्री सेल्सियस है। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार आने वाले दिनों में अधिकतम तापमान में तीन डिग्री तो न्यूनतम तापमान में चार डिग्री सेल्सियस तक इजाफा होने की संभावना है।

# प्रसव के दौरान गई मां व शिशु की जान

## नाराज परिजनों ने अस्पताल में किया हंगामा व तोड़फोड़

- अस्पताल से डरकर भागे डॉक्टर व कर्मचारी

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

रेलवे रोड स्थित एक नामी अस्पताल में बृहस्पतिवार को प्रसव के दौरान महिला और नवजात की मौत हो गई। परिजनों ने चिकित्सकों पर लापरवाही का आरोप लगाकर हंगामा शुरू कर दिया। अस्पताल में तोड़फोड़ की गई। हंगामा बढ़ता देख कर्मचारी और चिकित्सक अस्पताल से भाग गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने परिजनों को समझाने का प्रयास किया। हालांकि करीब सात घंटे तक चले हंगामे के बाद अस्पताल प्रबंधन और परिजनों के बीच समझौता हो गया। परिजनों की ओर से पुलिस को कोई शिकायत नहीं दी गई है।

पुलिस के अनुसार मूलरूप से हापुड़ निवासी ललित कुमार परिवार के साथ नोएडा सेक्टर-3 में रहते हैं। ललित की शादी 31 जनवरी, 2021 को दादरी क्षेत्र के गांव आमका निवासी भावना से हुई थी। भावना




अस्पताल के बाहर हंगामा कर रहे मृतका के परिजन।

गर्भवती थी और उसका इलाज दादरी के रेलवे रोड स्थित एक निजी अस्पताल की महिला चिकित्सक से चल रहा था। बुधवार शाम प्रसव पीड़ा होने पर परिजनों ने भावना को अस्पताल में भर्ती कराया।


आरोप है कि चिकित्सकों की लापरवाही के कारण प्रसव के बाद महिला और नवजात बच्ची की हालत बिगड़ गई। परिजनों के मुताबिक बच्ची ने दम तोड़ दिया था। आरोप है कि लापरवाही को छिपाने के लिए चिकित्सक ने महिला को एक अन्य अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। दूसरे अस्पताल में चिकित्सकों ने महिला और बच्ची को मृत घोषित कर दिया। परिजन वापस रेलवे रोड स्थित अस्पताल पर पहुंचे और हंगामा शुरू कर दिया। भीड़ को देखकर अस्पताल के कर्मचारी भाग गए। परिजनों ने अस्पताल में तोड़फोड़ शुरू कर दी।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879800-4879900।

# पूर्व आईएएस का बेटा गुरुग्राम से गिरफ्तार

## हिट एंड रन केस

## युवक को कार से टक्कर मारने के बाद बोनट पर घसीटा था



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दक्षिण दिल्ली के ग्रेटर कैलाश इलाके में एक व्यक्ति को कार से टक्कर मारने और उसके (कार की) बोनट पर उसे 100 मीटर से अधिक दूरी तक घसीट ले जाने के मामले में सेवानिवृत्त नौकरशाह के बेटे को गिरफ्तार किया गया है।

आरोपी राजा सुंदरम दिल्ली विश्वविद्यालय से विधि की पढ़ाई कर रहा है। घटना के बाद से वह फरार था। इस ममाले में पुलिस ने भारतीय दंड संहिता की धारा 212 (अपराधी को पनाह देने) के तहत रिटायर्ड आईएएस अधिकारी के खिलाफ भी मामला दर्ज किया है।

घटना में घायल हुए आनंद विजय मंडेलिया का मैक्स सुपर स्पेशलिएटी अस्पताल में इलाज चल रहा है। वह चिकित्सकों की निगरानी में हैं लेकिन उनकी हालत खतरे से बाहर है।

घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। पुलिस उपायुक्त बनिता मेरी जयकर ने बताया कि आरोपी कानून का छात्र है। उसकी पहचान राज सुंदरम के रूप में हुई है। जिस कार से दुर्घटना हुई थी उसे जब्त कर लिया गया है।

सुंदरम को हरियाणा के गुरुग्राम के ली मेरिडियन होटल के बाहर से गिरफ्तार किया गया। पुलिस को ग्रेटर कैलाश-1 के पास हिट एंड रन घटना के बारे में मंगलवार को सूचना मिली थी। पुलिस ने मामले को दर्ज कर जांच शुरू की और मिले फुटेज से आरोपी की जानकारी मिली।

## मौर्या एंक्लेव में 40 लाख की लूट का पर्दाफाश

**नई दिल्ली।** मौर्या एंक्लेव में हुई चालीस लाख लूट का पर्दाफाश करते हुए पुलिस ने एक महिला समेत पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। वारदात की मास्टरमाइंड महिला है, जबकि एक आरोपी कारोबारी का चालक है। आरोपियों की पहचान रहीश अहमद, राकेश, नरेश कुमार, हेमा व कमल के में हुई है। पुलिस उपायुक्त उषा रंगनानी ने बताया शिकायतकर्ता सूरज कुमार ने बताया कि गत 24 जनवरी को उसके बॉस ने बिजनेस पार्टनर संजीत जैन के मॉडल टाउन स्थित घर से चालीस लाख रुपए लेकर आने के लिए कहा था। इस पर वह ड्राइवर राकेश के साथ संजीत जैन के घर गया और चालीस लाख की रकम ले ली। इसके बाद कार खड़ी कर जब वे घर की ओर जा रहे थे, तभी बाइक सवारआए। इनमें एक ने चालक राकेश को दबोच लिया। जबकि दूसरे ने चालीस लाख रुपयों से भरा बैग पिस्टल दिखाकर लूट लिया।

## मुठभेड़ एक बदमाश घायल, 3 को पुलिस ने पकड़ा

**नई दिल्ली।** समयपुर बादली इलाके में एटीएम में सेंध लगाने वाले तीन बदमाशों को पकड़ा है। पुलिस से मुठभेड़ के बाद इन तीनों को गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस उपायुक्त ब्रिजेन्द्र सिंह ने बताया गत 11 फरवरी को पुलिस को एटीएम चोर की गतिविधि के बारे में जानकारी मिली। आरोपी बादली औद्योगिक क्षेत्र की तरफ से आते नजर आए। पुलिस को देख बदमाश फायरिंग कर भागने की कोशिश की। पुलिस ने भी जवाबी कार्रवाई कर फायरिंग की, जिसमें एक गोली दांए पैर में लग गई। तीनों आरोपियों को वहीं काबू कर लिया।

# रेप के मामले में नौसेना अधिकारी बरी

● पीड़िता के बार-बार बयान बदलने से आरोपी को मिला संदेह का लाभ



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली की अदालत ने भारतीय नौसेना में कार्यरत अधिकारी को दुष्कर्म के मामले से बरी कर दिया है। अदालत ने यह फैसला कथित पीड़िता द्वारा बार-बार बयान बदलने के आधार पर दिया।

अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश अंकुर जैन ने यह संज्ञान में लिया कि दुष्कर्म का आरोप लगाने वाली महिला ने तीन अलग-अलग स्तर पर अलग-अलग बयान दिया जिसके आधार उन्होंने लेफ्टिनेंट कमांडर को संदेह का लाभ दिया। अदालत ने कहा कि तीन अलग स्तर पर अभियोजन द्वार तीन अलग-अलग संस्करण प्रस्तुत किए गए। गवाहों की गवाही में विरोधाभास, सुधार और विसंगति होनी लाजमी है। प्रत्येक विरोधाभास, सुधार और विसंगति महत्वपूर्ण नहीं है लेकिन अभियोजन द्वारा पीड़िता के भाई की उपस्थिति को लेकर तीन अलग-अलग संस्करण प्रस्तुत किया गया।

अदालत ने कहा कि लगता है कि मौजूदा शिकायत आरोपी को शादी के लिए मजबूर करने के लिए की गई और जमानत अर्जी पर सुनवाई के दौरान आरोपी झुक गया और उसने महिला से शादी कर ली जो जमानत आदेश और रिकॉर्ड में मौजूद तस्वीरों से भी परिलक्षित होता है। अदालत ने रेखांकित किया कि अंतत: यह शादी नहीं टिकी और दोनों ने तलाक ले लिया।


**एन के टेक्सटाइल इंडस्ट्रीज लिमिटेड**

पंजी. कार्यालय : ओमैक्स स्क्वायर, प्लॉट नंबर 14, 5वां तल, जासोला जिला केन्द्र, जासोला, नई दिल्ली-110025

सीआईएन : एल17299डीएल1983पीएलसी163230, फोन : 91 11 61119313

ई-मेल आईडी :- n.ktextiles123@gmail.com, वेबसाइट:- www.nktil.com

31 दिसम्बर, 2021 को समाप्त तिमाही और नौ माह हेतु पृथक्कृत अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों का संक्षिप्त विवरण

(रू. लाख में)

| | | तिमाही समाप्त | | | नौ माह की अवधि समाप्त | | वर्ष समाप्त |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 31.12.2021 (अलेखापरीक्षित) | 30.09.2021 (अलेखापरीक्षित) | 31.12.2020 (अलेखापरीक्षित) | 31.12.2021 (अलेखापरीक्षित) | 31.12.2020 (अलेखापरीक्षित) | 31.03.2021 (लेखापरीक्षित) |
| 1 | परिचालन से कुल आय | 1.21 | 1.21 | 1.24 | 3.63 | 4.41 | 5.89 |
| 2 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि (कर, अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों से पहले) | 0.23 | (0.49) | (0.02) | (0.81) | 0.02 | (1.44) |
| 3 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) कर से पहले (अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों के बाद) | 0.23 | (0.49) | (0.02) | (0.81) | 0.02 | (1.44) |
| 4 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) कर पश्चात (अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों के बाद) | 0.23 | (0.45) | (0.01) | (0.77) | 0.02 | (1.44) |
| 5 | अवधि हेतु कुल अन्य सम्मिलित आय [जिसमें अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (कर पश्चात) तथा अन्य सम्मिलित आय (कर पश्चात) शामिल है] | 0.23 | (0.45) | (0.01) | (0.07) | 0.93 | 786.94 |
| 6 | प्रदत्त इक्विटी शेयर पूंजी (अंकित मूल्य रू. 10 प्रत्येक) | 83.98 | 83.98 | 83.98 | 83.98 | 83.98 | 83.98 |
| 7 | संचेय (पुनर्मूल्यन संचेय छोड़कर) जैसाकि लेखावर्ष 2020-21 के लेखापरीक्षित तुलनपत्र में दर्शाया गया है। | - | - | - | - | - | 4,477.69 |
| 8 | प्रति शेयर अर्जन (रू.) (अंकित मूल्य रू. 10/- प्रत्येक) | | | | | | |
| | 1 मूल | 0.03 | (0.05) | (0.00) | (0.09) | 0.00 | (0.17) |
| | 2 तनुकृत | 0.03 | (0.05) | (0.00) | (0.09) | 0.00 | (0.17) |

31 दिसम्बर, 2021 को समाप्त तिमाही और नौ माह हेतु समेकित अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों का संक्षिप्त विवरण

(रू. लाख में)

| | | तिमाही समाप्त | | | नौ माह समाप्त | | वर्ष समाप्त |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 31.12.2021 (अलेखापरीक्षित) | 30.09.2021 (अलेखापरीक्षित) | 31.12.2020 (अलेखापरीक्षित) | 31.12.2021 (अलेखापरीक्षित) | 31.12.2020 (अलेखापरीक्षित) | 31.03.2021 (लेखापरीक्षित) |
| 1 | परिचालन से कुल आय | (313.64) | 1472.21 | 290.91 | 1553.93 | 414.33 | 125.87 |
| 2 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (कर, अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों से पहले) | (320.68) | 1464.53 | 288.93 | 1531.56 | 407.12 | 62.07 |
| 3 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) कर से पहले (अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों के बाद) | (188.45) | 1428.50 | 384.89 | 1745.05 | 657.90 | 483.23 |
| 4 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) कर पश्चात (अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों के बाद) | (153.83) | 1228.17 | 346.55 | 1547.73 | 589.15 | 458.36 |
| 5 | अवधि हेतु कुल अन्य सम्मिलित आय [जिसमें अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (कर पश्चात) तथा अन्य सम्मिलित आय (कर पश्चात) शामिल है] | (153.83) | 1,228.17 | 346.55 | 1,559.75 | 598.56 | 2,736.13 |
| 6 | प्रदत्त इक्विटी शेयर पूंजी (अंकित मूल्य रू. 10 प्रत्येक) | 83.98 | 83.98 | 83.98 | 83.98 | 83.98 | 83.98 |
| 7 | संचेय (पुनर्मूल्यन संचेय छोड़कर) जैसाकि लेखावर्ष 2020-21 के लेखापरीक्षित तुलनपत्र में दर्शाया गया है। | - | - | - | - | - | 35,554.08 |
| 8 | प्रति शेयर अर्जन (रू.) (अंकित मूल्य रू. 10/- प्रत्येक) | | | | | | |
| | 1 मूल | (8.61) | 106.75 | 33.15 | 142.99 | 61.08 | 55.06 |
| | 2 तनुकृत | (8.61) | 106.75 | 33.15 | 142.99 | 61.08 | 55.06 |

नोट्स :-

1) उपरोक्त विवरण सेबी (सूचीयन दायित्व और प्रकटीकरण अपेक्षा) विनियमावली, 2015 के विनियम 33 के तहत स्टॉक एक्सचेन्जेज में प्रस्तुत किए गए अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का संक्षिप्त विवरण है। अलेखापरीक्षित परिणामों का पूर्ण प्रारूप कम्पनी की वेबसाइट www.nktil.com (नवीकरण की प्रक्रियाधीन) पर तथा स्टॉक एक्सचेन्ज की वेबसाइट www.msei.in पर उपलब्ध है।


2) विस्तृत अलेखापरीक्षित परिणाम तथा यह संक्षिप्त विवरण लेखापरीक्षा समिति द्वारा पुनरीक्षित और निदेशक मंडल द्वारा उनकी दिनांक 11-02-2022 को आयोजित बैठक में अनुमोदित किए गए।

बोर्ड के आदेश द्वारा
वास्ते एन के टेक्सटाइल इंडस्ट्रीज लिमिटेड
हस्ता./-
बीनू अग्रवाल
निदेशक
डीआईएन : 00056062

स्थान : नई दिल्ली
तिथि : 11-02-2022


# भाजपा ने 307 ठेके खुलने से रोके 297 होंगे सील

● मंदिर, गुरुद्वारों और स्कूलों के पास शराब के ठेके बंद करने की मांग



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली सरकार द्वारा खोले गए 551 शराब के ठेके में से 297 ठेके गैर कानूनी हैं या मंदिरों, गुरुद्वारों, विद्यालयों के बगल एवं रिहायशी इलाकों में खोले गए हैं इनको तत्काल प्रभाव से सील किया जाए।

इन ठेकों को खोलने में मास्टर प्लान और निगम के कानूनों का उल्लंघन किया गया है। यह आरोप प्रदेश भाजपा महामंत्री कुलजीत सिंह चहल ने लगाया है। भाजपा नेता कुलजीत सिंह चहल ने शुक्रवार को प्रेसवार्ता में कहा कि जिस तरह से प्रदेश भाजपा अध्यक्ष आदेश गुप्ता ने मोतीनगर के शराब के ठेके को सील किया और फिर बाद में निगम ने उस पर मोहर लगाई उसी तर्ज पर पूरी दिल्ली में 297 अवैध शराब की दुकानों को भी सील कर बन्द किया जाए। आज भाजपा शराब नीति के खिलाफ अपना आंदोलन बड़े जोरदार तरीके से करने वाली है और प्रदेश को शराब नगरी बनने से रोकने के लिए दिल्ली की जनता के साथ खड़ी है। हमारे प्रयासों की ही देन है कि 307 शराब के ठेके जो गैर कानूनी तौर पर खोले जाने थे, उन्हें हमने रोक दिया है या ठेकेदारों ने अपना नाम लाइसेंस लेने से वापस ले लिया है। प्रेसवार्ता में प्रदेश उपाध्यक्ष राजन तिवारी, प्रदेश मीडिया प्रमुख नवीन कुमार जिंदल, महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह एवं प्रदेश भाजपा मीडिया सह प्रमुख श्री हरिहर रघुवंशी उपस्थित थे।

## बुराड़ी अस्पताल में ओपीडी व इमरजेंसी शुरू करने की मांग

**नई दिल्ली।** स्वराज इंडिया पार्टी ने बुराड़ी अस्पताल में ओपीडी और इमरजेंसी सेवाओं को तुरंत खोलने की मांग को लेकर बुराड़ी में मार्च निकाला और अस्पताल के बाहर धरना प्रदर्शन किया।

पार्टी की वार्ड नंबर 7 की महिला अध्यक्ष राधिका यादव ने कहा कि जनता को इमरजेंसी की स्थिति में और ओपोडी में इलाज के लिए बहुत दूर के अस्पतालों में भटकना पड़ता है, इस कारण जनता बहुत ज़्यादा परेशान है। स्वराज इंडिया के प्रदेश अध्यक्ष नवनीत तिवारी ने कहा कि इस अस्पताल के उद्घाटन को लगभग 2 साल का समय हो चुका है।

# जीएसटी को अधिक सरल बनाने के लिए प्रतिबद्ध : पुरी

● 'स्मार्ट सिटी में व्यापारियों के साथ संयुक्त समितियां बनाएंगे'



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

केंद्र सरकार जीएसटी कर ढांचे के युक्तिकरण और सरलीकरण की प्रक्रिया पहले ही शुरू हो चुकी है, इसे और अधिक सरल अधिनियम बना बनाने के लिए सरकार पूरी तरह से प्रतिबद्ध है।


यह बयान केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी ने कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स द्वारा लुधियाना और जालंधर में आयोजित 'व्यापारी संवाद' को संबोधित करते हुए दिया। केंद्रीय शहरी विकास और पेट्रोलियम और गैस मंत्री हरदीप पुरी ने शुक्रवार को कहा कि स्पष्ट शब्दों में आश्वासन दिया कि केंद्र सरकार देश के कानून का उल्लंघन करने वालो से छोटे व्यापारियों की रक्षा के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है।

उन्होंने यह भी कहा कि जीएसटी कर ढांचे के युक्तिकरण और सरलीकरण की प्रक्रिया पहले ही शुरू हो चुकी है, लेकिन एक संघीय विषय होने के नाते, व्यापारियों को जीएसटी परिषद में नियामक निर्णय लेने के लिए राज्य सरकारों पर भी अपना दबाव बनाना चाहिए ताकि इसे और अधिक सरल अधिनियम बनाया जा सके जिसके लिए सरकार पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। कैट द्वारा दिए गए एक सुझाव पर पुरी ने प्रत्येक चिन्हित स्मार्ट सिटी में समितियां गठित करने की घोषणा की। उन्होंने सहमति व्यक्त की कि स्मार्ट तकनीक का उपयोग करने वाले स्मार्ट व्यापारी सरकार की स्मार्ट सिटी अवधारणा की रीढ़ हैं।

व्यापारी अर्थव्यवस्था के विकास इंजन के वाहक हैं और इसलिए देश के व्यापक हित में सरकार से सभी प्रकार के समर्थन के पात्र हैं। कैट ने 1 फरवरी से 28 फरवरी तक देश भर में व्यपारी संवाद का एक राष्ट्रीय अभियान शुरू किया है और लुधियाना और जालंधर में आयोजित सम्मेलन इस तरह के अभियान की श्रृंखला का हिस्सा था। कैट इसी तरह का एक सम्मेलन आयोजित कर रहा है।

# संगत की सेवा में शीघ्र समर्पित होगा इंटरनेशनल सेंटर फॉर सिख स्टडीज

● काहलों ने कहा- यह सेंटर बनेगा छात्रों व शोधकर्ताओं का अंतरराष्ट्रीय केंद्र



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

गुरुद्वारा रकाब गंज साहिब परिसर में स्थापित दिल्ली सिक्ख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी का इंटरनेशनल सेंटर फॉर सिक्ख स्टडीज़ को देश-विदेश की संगत को शीघ्र ही समर्पित किया जाएगा, ताकि दुनियाभर के विद्वान और विद्यार्थी यहाँ आकर श्री गुरु ग्रंथ साहिब व सिक्खी पर आधारित अपनी रिसर्च कर सकें।

गुरुद्वारा कमेटी के अध्यक्ष सरदार हरमीत सिंह कालका ने बताया कि गुरुद्वारा रकाब गंज साहिब परिसर में स्थित इस सेंटर का उददेश्य श्री गुरू ग्रंथ साहिब जी तथा सिक्ख धर्म संबंधी ज्ञान और जागरूकता सिक्ख विद्यार्थियों के अलावा संसार के अन्य धर्म के लोगों को सरलता से एक ही स्थान पर प्रदान करना है।

सेंटर दुनियाभर के रिसर्च इंस्टीच्यूट तथा यूनिवर्सिटीज़ के सहयोग से विद्वानों तथा विद्यार्थियों को उनकी रिसर्च में सहयोग प्रदान करेगा। यहाँ राष्ट्रीय तथा अर्तराष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन होगा और यह सभी सुविधाएँ मुफ्त प्रदान की जायेगी। दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष सरदार हरमीत सिंह कालका ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल को पंजाबी भाषा और पंजाबियों से सौतेला व्यवहार करने के लिए आड़े हाथों लिया है। स्टेट काउंसिल ऑफ एजुकेशनल रिसर्च एंड ट्रेनिंग विभाग द्वारा पाठ्यक्रम सुधार समिति का गठन करके स्कूलों में पढ़ाये जाने वाली भाषा और विषयों के पाठ्यक्रम में संशोधन करने के लिए कहा है जिसमें पंजाबी भाषा को नदारद रखा गया है। महासचिव स. जगदीप सिंह काहलों ने कहा कि केजरीवाल सरकार की पक्षपाती और गलत नीतियों के कारण दिल्ली में पंजाबी भाषा का वजूद खत्म होने की कगार पर है।

# मतदान जागरूकता के लिए राष्ट्रीय स्तर पर प्रतियोगिता

● प्रश्नोत्तरी, स्लोगन, गीत, वीडियो बनाना और पोस्टर डिजाइन शामिल

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

राजधानी में मतदाता जागरूकता को लेकर चुनाव आगो ने एक सार्थक पहल की है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. रणबीर सिंह ने सभी नागरिकों को राष्ट्रीय मतदाता जागरूकता प्रतियोगिता- 'मेरा वोट मेरा भविष्य- एक वोट की शक्ति' में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया। यह प्रतियोगिता भारत के चुनाव आयोग द्वारा 'चलो वोटर बने हम' अभियान को मजबूत करने के लिए शुरू की गई है।

डॉ रणबीर सिंह ने कहा कि यह प्रतियोगिता मतदाताओं को उनकी रचनात्मक कल्पना के साथ मतदान की प्रक्रिया को लोकप्रिय बनाने के लिए प्रोत्साहित करने का एक बेहतरीन प्रयास है। सीईओ ने जिला चुनाव अधिकारियों (डीएम) को प्रतियोगिता के बारे में संदेश फैलाने का निर्देश दिया।

प्रतियोगिता दिल्ली की चुनावी भागीदारी को बढ़ावा देगी । इस देशव्यापी प्रतियोगिता की सूचना प्रसारित करने के लिए बूथ स्तर के अधिकारियों को भी प्रोत्साहित और जागरूक किया जाएगा।

इस प्रतियोगिता को सोशल मीडिया पर हैश टैग के माध्यम से लोकप्रिय किया जाएगा।



## सबोली वार्ड में मलेरिया कार्यालय का उद्घाटन

**नई दिल्ली।** पूर्वी दिल्ली नगर निगम की स्थायी समिति के अध्यक्ष बीर सिंह पंवार ने सबोली वार्ड में मलेरिया कार्यालय का उद्घाटन किया।

इस दौरान जोन चेयरमैन प्रवेश शर्मा और निगम के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व उप महापौर हरि प्रकाश बहादुर ने की। बीर सिंह पंवार ने कहा कि पूर्वी दिल्ली नगर निगम सीमित संसाधनों के बावजूद जनता की अधिकतम सेवा कर रहा है। उन्होंने कहा कि सबोली वार्ड में मलेरिया कार्यालय नहीं था जिसकी मांग वर्षों से की जा रही थी। भाजपा निगम अच्छा कार्य कर रही है।




# छत गिरने से दो महिलाओं की मौत, दो सुरक्षित निकाले

**इंडियन रेलवे सर्विस के अधिकारी हैं मलबे से निकाले गए एके श्रीवास्तव**

**दो घायलों और दो मृतकों को निकालने के साथ ही बचाव ऑपरेशन हुआ पूरा**



गुरुग्राम के सेक्टर-109 स्थित चिंतल पैराडिसो सोसायटी के बाहर लगी भीड़ व सामने लाल घेरे में वह छटवीं मंजिल, जिसका लेंटर गिरा।



गुरुग्राम के सेक्टर-109 स्थित चिंतल पैराडिसो सोसायटी के टावर-डी से घायलों को निकालते बचाव दल के सदस्य।



मलबे में दबे अधिकारी एके श्रीवास्तव को निकालकर लाए बचाव दल के सदस्य।

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**शहर** के सेक्टर-109 स्थित चिंतल पैराडिसो रिहायशी सोसायटी में बहुमंजिला इमारत में छह मंजिल का लेंटर गिरने से हुए हादसे में 16 घंटे लगातार बचाव ऑपरेशन चलाया गया। इस घटना में दो महिलाओं की दुखद मृत्यु हो गई, जबकि दो व्यक्तियों को जीवित बाहर निकाल लिया गया। इनमें एक एके श्रीवास्तव इंडियन रेलवे सर्विस के अधिकारी हैं।

बता दें कि गुरुवार देर सायं सूचना आई थी कि गुरुग्राम-द्वारका एक्सप्रेसवे के पास सेक्टर-109 में चिंतल पैराडिसो रिहायशी सोसायटी में छठी मंजिल पर डाइनिंग रूम की छत गिर गई। इसी प्रकार पहली मंजिल तक छत गिरती चली गई। इसकी सूचना मिलते ही नवनियुक्त उपायुक्त निशांत कुमार यादव ने तत्काल वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों तथा सिविल डिफेंस की टीम को मौके पर भेजा।

इस दौरान उन्होंने एनडीआरएफ और एसडीआरएफ को भी सूचित करते हुए मौके पर पहुंचने के लिए कहा। इस बीच गुरुग्राम पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीमें भी वहां पहुंच गई। उन्होंने एक महिला को उसी समय जीवित निकाल लिया। इसके बाद पता चला कि तीन लोग और मलबे में फंसे हुए हैं, जिनको निकालने के लिए राहत व बचाव कार्य तत्काल शुरू किए गए।

उपायुक्त निशांत कुमार यादव ने मौके पर सोसायटी के अन्य लोगों से भी बातचीत की और उनकी हिम्मत बंधाई। देर रात बिल्डिंग की दूसरी मंजिल से एक महिला को मृत निकाला गया। इस हादसे की जांच उपायुक्त निशांत कुमार यादव ने गुरुग्राम के अतिरिक्त जिलाधीश विश्राम कुमार मीणा को सौंपी है।

### नारियल तेल से चिकना करके निकाला पांव

**सुबह** तक मलबा हटाने का कार्य चलता रहा और एक बार फिर एनडीआरएफकी टीम ने श्रीवास्तव के पांव को काटने का सुझाव दिया। इसके बाद उपायुक्त निशांत कुमार यादव ने सिविल सर्जन को मौके पर पहुंचकर तमाम परिस्थितियों को देखते हुए स्थिति स्पष्ट करने के निर्देश दिए।

सिविल सर्जन व उनकी टीम ने देखा कि श्रीवास्तव का दांया पांव ठीक है। उसमें कोई फ्रेक्चर भी नहीं है। अगर पांव काटा जाता है तो सदमे में एके श्रीवास्तव की जान भी जा सकती है। ऐसी स्थिति में उपायुक्त ने फिर से जैसे-तैसे पांव को निकालने के निर्देश दिए। सिविल सर्जन व उनकी टीम ने उन्हें सेडेटिव देकर मलबे के नीचे से पांव को खींचकर बाहर निकालने की योजना बनाई, लेकिन उनका जूता उसमें आड़े आ रहा था। पांव के हिस्से को नारियल तेल से चिकना करके उनके पांव को सुरक्षित निकालने में सफलता हासिल की। श्रीवास्तव पहले से ही मैक्स अस्पताल में इलाज करवा रहे थे इसलिए उन्होंने उसी अस्पताल में इलाज के लिए जाने की इच्छा जाहिर की, अन्यथा सिविल सर्जन की टीम ने ईलाज के पूरे प्रबंध कर लिए थे।

### सूझबूझ से बच गई एके श्रीवास्तव की जान

**जिला** प्रशासन और मेडिकल टीम की सूझ-बूझ से एके श्रीवास्तव की जान भी बची और पांव भी नहीं काटना पड़ा। इसके बाद पहली मंजिल पर फंसी महिला को निकालने का कार्य शुरू किया गया, जोकि चिकित्सकों द्वारा मृत घोषित की गई। इस तरह से गुरुवार शाम से 16 घंटे के निरंतर राहत व बचाव कार्य चलाकर बिल्डिंग में फंसे चार लोगों में से दो को जीवित बाहर निकालने में सफलता मिली।

उपायुक्त निशांत कुमार यादव ने सोसायटी के निवासियों से बात की। उन्हें विश्वास दिलाया कि इस मामले में दोषियों के खिलाफ नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने इस दौरान सोसायटी के अन्य निवासियों से धैर्य बनाए रखने की भी अपील की।

### मलबे में दबे श्रीवास्तव का पांव काटने की दी थी सलाह

**हादसे** के बाद पहली मंजिल पर फंसे एके श्रीवास्तव तथा एक महिला को निकालने का कार्य जारी रहा। एके श्रीवास्तव का दाहिने पांव पर छत का लेंटर सीधा गिर गया था, जिसके कारण वे निकल नहीं पा रहे थे। मलबा इतना ज्यादा था कि उसे उठाना भी कठिन था। इस बीच एक सुझाव यह आया कि श्रीवास्तव के पांव को काटकर उन्हें बाहर निकाल दिया जाए। उपायुक्त ने सिविल सर्जन की टीम को इस पहलू पर विचार करने के लिए कहा। जिस पर टीम ने पांव काटना मुनासिब नहीं समझा। फिर उपायुक्त ने निर्णय लिया कि जितना मलबा हटाया जा सकता है उसे हटाया जाए। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने श्रीवास्तव को आईवी फ्ल्यूड और सेडिशन की दवाएं देकर रखीं, ताकि उन्हें दर्द महसूस ना हो।

# हादसे की सूचना पर पहुंचे डेरा सेवादार

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



गुरुग्राम के सेक्टर-109 में इमारत का लेंटर गिरने के दौरान राहत एवं बचाव कर्मियों को चाय आदि वितरित करते डेरा सच्चा सौदा की ग्रीन एस. वेलफेयर फोर्स विंग के सेवादार।

**सेक्टर**-109 स्थित चिंतल पैराडिसो सोसायटी में छह मंजिल तक के फ्लैट की छत गिरने की सूचना मिलते ही मौके पर डेरा सच्चा सौदा की ग्रीन एस. वेलफेयर फोर्स विंग के सेवादार पहुंचे। जिला प्रशासन की ओर से हादसे की गंभीरता को देखते ही ज्यादा लोगों को इमारत के भीतर जाने की इजाजत नहीं दी गई। केवल एनडीआरएफ व एसडीआरएफ की टीमें ही अंदर भेजी गई।

सेक्टर-109 में 22 मंजिला इमारत के नीचे के छह फ्लोर के डायनिंग रूम की छत गिर गई थी। इस हादसे में दो लोगों की मौत हो गई व दो गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। इस घटना की जैसे ही सूचना फैली तो ग्रीन एस. वेल्फेयर फोर्स विंग के सेवादार अंकुर इंसा, संदीप इंसा, प्रवीण इंसा, मुकेश इंसा, अशोक इंसा, सौरभ इंसा, अरुण इंसा, विनोद इंसा, उमेश इंसा, कपिल इंसा, सुनील इंसा, सुनील इंसा, मुकेश इंसा, देव इंसा, अभिषेक इंसा, सचिन इंसा के अलावा रेवाड़ी से धर्मेंद्र इंसा, नीरज इंसा, कमल इंसा, राजू इंसा मौके पर पहुंचे। सभी सेवादारों ने मौके पर मौजूद अधिकारियों से मुलाकात करके राहत एवं बचाव कार्य में सहयोग करने को कहा। हादसे भयावह था। प्रशासन फूंक-फूंक कर कदम रख रहा था। बचाव में किसी तरह की कोई दिक्कत ना आए, इसके प्रयास किए गए। सेवादारों को सोसायटी परिसर के अंदर प्रवेश दिया गया। सेवादार जब अंदर नहीं जा पाए तो उन्होंने एनडीआरएफ, एसडीआरएफ की टीमों के लिए खाना, चाय, पानी, बिस्किट आदि का प्रबंध किया।

# सोहना बाईपास चौक पर लगी लालबत्तियां तीन माह से हैं खराब

पायनियर समाचार सेवा। सोहना



सोहना में खराब अंबेडकर बाईपास चौकी बत्तियां।

**शहर** के एक मात्र बाईपास चौक पर लगी लाल बत्ती पिछले तीन माह से खराब है। जिसके कारण चौक पर आने वाले वाहन बिना रोकटोक निकलने से जाम के हालात दिन में बनते व बिगड़ते रहते हैं। रात के समय में चौक पर तेज रफ्तार से वाहन निकलने से हादसों का खतरा बना हुआ है।

सोहना से पलवल, बल्लभगढ़, नूंह, तावडू व गुरुग्राम को जाने वाले मार्ग पर शहर में बना अंबेडकर बाईपास चौक की लाल बत्तियां पिछले तीन माह से बंद हैं। चौक पर तैनात ट्रैफिक पुलिस के कर्मचारी सुबह 8 से रात्रि 8 बजे तक 12 घंटा खड़े होकर वाहनों को निकालते हैं। इसके बावजूद चौक पर जाम के हालात दिन में बनते व बिगड़ते रहते है। रात के समय में तो वाहन बेलगाम दौड़ते हुए चौक को पार करते है। जिसमें हाइवा डंपर और ट्राला शामिल होते है। ऐसे में पैदल चलने वालों के लिए चौक पार करना खतरे से खाली नहीं होता है।

**1000-1200 वाहन निकलते हैं चौक से रोजाना** : एक मात्र बाईपास चौक से स्थानीय शहर समेत फ रीदाबाद, पलवल, नूंह, रेवाड़ी, नारनौल, महेन्द्रगढ़, दिल्ली, पंजाब, राजस्थान, उत्तरप्रदेश और गुजरात जाने वाले वाहन गुजरते है। जिनकी संख्या एक दिन में 1000 से 1200 तक होती है।

**नप को कई बार शिकायत दी** :चौक पर तनात ट्रैफिक पुलिस के प्रभारी एएसआई धर्मबीर सिंह का कहना है कि बत्ती को ठीक कराने की जिम्मेदारी नगर परिषद सोहना को है। जिसको लेकर कई बार लिखित में शिकायत दी गई है। इसके अलावा ट्रैफिक पुलिस के जिला कंट्रोल कार्यालय में भी लिखित में शिकायत दे दी गई है।

खराब लाल बत्तियों को ठीक कराने के लिए डीएनआईटी दे दी गई है। एक या दो दिन में बत्ती ठीक कराने के लिए टेंडर लगा दिया जाएगा। उसके बाद जल्द से जल्द खराब बत्तियों को ठीक कराया जाएगा।

**समयपाल**
**( सचिव नगर, परिषद सोहना )**

# अमेजन.इन के वैलेंटाइंस डे स्टोर के साथ करें अपने प्यार का इजहार

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**अमेजन.इन** पर फ्रेश फ्लोवर्स, चॉकलेट्स, गिफ्ट सेट्स, इलेक्ट्रॉनिक्स, होम डेकोर, किचन एप्लाएंसेस, फैशन और ब्यूटी प्रोडक्ट्स, लार्ज एप्लाएंसेस, स्मार्टफोंस, एक्सेसरीज, अमेजन डिवाइसेस आदि कैटेगरी में विशेषरूप से तैयार उत्पादों के विस्तृत चयन पर आकर्षक डील्स और ऑफर्स के साथ इस वैलेंटाइन्स डे पर प्यार के मौसम का जश्न मनाएं।

अपने प्रियजनों के साथ अपनी भावनाओं को व्यक्त करने के लिए अमेजन.इन का वैलेंटाइन्स डे स्टोर उपभोक्ताओं के लिए अपनी सभी शॉपिंग और गिफ्टिंग जरूरतों को अपने घर पर सुरक्षित रहते हुए आराम से पूरा करने का वन.स्टॉप डेस्टीनेशन है। उपभोक्ता फेरेरो, बॉम्बे शेविंग कंपनी, रेनी, मायग्लैम,मेबेलिन, सुगर कॉस्मेटिक्स, आईक्यूओओ, वनप्लस, सैमसंग, शाओमी जैसे ब्रांड्स की खरीदारी कर सकते हैं।

ग्राहक अमेजन शॉपिंग ऐप (केवल एंड्रॉयड पर) पर अलेक्सा के साथ अपनी आवाज का उपयोग कर वैलेंटाइन्स डे स्टोर को एक्सेस कर सकते हैं। यूजर्स ऐप पर माइक आइकन टैप कर सकते हैं और कह सकते हैं। अलेक्सा वेलेंटाइन्स डे स्टोर पर चलो और आप सीधे स्टोर पर पहुंच जाएंगे। अमेजन.इन के वैलेंटाइन्स डे स्टोर पर विक्रेताओं की ओर से रोमांचक ऑफर्स/डील्स के साथ उपलब्ध हैं।

# जनता को सुविधाएं देने को सरकार कटिबद्ध

**विधायक सुधीर सिंगला ने अशोक विहार में किया सड़क व सीवर के कार्य का शुभारंभ**

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



गुरुग्राम के वार्ड-10 के अंतर्गत भीमगढ़ खेड़ी में सड़क व सीवर कार्य का शिलान्यास करते विधायक सुधीर सिंगला।

**गुरुग्राम** के विधायक सुधीर सिंगला ने शुक्रवार को यहां अशोक विहार में सड़क व सीवर के कार्य का शुभारंभ किया। इन कार्यों को पूरा होने के बाद इलाके के लोगों को सहूलियत मिलेगी। इस अवसर पर पूर्व डिप्टी मेयर परमिंदर कटारिया, पूर्व पार्षद मंगतराम बागड़ी, पार्षद शीतल बागड़ी, राजेन्द्र, रविन्द्र त्यागी, जुगल रैना, वेदप्रकाश, मंजीत, प्रेम व अन्य गणमान्य मौजूद रहे। विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि जनता को हर तरह की सुविधाएं देने के लिए हम कटिबद्ध हैं। सरकार गुरुग्राम समेत पूरे हरियाणा में जनसुविधाओं को बढ़ा रही है। उन्होंने हाल ही में हुई कैबिनेट की बैठक में लिए गए अहम निर्णयों से भी यहां अवगत कराया। विधायक ने कहा कि बुढ़ापा पेंशन के मामले में सरकार ने सराहनीय कार्य किया है। भविष्य में व्यक्ति की उम्र 60 साल होते ही पेंशन अपने आप ही बन जाएगी। उसे किसी तरह से आवेदन करने की जरूरत नहीं होगी। यह बड़ा निर्णय है। बुजुर्गों को पेंशन के लिए भटकना ना पड़े, इसलिए यह निर्णय बहुत बड़ा बदलाव होगा। इसके साथ ही गुप सी व डी के पदों पर जल्द भर्ती करने का निर्णय भी सरकार ने लिया है। इससे हमारे युवाओं को एक बार फिर से बड़े पैमाने पर नौकरियां मिलेंगी। विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में प्रदेश तरक्की की राह पर गतिशील है।

गुरुग्राम के विकास में अब एक और अध्याय जुड़ने जा रहा है। यह रविवार को मानेसर में 500 बेड के ईएसआई अस्पताल की आधारशिला रखने का है। इस ईएसआई अस्पताल का मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री भूपेंद्र यादव की उपस्थिति में शिलान्यास होगा। कुल 500 बेड की सुविधा वाला यह नया ईएसआई अस्पताल करीब आठ एकड़ भूमि पर एक हजार करोड़ रुपये के खर्च से बनेगा।

# सोसायटियों में फ्लैट करोड़ों के सुविधाएं कौड़ियों की...

संजय कुमार। मेहरा

**दुनियाभर** के लोगों की शरण स्थली बने गुरुग्राम में लोग करोड़ों रुपये के घर खरीदकर जीवन को सुरक्षित, सुखी तरीके से जीने का सपना बुनते हैं, लेकिन उनका जीवन सुखी नहीं बन पा रहा। गुरुग्राम में अक्सर किसी न किसी सोसायटी के लोग बिल्डर के खिलाफ सड़कों पर उतरते हैं, लेकिन अधिकारियों द्वारा उनकी समस्याओं का निराकरण नहीं किया जाता। सोसाटियों में करोड़ों के फ्लैट खरीदकर भी सुविधाएं कौड़ियों की मिलती हैं।

मिलेनियम सिटी गुरुग्राम में अनेक कंपनियों ने अपने प्रोजेक्ट लांच किए हैं। लाखों प्रोजेक्ट में लोगों को उनके घर की पॉजिशन दे दी गई है और लोग उनमें रह रहे हैं। फिर भी अभी लाखों लोगों का अपना घर का सपना निर्माण कंपनियों की लचर व्यवस्था के चलते अधूरा ही है। जिन्हें घर मिल गए हैं, उनमें से अनेक लोग किसी न किसी तरीके से परेशानी झेल रहे हैं। कहीं उन्हें

**अक्सर किसी न किसी बिल्डर के खिलाफ लोग करते हैं शिकायत**

**करोड़ों के घर खरीदने वालों की आखिर क्यों नहीं सुनते अधिकारी**

**बिल्डरों से मूलभूत सुविधाओं लेकर लोगों को देने पड़ते हैं धरने**

मूलभूत सुविधाएं नहीं मिल रही तो कहीं घटिया निर्माण सामग्री के चलते फ्लैट जर्जर हो रहे हैं। ना तो उनकी बिल्डर सुनते हैं और ना ही प्रशासनिक अधिकारी। कहने को तो हरेरा का गठन किया हुआ है, लेकिन यहां भी मामले लंबित ही रहते हैं। कई सोसायटी के निवासियों द्वारा हरेरा में समस्याओं को रखा गया है।



गुरुग्राम के सेक्टर-109 स्थित चिंतल पैराडिसो सोसायटी, जिसकी छटवीं मंजिल का लेंटर ढहा।

### गुड़गांव ग्रीन्स में लंबे समय तक दिया था धरना

**गुरुग्राम** के नामी बिल्डरों (कंपनियों) के प्रोजेक्ट में फ्लैट खरीदने वाले लोग ज्यादा परेशान नजर आते हैं। गत वर्ष भी यहां सेक्टर-102 स्थित एम्मार एमजीएफ के गुड़गांव ग्रीन्स प्रोजेक्ट में घर खरीदकर रह रहे लोगों ने मूलभूत सुविधाओं की मांग पर डेढ़ महीने तक धरना दिया था। इनमें सुविधाओं के नाम पर अधिक शुल्क वसूलने समेत कई मुद्दे शामिल थे। लोगों का आरोप था कि आम निवासियों की कोई सुनवाई नहीं होती। क्योंकि प्रोजेक्ट की शुरुआत के साथ ही आरडब्ल्यूए बिल्डर के लोगों की बनाई जाती है। वे बिल्डर के खिलाफ नहीं बोलते। ऐसे में आम लोग परेशानी झेलते रहते हैं। एम्मार एमजीएफ की तरह से अन्य कई कंपनियों के प्रोजेक्ट में कमियों को लेकर लोगों ने पूर्व में खूब आवाज उठाई है।

### चिंतल पैराडिसो को लेकर दो साल पहले की थी शिकायत

**अब** सेक्टर-109 में चिंतल पैराडिसो सोसायटी में हुए हादसे की बात करें तो तो यहां भी समस्या लंबे समय से चली आ रही है। इसकी शिकायत यहां के निवासियों ने प्रशासन, पुलिस को की थी। दो साल पहले की गई शिकायत पर अधिकारियों ने कोई संज्ञान नहीं लिया।

यह हाल तो तब है, इस सोसायटी के क्षतिग्रस्त टावर नंबर-डी में एक अधिकारी एके श्रीवास्तव भी रहते हैं। एके श्रीवास्तव के मलबे के नीचे दबने से दोनों पांवों में गहरी चोटें आई हैं। जबकि उनकी पत्नी की मौत होने का समाचार है। इतने बड़े अधिकारियों के रहते हुए भी बिल्डर द्वारा लापरवाही बरतना कई सवालों को जन्म देता है। यहां लोगों ने सवा करोड़ रुपये से लेकर ढाई करोड़ रुपये तक के फ्लैट खरीदे हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### ताला तोड़कर कीमती सामान समेत ज्वेलरी चोरी की

**सोहना।** भोंडसी वाटिका कुंज में पार्लर की दुकान का ताला तोड़ कीमती सामान समेत ज्वेलरी का करीब 10 हजार रुपये का सैट चोरी हो गया। पुलिस ने मामला दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी है। रिठौज निवासी अनुराधा ने भोंडसी पुलिस को बताया कि उसने वाटिका कुंज भोंडसी में पार्लर की दुकान खोली हुई है। गुरुवार की सुबह साढ़े 7 बजे उसे फोन आया कि दुकान में चोरी हो गई है। वह दुकान पर पहुंची तो शटर पर एक दिन पहले लगाया ताला जमीन पर टूटा पड़ा हुआ था। दुकान के अंदर कॉस्मेटिक्स का सामान समेत लेडिज सूट, पार्लर का सामान तथा 10 हजार रुपये की ज्वेलरी सैट गायब मिला। अनुराधा ने बताया कि जिसकी सूचना पुलिस को दे दी है। पुलिस ने दुकानदार महिला की शिकायत प्यार अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस चोरी का खुलासा करने के लिए जांच में जुट गई है।

### ग्रामीणों को कानूनी अधिकारों की दी जानकारी



खेड़ला में ग्रामीणों को कानूनी अधिकारों की जानकारी देते कानून के छात्र-छात्राएं।

**गुरुग्राम।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण गुरुग्राम के चेयरमैन एसपी सिंह के दिशा-निर्देशों से गांव खेड़ला में कानूनी साक्षरता शिविर लगाया गया। आईआईएलएम विश्वविद्यालय के लीगल एड सेंटर के सहयोग से यह सामुदायिक जुड़ाव गतिविधि आयोजित की गई। आईआईएलएम लॉ स्कूल आईआईएलएम विश्वविद्यालय के छात्रों ने खेड़ला गांव का दौरा किया। छात्रों ने एक प्रश्नावली तैयार की, जिसे छात्रों ने गांव के निवासियों के साथ बातचीत के दौरान भरा। ग्रामीणों के सामने सबसे बड़ी समस्या शिक्षा, पानी, सफाई और बिजली की है। शिक्षा का स्तर और गुणवत्ता इतनी अच्छी नहीं है। छात्रों ने गांव की महिलाओं के साथ बातचीत की और देखा कि महिलाएं अपने मानवाधिकारों से अवगत नहीं हैं। छात्रों ने उनसे बातचीत की और महिलाओं से संबंधित सरकारी योजनाओं की जानकारी सांझा की। बातचीत करने के लिए छात्रों को दो के समूहों में विभाजित किया गया था। कैम्प में एक विशेष सूचना आगामी लोक अदालत जो 12 मार्च 2022 को आयोजित होने जा रही है के बारे में दी गयी। उन्होंने ग्रामीणों को मास्क वितरित किए और टीकाकरण के बावजूद सभी कोविड प्रोटोकॉल का पालन करने के लिए जागरूकता फैलाई। जिला अदालत गुरुग्राम में होने वाली आगामी लोक अदालत के बारे में प्रचार-प्रसार करने के लिए लोक अदालत और मौलिक कर्तव्यों से संबंधित पर्चे वितरित किए गए। छात्रों ने छोटी लिपि के माध्यम से ग्रामीणों को समाज में व्याप्त विभिन्न सामाजिक मुद्दों का संदेश दिया। सामुदायिक पहुंच कार्यक्रम से लगभग 300 से अधिक ग्रामीण लाभान्वित हुए।

### गुरु रविदास जयंती पर ग्राम पंचायतों में चलेगा महा सफाई अभियान

**फरीदाबाद।** गुरु रविदास जयंती के उपलक्ष्य में खंड की 35 ग्राम पंचायतों में 13 से 16 फरवरी के बीच महा सफाई अभियान चलाया जाएगा। जिसकी शुरुआत 13 फ रवरी को राष्ट्रपति के गोद ली ग्राम पंचायत दौला से की जाएगी। प्रदेश सरकार ने गुरु रविदास की जयंति को राज्य स्तर पर मनाने का फैसला लिया है। जिसकी शुरूआत 13 से को की जाएगी। प्रदेश के अंदर इस उपलक्ष में महा सफाई अभियान चलाया जाएगा। जिसकी शुरुआत राज्य सरकार में विकास एवं पंचायत विभाग मंत्री देवेन्द्र सिंह बब्ली जिला फ्तेहबाद के टोहाना ग्राम पंचायत से करेंगे। सोहना ब्लॉक में इस अभियान की शुरुआत ग्राम पंचायत दौला से की जाएगी। अभियान का अंत 16 फरवरी गुरु रविदास की जयंती के दिन किया जाएगा। इस अभियान में ग्राम पंचायत में बीडीपीओ, ग्राम सचिव, जेई, एसडीओ, पूर्व पंच व सरपंच, नंबरदार, आशा वर्कर्स, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सामाजिक संगठन, मनरेगा में कार्य करने वाले कर्मचारी और मजदूर आदि सेवादार शामिल होंगे। अभियान से जुड़ने वाले सभी सरकारी व गैर सरकारी कर्मचारी, समाज सेवी तथा सामाजिक संगठनों से जुड़े नागरिक ग्रामीणों को अपने घर के बाहर सफाई व्यवस्था को बनाने से लेकर गंदा पानी जमा न होने देने, पेयजल आपूर्ति की लाइन से पानी की बर्बादी को रोकने, ग्राम पंचायतों में स्थापित चौपाल, सामुदायिक केंद्र, बारात घर आदि में भी सफाई व्यवस्था को बनाएं रखने का पाठ पढ़ाएंगे।

### मानेसर में ईएसआई अस्पताल का कल होगा शिलान्यास



गुरुग्राम के मानेसर में 500 बेड के ईएसआई अस्पताल के शिलान्यास को लेकर तैयारियों का जायजा लेते उपायुक्त निशांत कुमार यादव।

**गुरुग्राम।** उपायुक्त निशांत कुमार यादव ने शुक्रवार को आईएमटी मानेसर स्थित सेक्टर-2 में रविवार को प्रस्तावित 500 बेड के ईएसआई अस्पताल के शिलान्यास समारोह की तैयारियों का जायजा लिया। वीआईपी तथा समारोह में शामिल होने वाले लोगों की सुविधा को लेकर किए गए इंतजामों के बारे में निर्देश दिए। उपायुक्त ने समारोह स्थल पर मौजूद केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्रालय व जिला प्रशासन की टीम से कार्यक्रम में पहुंचने वाले अतिथियों के बैठने से लेकर सुरक्षा व्यवस्था संबंधी इंतजामों का बारीकी से अध्ययन करने के साथ साथ कार्यक्रम की मिनट-टू मिनट संबंधी जानकारी ली। उपायुक्त ने पुलिस विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि समारोह में बढ़ी संख्या में लोगों के शामिल होने की संभावना है, ऐसे में वे सुनिश्चित करें कि सुरक्षा व्यवस्था व ट्रैफिक व्यवस्था में किसी प्रकार की परेशानी ना हो।

# इंटक ने की कोयला उत्पादक राज्यों के उद्योगों को प्राथमिकता के आधार पर कोयला आपूर्ति की मांग

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**कोल** इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) की अनुषंगी कंपनी साउथ ईस्टर्न कोल फील्ड्स लिमिटेड (एसईसीएल) द्वारा छत्तीसगढ़ से बाहर कोयला भेजने के संबंध में इंटक के राष्ट्रीय महासचिव एवं छत्तीसगढ़ इंटक के अध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने मांग की है कि सरकार को कोयला उत्पादन वाले राज्यों में सक्रिय उद्योगों को कोयला उपलब्ध कराने की प्राथमिकता देनी चाहिए। कोयला उत्पादक राज्यों के उद्योगों की जरूरतें पूरी करने के बाद गैर-उत्पादक राज्यों को कोयला आपूर्ति की जानी चाहिए।

श्रीसिंह ने इस संबंध में एक पत्र प्रधानमंत्री को लिखा है। पत्र में मांग की गई है कि पहले कोयला उत्पादक राज्यों में सक्रिय उद्योगों की जरूरतें पूरी की जाएं और फिर अन्य राज्यों को कोयला भेजा जाए। उन्होंने कहा कि ऐसा नहीं होने पर लोग विरोध पर उतारू हो सकते हैं। अगर सीपीपी आधारित उद्योगों को कोयले की आपूर्ति शीघ्र नहीं की गई तो वे बंद होने के कगार पर आ जाएंगे। लाखों मजदूरों की रोजी-रोटी संकट में पड़ जाएगी। इन सब बातों को देखते हुए विभिन्न राज्यों में कानून व्यवस्था बिगड़ने की आशंका है। श्रीसिंह बताते हैं कि एसईसीएल द्वारा उत्पादित कोयले का प्रयोग छत्तीसगढ़ स्थित उद्योगों और राज्य के बाहर के उद्योगों में किया जाता है पिछले एक वर्ष के दौरान एसईसीएल प्रबंधन ने सीपीपी आधारित उद्योगों के कोयले में लगातार कटौती की है। छत्तीसगढ़ का कोयला प्राथमिकता के आधार पर राज्य के बाहर स्थित पावर सेक्टर को उपलब्ध कराया जा रहा है। इससे सीपीपी आधारित उद्योगों के सामने अस्तित्व का संकट उत्पन्न हो गया है।

देश के कुल कोयला भण्डार का 18 प्रतिशत हिस्सा यानी 56 बिलियन टन कोयला छत्तीसगढ़ में है। राज्य के 250 से अधिक कैप्टिव विद्युत संयंत्रों पर आधारित उद्योगों को सुचारू रूप से चलाने के लिए 32 मिलियन टन कोयले की जरूरत है जो एसईसीएल के उत्पादन का मात्र 19 प्रतिशत है। एसईसीएल का सालाना उत्पादन 165 मिलियन टन है। वर्तमान में सीआईएल द्वारा कोयले का पर्याप्त उत्पादन होने के बावजूद छत्तीसगढ़, ओड़ीसा, पश्चिम बंगाल, आंध्र प्रदेश एवं तेलंगाना, झारखंड आदि राज्यों के सीपीपी आधारित उद्योगों को कोयला नहीं मिल पा रहा है। श्री सिंह ने इंटक की ओर से मांग की है कि छत्तीसगढ़ एवं देश के अन्य राज्यों के उद्योगों की रक्षा के लिए विभिन्न संयंत्रों के लिए रोड सेल एवं रेल सेल के जरिये कोयले की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए एवं प्राथमिकता के आधार पर सीआईएल प्रबंधन नॉन-पावर सेक्टर के विद्युत संयंत्रों को कोयले की आपूर्ति तत्काल प्रभाव से की जाए। इसके साथ ही श्री सिंह ने केंद्र सरकार की नीतियों पर भी सवाल उठाए।

उन्होंने नेपाल और भूटान जैसे पड़ोसी देशों को कोयला आपूर्ति करने पर कहा कि घरेलू उद्योगों की जरूरतें ही पूरी नहीं हो पा रही हैं। ऐसा नहीं है कि कोयला उत्पादन कम हो रहा है। दरअसल, सरकार की नीति ही गलत है। अगर हालात ऐसे ही बने रहे तो आने वाले दिनों में लोगों की नौकरियां जा सकती हैं। श्री सिंह ने सरकार एवं कोल इंडिया लिमिटेड को यह चेतावनी दी है कि मांगें पूरी नहीं होने की स्थिति में इंटक साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एसईसीएल) मुख्यालय के साथ-साथ विभिन्न प्रदेशों की कोल कंपनियों के मुख्यालयों का घेराव करेगी और अन्य राज्यों को भेजे जा रहे वाहनों का आवागमन भी बाधित किया जाएगा।

पायनियर
नई दिल्ली, शनिवार, 12 फरवरी , 2022



# रेडियो फीएस्टा में आनंद और गौरव ने बांधा समां

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

चैपालों और खेलों की लाइव कमेंट्री से लेकर कार में सफर करते हुए रेडियो ने अपने सफर में अहसासों को जिया है। रेडियो विविध भारती के जयमाला से एफएम चैनल के यादों का इडियट बॉक्स तक संवेदनाओं से भरा है।

यह विचार रेडियो महारानी की वरिष्ठ प्रबंधक सपना सूरी ने जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद ने दो दिवसीय रेडियो उत्सव रेडियो फीएस्टा' के समापन सत्र में बतौर विशिष्ट अतिथि व्यक्त किये। विश्वविद्यालय द्वारा अंतरराष्ट्रीय डिजिटल रेडियो- रेडियो महारानी के साथ मिलकर 'विश्व रेडियो दिवस' के उपलक्ष में 10 एवं 11 फरवरी को दो दिवसीय रेडियो उत्सव 'रेडियो फीएस्टा' का आयोजन किया गया।

मीडिया विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए सपना सूरी ने कहा कि सामाजिक सशक्तिकरण, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और शिक्षा के प्रचार प्रसार में रेडियो की अहम भूमिका रही है। विभिन्न सामाजिक क्षेत्रों में रेडियो के महत्व को समझने के लिए 'विश्व रेडियो दिवस' का आयोजन किया जाता है। इससे पहले कार्यक्रम की शुरूआत सरस्वती वंदना से हुई। कार्यक्रम के समन्वयक डॉ. पवन मलिक, एसोसिएट प्रोफेसर, संचार एवं मीडिया तकनीकी विभाग ने अतिथियों का स्वागत किया और कार्यक्रम का संक्षिप्त परिचय दिया। डॉ. पवन मलिक ने कहा कि लकड़ी के डिब्बे वाले ट्रांजिस्टर से मोबाइल के चिप में सिमटने वाले रेडियो ने अपने लंबे सफर में कई दौर देखे हैं। परिवर्तन के इस दौर में भी रेडियो दिलों की धड़कन बना रहा। लोगों में रेडियो को लेकर दीवानगी है। जहां एक तरफ सरकारी रेडियो स्टेशन लोगों तक ज्ञान का भंडार पहुंचा रहे हैं, वही प्राइवेट रेडियो स्टेशन मनोरंजन को एक अलग स्तर पर लेकर जा रहे है। रेडियो के विकास और विस्तार में भारतीय वैज्ञानिक जगदीश चंद्र बोस का योगदान प्रमुख रहा है जिन्होंने रेडियो और सूक्ष्म तरंगों की प्रकाशिकी पर कार्य किया। इस कार्यक्रम में डीन ऑफ इंस्टीट्यूशन्स प्रो. तिलक राज मुख्यातिथि रहे। प्रो तिलकराज ने कहा कि रेडियो की शुरुआत जनसेवा प्रसारण से हुई और यह एफएम से होते हुए डिजिटल रेडियो और पॉड्कास्ट तक पहुंचा है। रेडियो सूचनाओं के आदान प्रदान, नेटवर्किंग और अंतरराष्ट्रीय सहयोग के लिए प्रोत्साहित करता है। कार्यक्रम के अंत में लिबरल आर्ट्स एंड मीडिया स्टडीज के डीन प्रो. अतुल मिश्रा ने अतिथियों का साधुवाद किया तथा इस अवसर पर आयोजित प्रतियोगिता के विजेताओं को बधाई दी।


जेसीबोस विश्व विद्यालय में रेडियो उत्सव रेडियो फीएस्टा की प्रतियोगिता के विजेता अतिथिगण के साथ।

# कैमरों में नहीं आ रही सड़क हादसों की सही वजह

## ई-चालान 10,500 कटे, लेकिन सड़क हादसों में मौत कैसे हुई नहीं पता

कविता। फरीदाबाद

स्मार्ट सिटी परियोजना के तहत शहर में अनेक चौक चौराहों पर कैमरे लगे हुए हैं। जिसके तहत शहर में वाहन चालकों की सभी गतिविधियों पर ध्यान रखा जाता है। यातायात नियमों का पालन करने वालों के चालान तक उनके घर ऑनलाइन पहुंचा दिए जाते हैं। लेकिन शहर में मौजूद 1200 कैमरों की तीसरी आंख यहां होने वाले सड़क हादसों के वक्त पूरी तरह से नेत्रहीन साबित हो रहे हैं। ऐसा ही शहर में देखने को मिल रहा है। आए दिन होने वाले सड़क हादसे किस कारण और कैसे हुए इन कैमरों में कुछ नहीं दिखता। जिस कारण आरोपी बच निकलते हैं और पुलिस यहां वहां लगे सीसीटीवी जांच करती रह जाती है।

जानकारी के मुताबिक शहर में रोजाना कहीं न कहीं हादसे हो रहे हैं, लेकिन यह हादसे किस कारण हो रहे हैं, हादसों की जांच कैसे जा रही है। इसका जवाब किसी के पास नहीं है। जबकि स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के तहत शहर में 1200 कैमरे लगाए गए हैं। जिनसे पूरे शहर पर नजर रखने का दावा किया जा रहा है।

इन कैमरों में भी शहर की सड़कों पर होने वाले हादसों का पता नहीं चल पा रहा है। वहीं हम जनवरी 2022 की बात करें तो 42 सड़क हादसों में 23 लोगों की मौत और 32 लोग घायल हुए हैं। वहीं फरवरी में पिछले 11 दिनों से रोजाना सड़क हादसे हो रहे हैं। पिछले तीन वर्षो में 1680 सड़क हादसों में 622 लोग अपनी जान गवां चुके हैं और 1487 लोग घायल हुए हैं।


सेक्टर-22-23 के चौक पर दस दिनों से झुका हुआ कैमरा और टूटी रैलिंग

### कैमरों पर ध्यान नहीं

स्मार्ट सिटी के तहत 1200 कैमरे तो लगा दिए गए हैं, उनका कंट्रोल रूम भी सेक्टर-20बी में मौजूद स्मार्ट सिटी के दफ्तर में बना हुआ है। दफ्तर में मौजूद कर्मचारी यातायात नियमों को तोड़ने वालों को लगातार चालान घर भेज रहे हैं। इसी कड़ी में जनवरी 2022 में जहां 10 हजार 500 लोगों को ई-चालान भेजे गए हैं, लेकिन सड़क दुर्घटनाओं में मारे जाने वालों की मौते कैसे हो रही है, इसकी जानकारी इन कैमरों से नहीं मिल पा रही है। वहीं खराब हो चुके कैमरों की तरफ भी इनका ध्यान नहीं है। कैमरे सड़क की तरफ झुक जाने के बाद भी किसी ने पिछले दस दिनों से कोई ध्यान नहीं दिया है। सेक्टर-22-23 के चौक पर ऐसा ही देखने को मिल रहा है।

## मौलिक शिक्षा अधिकारी पर लगाया जुर्माना

फरीदाबाद। राज्य विकलांग आयोग ने जवाब न देने और विडियो कॉन्फ्रेंसिंग से न जुड़ने पर जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी पर 10 हजार रुपये का जुर्माना किया है। आयोग ने तीन सप्ताह में जुर्माना जमा कराने के निर्देश दिए हैं। सिरसा की विकलांग संघ उमंग के राज्य प्रधान बंसीलाल की शिकायत में राज्य विकलांग आयोज ने यह कदम उठाया है। बंसीलाल ने मांग की है कि हरियाणा के स्कूलों में जो विकलांग जेबीटी अध्यापक हैं, उन्हें हरियाणा सरकार के कोटे के अनुसार प्रमोशन में रिर्जेवेशन मिलनी चाहिए, जो की कई साल से मिल नहीं रहा है।

इस पर सुनवाई करते हुए आयोग ने अगस्त 2021 में मौलिक निदेशक से इस बारे में जवाब मांगा था, लेकिन वह पेश नहीं हो सके और न ही इस बारे में जवाब दिया। इससे की आयोग ने उन पर जुर्माना लगाया और उन्होंने मांग भी की कि उन पर जुर्माना न लगाया जाए। उन्होंने आयोग को बताया कि फरीदाबाद, कुरुक्षेत्र, चरखीदादरी, जींद, यमुनानगर, पलवल और नूंह समेत अन्य जिलों के जिला मौलिक शिक्षा अधिकारियों से इस बारे में जवाब मांगा था, लेकिन मौलिक अधिकारियों ने जवाब नहीं दिया। फिर इस मामले में विडियो कॉन्फ्रेंसिंग हुई, लेकिन इसमें फरीदाबाद समेत अन्य जिलों के मौलिक शिक्षा अधिकारी जुड़ नहीं पाए और न ही जवाब दिया।

# विधायक के आदेश पर ठेकेदार को किया ब्लैकलिस्ट


तिगांव में सीवर लाइन के कार्य का निरीक्षण करते तिगांव विधानसभा क्षेत्र के विधायक राजेश नागर।

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद


विधायक राजेश नागर ने आज तिगांव में सीवर, पानी और नाली खडंजा का काम करने वाले ठेकेदार की कंपनी को ब्लैकलिस्ट करवा दिया है। उन्होंने कहा कि ठेकेदार बार बार चेतावनी दिए जाने के बाद भी काम नहीं कर रहा था, जिससे लोगों को बड़ी परेशानियों को झेलना पड़ रहा था।

विधायक राजेश नागर ने गत 12 जनवरी को ठेकेदार के काम का औचक निरीक्षण किया था। तब ठेकेदार ने पब्लिक हेल्थ के अभियंताओं की मौजूदगी में विधायक से 15 दिन की मोहलत मांगी थी। लेकिन अब एक महीने बाद भी हालात में सुधार नहीं आने और जनता की मिल रही निरंतर शिकायतों के चलते विधायक राजेश नागर ने आज एक बार फिर क्षेत्र का दौरा किया। उन्होंने ठेकेदार के काम को संतुष्ट न करने वाला बताया और पब्लिक हेल्थ के कार्यकारी अभियंता को ठेकेदार का ठेका रद्द कर उसको ब्लैकलिस्ट करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि इसे आज ही कार्रवाई में ला दिया जाएगा। विधायक नागर ने बताया कि उन्होंने ठेकेदार के काम न करने के कारण कई बार मामले को संज्ञान में लिया। इसे विधानसभा में भी उठाया था।

### पिछली बार विधायक के औचक निरीक्षण में ठेकेदार ने मांगी थी 15 दिन की मोहलत

मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने विकास कार्यों के लिए खुला हाथ रखा हुआ है लेकिन इस प्रकार के ठेकेदार हमारे विकास कार्यों को अवरुद्ध करना चाहते हैं। इसलिए इनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है। नागर ने बताया कि काम की धीमी गति के कारण पूरा तिगांव खुदा हुआ मालूम पड़ता है। विभाग 18 करोड़ रुपये से अधिक की रकम खर्च कर लोगों को राहत देने की कोशिश कर रहा है लेकिन लोगों को इससे परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

## अब्राहम लिंकन पर आधारित टॉक शो आयोजित



एनएच तीन के सरकारी स्कूल में अब्राहम लिंकन पर हुए टॉक शो में शिरकत करती छात्रा।

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

शिक्षा विभाग के आदेशानुसार राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय एनआईटी तीन फरीदाबाद की जूनियर रेडक्रॉस, गाइड्स और सैंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड ने प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा की अध्यक्षता में सच्चाई, सादगी, संघर्ष, की प्रतिमूर्ति अमेरिका के सोलहवें राष्ट्रपति के जन्मदिवस पर टाकशो का आयोजन किया। इस वार्ता में विद्यालय की छात्राओं जिया, आरती, अध्यापिका अंशुल, प्राध्यापिका हेमा और प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा ने छात्राओं का अब्राहम लिंकन के महान व्यक्तित्व से परिचय करवाया। प्राध्यापिका हेमा, अध्यापिका अंशुल और छात्रा जिया और आरती ने कहा कि अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति अब्राहम लिंकन का संपूर्ण जीवन हम सभी को प्रेरणा देने वाला है। निर्धन परिवार में जन्मे लिंकन के जीवन का प्रत्येक पृष्ठ संघर्ष से सफलता की कहानी वर्णन करता है।

# 'इंडिया का बिंज-ए-थॉन' संग जी' मनाएगा वर्षगांठ

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

जी5, भारत के सबसे बड़े बहुभाषी कहानीकार और घरेलू वीडियो स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म ने मनोरंजन चाहने वालों के लिए, अपनी चौथी वर्षगांठ के उपलक्ष में 12 से 14 फरवरी के बीच 3 दिवसीय कैंपेन जी5 इंडिया का बिंज-ए-थॉन के लॉन्च की घोषणा की है। इस पहल का उद्देश्य मंच के मनोरंजन समावेशन के दीर्घकालिक लक्ष्य को पूरा करना है, यहां उपभोक्ता तीन दिनों के लिए शीर्ष प्रीमियम वेब श्रृंखला और विभिन्न भाषाओं में फिल्मों का आनंद मुफ्त उठा सकेंगे। उरी: द सर्जिकल स्ट्राइक, 14 फेरे, डायल 100, साइलेंस ?, कैन यू हियर इट, सनफ्लावर, स्टेट ऑफ सीज: 26/11, रंगबाज, और अभय एस1 हिंदी में और तमिल, तेलुगु, कन्नड़, मलयालम, बांग्ला और मराठी में फिल्मों और शो सेलेब्रिट्री ऑफर के तहत फ्री में उपलब्ध होंगे।

चौथी वर्षगांठ पर ब्रांड की एक और पेशकश, जी5 स्पार्क भी शामिल है, जिसका उद्देश्य जी5 की पहले से ही दमदार एवीओडी कंटेंट लाइब्रेरी को अहाना कुमरा, अमोल पाराशर, अदा शर्मा, प्रियांक शर्मा, नवीन कस्तूरिया इत्यादि जैसे अभिनेताओं द्वारा अभिनित कुछ बहुचर्चित वेब श्रृंखला जैसे हॉलिडे, रेडी 2 मिंगल, डूड, द ग्रेट इंडियन वेडिंग, हैप्पी एवर आफ्टर को पेश करके और मजबूत करना है। स्पार्क पर लोकप्रिय अभिनेता जैसे तापसी पन्नू, नसीरुद्दीन शाह, अनुपम खेर, नीना गुप्ता और जैकी श्रॉफ द्वारा अभिनित लघु फिल्में खीर इत्यादि की एक विशाल लाइब्रेरी भी एवीओडी उपयोगकर्ताओं के लिए उपलब्ध होगी। चौथी वर्षगांठ के अवसर पर टिप्पणी करते हुए, निमिषा पांडे, चीफ कंटेंट ऑफिसर, हिंदी ओरिजनल, जी5 ने कहा, 'ओटीटी की लोकप्रियता बढ़ने के साथ, कंटेंट की खपत लोकतांत्रिक हो गई, जिससे रचनाकारों के लिए नई अवधारणाओं एयर शैलियों के साथ कथा लिखने और विस्तार करने का मार्ग प्रशस्त हुआ।




## डीएचबीवीएन के एमडी का घेराव करेंगे कर्मचारी: लाम्बा

फरीदाबाद। प्रदेश में जारी कर्मचारियों की मांगों के विरोध व रोष प्रदर्शन के अग्रिम पड़ाव में हरियाणा कर्मचारी महासंघ से संबंधित बिजली कर्मचारी संगठन हरियाणा स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड वर्कर्स यूनियन की राज्य कमेटी द्वारा घोषित आगामी 14 फरवरी को दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम के प्रदेश मुख्यालय विद्युत सदन हिसार स्थित एमडी कार्यालय का घेराव किया जाएगा।

जिसमें हजारों की तादात में बिजली कर्मचारी बढ़चढ़ कर भाग लेते हुए इस एमडी कार्यालय के घेराव में पहुंचेगा। कर्मचारी नेताओं ने बिजली दफ्तरों का दौरा कर भारी संख्या में कर्मचारियों से इस होने वाले एमडी दफ्तर के घेराव करने और इस विरोध प्रदर्शन में पहुंचने का आह्वान किया। सर्किल सचिव सन्तराम लाम्बा ने बताया कि कर्मचारियों की समस्याओं के लिए आंदोलन होगा।

# पुलिस आयुक्त ने थाना सेंट्रल का किया औचक निरीक्षण

## दिशा-निर्देश देने के साथ ही हवलदार राज का जन्मदिन मना कर दी हार्दिक शुभकामनाएं

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

पुलिस आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा थानों का निरीक्षण करने के लिए फरीदाबाद के पुलिस थाना सेंट्रल पहुंचे। वहां पहुंचकर उन्होंने थाना परिसर के रिकार्ड्स चेक करने के पश्चात साफ सफाई का निरीक्षण किया। उन्होंने थाने के हर पुलिसकर्मी तथा वहां पर कार्य करने वाले सफाई कर्मी, कुक तथा वाटर कॅरियर से उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी ली।

उन्होंने कहा कि किसी भी मुलाजिम को यदि किसी भी प्रकार की समस्या है तो वह खुल कर उन्हें बता सकता है। उनके द्वारा उस मुलाजिम की हर संभव सहायता की जाएगी। इसी दौरान पुलिस आयुक्त को प्रधान सिपाही राज के जन्मदिन के बारे में जानकारी मिली। जिसके पश्चात उन्होंने हवलदार राज को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए केक मंगवाया। हवलदार राज ने पुलिस आयुक्त का धन्यवाद करते हुए कहा कि उन्हें बहुत खुशी महसूस हो रही है कि उनके जिले के सबसे बड़े पुलिस अधिकारी अपने पुलिस स्टाफ मेंबर्स का इतना ख्याल रखते हैं। ऐसा पहली बार हुआ है कि किसी पुलिस कमिश्नर ने एक हवलदार का जन्मदिन मनाया हो। पुलिस आयुक्त ने प्रधान सिपाही राज के उज्जवल भविष्य की कामना करते पुलिस विभाग में रहकर अच्छे कार्य करते रहने के लिए प्रोत्साहित किया।

इसके पश्चात उन्होंने थाना प्रभारी इंस्पेक्टर वीरेंद्र सहित सभी पुलिसकर्मियों उनके एरिया में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करने तथा अपराधिक गतिविधियों में शामिल संदिग्ध प्रकार के निगरानी के बारे में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पीड़ित की शिकायत पर तुरंत कार्रवाई करके उसे जल्द से जल्द न्याय दिलवाने का प्रयास करें।


सेंट्रल थाना में हवलदार को जन्मदिन की बधाई देकर मुंह मीठा करवाते पुलिस कमिश्नर विकास कुमार अरोड़ा।

## ट्रैक्टर चोर गिरोह का एक आरोपी गिरफ्तार

फरीदाबाद। क्राइम ब्रांच 56 प्रभारी राकेश कुमार की टीम ने गुप्त सूत्रों की सूचना के आधार पर ट्रैक्टर चोरी की वारदातों को अंजाम देने वाले गिरोह के एक सदस्य को गिरफ्तार किया है। इस मामले में आरोपी के दो अन्य साथी आजाद तथा मुबारिक गिरफ्तारी से बचने के लिए फरार चल रहे हैं। जिन्हें जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

गिरफ्तार किए गए आरोपी का नाम आमिर है, जो मेवात का रहने वाला है। आरोपी के खिलाफ पुलिस थाना आदर्श नगर, सराय, सेक्टर 58 तथा सदर बल्लभगढ़ में चोरी की धाराओं के तहत मुकदमे दर्ज है जिसमें आरोपी ने अपने साथियों के साथ मिलकर तीन ट्रैक्टर ट्रॉली तथा एक केंटर चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। क्राइम ब्रांच की टीम ने इस मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपी को धौज से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को अदालत में पेश करके तीन दिन के पुलिस रिमांड लिया गया जिसमें पूछताछ में सामने आया कि आरोपी नशा करने का आदी है और नशे की आपूर्ति के लिए चोरी की वारदात को अंजाम देते थे।

# मॉर्डन डीपीएस में बच्चों को लगी दूसरी डोज



मार्डन दिल्ली पब्लिक स्कूल में कोरोना की वैक्सीन लगाती स्वास्थ्य कर्मी।

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

मॉडर्न दिल्ली पब्लिक स्कूल में कक्षा दसवीं से बारहवीं तक के 15 वर्ष से 18 वर्ष तक के आयु वर्ग के छात्रों को कोवैक्सीन की दूसरी खुराक लगाई गई। स्कूल में आयोजित इस वैक्सीनेशन शिविर में सोशल डिस्टेंसिंग, मास्क आदि नियमों का पूरी तरह से पालन किया गया।

इस मौके पर स्कूल में ही छात्रों ने वैक्सीन लगवाने के लिए रजिस्ट्रेशन करवाया और वैक्सीन लगवाने के बाद छात्रों को आधा घंटे के आब्जर्वेशन में रखा गया। शिविर का आयोजन सिविल सर्जन स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से किया गया। इस मौके पर संस्थान के निदेशक प्राचार्य उदय वर्मा ने छात्रों व अभिभावकों का हौंसला बढ़ाते हुए कहा कि इस मुश्किल समय में हमें सकारात्मक दृष्टिकोंण रखने की जरूरत है ताकि हमें कोरोना से मुक्ति मिल सके। उन्होंने कहा कि कोरोना वैक्सीनेशन में छात्रों के साथ-साथ उनके अभिभावकों का उत्साह व सहयोग सराहनीय है। इस मौके पर बच्चों के साथ आए अभिभावकों ने स्कूल परिसर में ही कोरोना वैक्सीनेशन कैंप आयोजित करवाने तथा तमाम कोरोना नियमों का पालन करने पर स्कूल प्रबंधन का आभार व्यक्त किया। कहा कि अब अभिभावक इस बात को लेकर संतुष्ट हैं कि कोरोना से उनके बच्चे काफी हद तक सुरक्षित होंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### आउटसोर्सिंग कर्मचारी यूनियन के चुनाव सम्पन्न हुए


निगम सभागार के पार्क में आयोजित कार्यक्रम में शपथ लेते यूनियन के पदाधिकारी।

फरीदाबाद। नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा की इकाई नगर निगम आउटसोर्सिंग तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी कार्यालय कर्मचारी यूनियन के चुनाव नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के राज्य उपमहासचिव सुनील चिंडालिया, सर्व कर्मचारी संघ के जिला सचिव बलबीर बालगुहेर, जिला सचिव नानक चंद खैरालिया, सफाई कर्मचारी यूनियन के प्रधान गुरुचरण खांडिया, सचिव कृष्ण चिंडालिया, सुदेश कुमार, सीवर मैन यूनियन के प्रधान अनूप चिंडालिया, बेलदार यूनियन के प्रधान शहाबुद्दीन की देखरेख में संपन्न हुए। चुनाव में रणजीत शुक्ला को सर्वसम्मति से प्रधान चुना गया। आकाश को वरिष्ठ उपप्रधान, सुमन दहिया व सतीश को उपप्रधान, योगेश शर्मा सचिव, संजू कोषाध्यक्ष, अरुण भाटिया सह सचिव, रजनी ऑडिटर, संदीप रंगा संगठन सचिव, डेविड नागर सलाहकार, राजेश शर्मा प्रेस सचिव व सतीश पहलवान, परविंद्र शर्मा, अक्षय व कुलदीप को कार्यकारिणी सदस्य चुना गया। इस मौके पर नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के राज्य प्रधान नरेश कुमार शास्त्री ने चुने हुए प्रतिनिधियों को ईमानदारी व कर्मठता के साथ काम करने की शपथ ग्रहण करवाई।

### प्रियंका ने रोड शो में नीरज शर्मा को दिया आशीर्वाद


उत्तराखण्ड में चुनाव प्रचार को लेकर प्रियंका गांधी से बातचीत करते एनआईटी विधान सभा क्षेत्र के विधायक नीरज शर्मा।

फरीदाबाद। एनआईटी से विधायक नीरज शर्मा को प्रियंका गांधी का आशीर्वाद मिला। एनआईटी से विधायक नीरज शर्मा को अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी ने उत्तराखंड चुनाव के लिए तीन विधानसभा सीटों का प्रभारी नियुक्त किया हुआ है। नीरज शर्मा फिलहाल उत्तराखंड में चुनाव पार्टी की नीतियों के प्रचार में व्यस्त हैं। मंगलूर में राहुल गांधीजी की रैली के कार्यक्रम के बाद दीपेंद्र सिंह हुड्डा सांसद हरियाणा के साथ विधायक नीरज शर्मा ने मुरादनगर उत्तर प्रदेश में प्रियंका गांधी के रोड शो में हिस्सा लिया। रोड शो के दौरान ही प्रियंका गांधी ने विधायक शर्मा से उत्तराखंड चुनावों को लेकर चर्चा की और जमीनी हकीकत पर विस्तार से बात की। विधायक शर्मा द्वारा बताया गया कि उत्तराखंड में कांग्रेस पार्टी बहुमत से सरकार बनाने जा रही है, प्रियंका गांधी वाड्रा ने विधायक शर्मा की पीठ थपथपाते हुए उनका हौसला बढ़ाया।

### चौटाला की रिहाई किसानों के लिए खुशी का पल


डा. अजय सिंह चौटाला की रिहाई के बाद असोला फार्म हाउस दिल्ली में लड्डू बांटते जननायक जनता पार्टी के हरियाणा प्रदेश के सचिव प्रेम सिंह धनखड़ व अन्य।

फरीदाबाद। हरियाणा के पूर्व विधायक, सांसद एवं जननायक जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. अजय सिंह चौटाला की रिहाई किसान व कमेरे वर्ग के लिए खुशी का पल है। यह बात जननायक जनता पार्टी के हरियाणा प्रदेश सचिव प्रेम सिंह धनखड़ ने आज असोला फार्म हाउस दिल्ली में डा. अजय सिंह चौटाला को लड्डू खिलाते हुए कही। धनखड़ ने खुशी जताते हुए कहा है कि उनकी रिहाई किसान व कमेरे वर्ग के लिए एक बहुत बड़ी राहत एवं खुशियों से भरी है। जननायक जनता पार्टी के हरियाणा प्रदेश सचिव प्रेम सिंह धनखड़ ने कहा कि डा. अजय सिंह चौटाला ने कांग्रेसी षड्यंत्र से मिली जेल रूपी चुनौती का दृढ़ता से सामना किया और आपका वैचारिक संघर्ष जेल से भी जारी रहा। इस मौके पर जजपा के फरीदाबाद हल्के के अध्यक्ष कुलदीप तेवतिया, एन आई टी फरीदाबाद के जिला अध्यक्ष हाजी करामत अली, बल्लबगढ़ के हल्का अध्यक्ष दीपक चौधरी, आईटी प्रकोष्ठ के जिला संयोजक हरदत्त जांगड़ा, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिला संयोजक हाजी अख्तर हुसैन व जजपा के सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### रिहाई के बाद बधाई देने पहुंचे जजपा नेता श्याम सिंह



फरीदाबाद। वरिष्ठ जजपा नेता श्याम सिंह शुक्रवार को जजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अजय चौटाला से मिलने उनके निवास पर पहुंचे। उन्होंने अजय चौटाला को मिठाई खिलाई। प्रेम के वशीभूत अजय चौटाला ने भी श्याम सिंह को लड्डू खिलाकर गले लगाया। अजय चौटाला ने श्याम सिंह को फरीदाबाद के एनआईटी हलके से मजबूत तैयारी करने का संदेश दिया। श्याम सिंह की अजय चौटाला के साथ करीब एक घंटे तक गहन मंत्रणा हुई। जननायक जनता पार्टी इस बार श्याम सिंह को एनआईटी विधानसभा क्षेत्र से पार्टी प्रत्याशी के रूप में देख रही है। बता दें, श्याम सिंह की एनआईटी विस में अच्छी खासी पकड़ हैं। लोगों के सुख-दुख में हमेशा अग्रणी रहने वाले श्याम सिंह पार्टी की नीतियों के प्रचार-प्रसार के लिए लगातार विभिन्न क्षेत्रों में सामाजिक, धार्मिक संस्थाओं को जोड़ रहे हैं। वे नियमित रूप से रेजीडेंट वेलफेयर एसोसिएशनों के कार्यक्रमों में जाकर जजपा की लोकहित की नीतियों का प्रचार प्रसार कर रहे हैं। डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला के दिशा निर्देशानुसार वे लगातार जनता को पार्टी की विचारधारा से प्रभावित करने का कार्य कर रहे हैं।

### सरकार कर रही दीनदयाल उपाध्याय का सपने साकारः शर्मा

फरीदाबाद। एकात्म मानववाद के प्रणेता और अंत्योदय के जनक, जनसंघ के सह संस्थापक पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि भाजपा जिला कार्यालय सेक्टर 11 फरीदाबाद पर जिला अध्यक्ष गोपाल शर्मा और जिला पदाधिकारियों द्वारा मनाई गई। पंडित दीनदयाल उपाध्याय को पुष्पांजलि अर्पित कर उनके चित्र पर माला पहना कर उन्हें स्मरण किया गया और भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर जिला महामंत्री मूलचंद मित्तल, आर.एन सिंह मुख्य तौर पर उपस्थित रहे। जिला महामंत्री मूलचंद मित्तल ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं के लिए उनके द्वारा दिखाया गया मार्ग प्रेरणा देता है। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष मान सिंह, पंकज रामपाल, जिला सचिव हरेन्द्र भडाना, भारती भाकुनी, सुनीता बघेल, पुनीता झा, रविन्द्र त्यागी जिला मीडिया प्रभारी विनोद गुप्ता, सह प्रभारी राज मदान, नरेंद्र जैन आदि भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## चीनी विश्वविद्यालय

### परेशान भारतीय छात्र

**चीनी** विश्वविद्यालयों में पढ़ने वाले लगभग 23,000 भारतीय चिकित्सा छात्र गंभीर मुश्किल में फंस गए हैं। कोविड-19 के कारण चीन में लाकडाउन के कारण बंद होने पर छात्र भारत लौट आए थे। चीन अब उनको वापसी का वीसा नहीं जारी कर रहा है। वैसे तो इसका कारण संभवतः कठोर महामारी नीति बताया जा रहा है, लेकिन वास्तव में यह भारत के साथ वर्तमान सीमा संकट के कारण है। चीन ने इन छात्रों को अपना कार्यक्रम आनलाइन पूरा करने का विकल्प दिया है। परेशान छात्र इसके लिए भी तैयार हैं, लेकिन भारत के राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग ने स्पष्ट किया है कि वह केवल आनलाइन तरीके से पढ़े चिकित्सा पाठ्यक्रमों को मान्यता नहीं देगा। ऐसे में छात्रों के सामने एकमात्र विकल्प चीन से वीसा देने की प्रार्थना करना और उम्मीद करना बचा है कि वे अपने कार्यक्रम पूरे कर सकेंगे जिनमें पहले ही काफी विलम्ब हो चुका है। वे इस संकट में अकेले नहीं हैं। एशियाई मूल के हजारों छात्र इसी संकट का शिकार हैं जिनमें ब्रूनेई, सिंगापुर, थाईलैंड व वियतनाम के छात्र शामिल हैं। चीनी विदेश मंत्रालय लगातार यह बयान दुहराता रहता है कि वे विदेशी छात्रों को वापसी की अनुमति पर विचार कर रहे हैं। लेकिन पता नहीं यह 'कब' होगा। छात्रों को सितंबर में नए प्रवेश मिलने के समय से वीडियो मिल रहे हैं जिनमें दिखाया गया है कि होस्टलों में छूट गए उनके सामान को एक जगह एकत्र किया जा रहा है ताकि नए छात्रों के बैच को स्थान दिया जा सके। जिन छात्रों ने आनलाइन कक्षाओं का विकल्प दिया है, उनको स्नातक



उपाधि तो मिल जाएगी, लेकिन उनको कोई व्यावहारिक अनुभव नहीं होगा और उनमें से अनेक ने मृत शरीर तक नहीं देखा होगा।

लद्दाख टकराव के बाद 200 चीनी एपों पर प्रतिबंध के बाद इन छात्रों को अविश्वसनीय वीपीएन साफ्टवेयर का प्रयोग आनलाइन कक्षाओं के लिए करना पड़ रहा है। इसके बाद से छात्रों ने विदेशी भारतीय मामला कार्यालय व विदेश मंत्रालय से संपर्क किया है तथा प्रधानमंत्री को एक खुला पत्र भी लिखा है। 13 फरवरी को उन्होंने अपने परिवारों और समर्थकों के साथ मिल कर एक ट्विटर अभियान शुरू किया है ताकि अपनी पीड़ा उजागर कर सकें। वास्तव में छात्र जोखिमों को समझते हुए अध्ययन करने चीन गए थे। लेकिन वे वैश्विक महामारी फूटने या इस तथ्य का अनुमान नहीं लगा सके थे कि चीन उनका प्रयोग भारत के साथ एकपक्षीय टकराव में मुहरे की तरह करेगा। लेकिन चीन मंगोलिया, सिंगापुर व पाकिस्तान से छात्रों की वापसी के निर्णय को किस आधार पर उचित ठहरा सकता है, जबकि वह भारतीय छात्रों के मामले में खामोश है? चीनी अधिकारियों को निश्चित रूप से भारत सरकार तथा भारतीय छात्रों के समक्ष स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए। कुछ वेबसाइटों ने 2022 के सत्र के लिए भारतीय छात्रों को चीनी विश्वविद्यालयों में आमंत्रित करना शुरू कर दिया है। इन विज्ञापनों में हजारों फंसे भारतीय छात्रों की समस्याओं का कोई उल्लेख नहीं है। इन विश्वविद्यालयों को भारत में विज्ञापन की अनुमति का अर्थ है कि उनका इरादा आनलाइन कार्यक्रम जारी रखना है। भारत सरकार को विदेश मंत्रालय तथा एनएनसीएम के माध्यम से संभावित छात्रों को आसन्न खतरों व अनिश्चितता से परिचित कराना चाहिए। चीनी विश्वविद्यालयों में प्रवेश लेने पर उनके सामने ऐसे संकट आ सकते हैं।

# राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव

### सरकार द्वारा तैयार किया गया अभिभाषण संसद में राजनीतिक पार्टियों को उसकी कमियां और गलतियां बताने का अवसर देता है।



**देवेंद्र सिंह असवाल**
(लेखक लोकसभा के पूर्व अपर सचिव हैं)



परम्परागत रूप से संसद के दोनों सदन राष्ट्रपति को उनके अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पास कर संबोधन के प्रति अपना आभार प्रकट करते हैं जो वे केन्द्रीय बजट पेश करने के पहले संयुक्त सत्र में देते हैं। अनुच्छेद 87-1 राष्ट्रपति पर जिम्मेदारी डालता है कि वे सदन के दोनों सदनों को संयुक्त रूप से संबोधित करें जो प्रत्येक लोकसभा चुनाव के बाद पहला सत्र तथा हर साल पहला सत्र शुरू होने पर होते हैं। दोनों सदनों में धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा होती है जिसे एक सदस्य पेश करता है तथा दूसरा समर्थन करता है। स्थापित प्रक्रिया के माध्यम से प्रधानमंत्री धन्यवाद प्रस्ताव रखने वाले सदस्यों का चयन करते हैं और इस पर चर्चा को बहुत महत्व दिया जाता है।

इसमें देश के सामने मौजूद अनेक मुद्दों पर विचार होता है जो राष्ट्रपति पेश करते हैं और विपक्ष के दृष्टिकोण से उनका समावेश नहीं होता है। राष्ट्रपति के संबोधन को 'स्टेट आफ यूनियन एडरेस' के नाम से भी जाना जाता है। इस शब्द का प्रयोग अमेरिकी कांग्रेस में होता है जब राष्ट्रपति प्रतिनिधि सदन में स्टेट आफ यूनियन संबोधन के लिए अनेक समारोहों व शानोशौकत से भरे आयोजन में आते हैं। कार्यकारी शक्तियों के प्रमुख होने के नाते अमेरिकी राष्ट्रपति अपना संबोधन स्वयं तैयार करते हैं और ऐसे ही एक अवसर पर राष्ट्रपति कैनेडी ने नेहरू की राजनयिक क्षमता का उल्लेख करते हुए बताया था कि नेहरू ने उनके विश्व दृष्टिकोण को कैसे प्रभावित किया था। अमेरिका में प्रथम राष्ट्रपति जार्ज वाशिंगटन ने इस परंपरा की शुरुआत की थी, लेकिन दूसरे राष्ट्रपति थामस जेफर्सन ने इसे अत्यधिक राजशाहीपूर्ण बता कर छोड़ दिया था। इस परंपरा को वुडरो विल्सन ने 1913 में पुनः शुरू किया।

इंग्लैंड में यह संबोधन शासक द्वारा दिया जाता है और इसे 'स्पीच फ्राम द थ्रोन' कहा जाता है। मंत्रिपरिषद द्वारा तैयार यह भाषण हाउस आफ लार्डस में एकत्र संसद सदस्यों को दिया जाता है। भारत में इसकी शुरुआत भारत सरकार कानून, 1919 से हुई थी जिसके अंतर्गत तत्कालीन गवर्नर जनरल ने संसद के दोनों सदनों को 1921 में संबोधित किया था। संवैधानिक दायित्व के अंतर्गत भारत के राष्ट्रपति सदस्यों को सरकार के विभिन्न कार्यक्रमों व प्राथमिकताओं की जानकारी लगभग एक घंटे लंबे भाषण में देते हैं। विरले ही राष्ट्रपति अपने पढ़े जाने वाले भाषण को मंत्रिपरिषद के पास पुनर्विचार के लिए भेजते हैं। सरकार द्वारा तैयार किए संबोधन में राष्ट्र की वर्तमान स्थिति की जानकारी होती है और यह संसद में राजनीतिक पार्टियों को महान अवसर देता है कि वे सरकार की कमियों और गलतियों का उल्लेख कर सकें। चर्चा के लिए काफी समय दिया जाता है और बहस में सदन के सभी पक्षों के लोग हिस्सा लेते हैं। आमतौर से पहली लोकसभा के समय से शुरू धन्यवाद प्रस्ताव पर इस चर्चा के लिए बारह घंटे का समय दिया जाता है।

पहली लोकसभा ने इस पर अधिकतम 16 घंटे समय दिया था, जबकि दसवीं लोकसभा में यह 10 घंटे था। धन्यवाद प्रस्ताव पर बोलने वाले प्रमुख वक्ताओं का चयन राजनीतिक पार्टियां, खासकर सत्तारूढ़ पार्टी और मुख्य विपक्षी पार्टी काफी सोच समझ कर करती हैं। इस वर्ष प्रस्ताव पर चर्चा की शुरुआत भाजपा के हरीश त्रिवेदी ने की। वे बस्ती संसदीय सीट का दूसरी बार प्रतिनिधित्व कर रहे हैं जहां वर्तमान समय में चुनाव हो रहे हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री के नेतृत्व

> कांग्रेस प्रधानमंत्री के भाषण से इतनी आहत हुई कि उसने विरोध में बहिर्गमन किया। इस प्रकार धन्यवाद प्रस्ताव बिना किसी संशोधन के ध्वनि मत से स्वीकार किया गया। इसके बावजूद प्रधानमंत्री द्वारा 'सामंजस्य के साथ एकजुट होकर चर्चा करने और काम करने' की सलाह ने जोश के साथ उम्मीद को जन्म दिया है।

में योगी सरकार द्वारा दिए सुशासन पर ध्यान दिया। विपक्ष की ओर से पहले वक्ता राहुल गांधी ने सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने अमीरों और गरीबों के बीच बढ़ती खाई, एकाधिकारी कंपनियों के बनने व कुछ लोगों के हाथों में असाधारण रूप से पैसा एकत्र होने, अनौपचारिक क्षेत्र के विनाश, बेरोजगारी और रोजगारों में कमी, जनता और भाषाओं के बीच संबंध कमजोर होने, संस्थाओं के कमजोर होने तथा भारत के रूप में राज्यों के संघ का विचार कमजोर पड़ने पर ध्यान आकर्षित किया। तृणमूल कांग्रेस की महुआ मोइत्रा अपने आक्रामक स्वरूप में नजर आईं और उन्होंने अध्यक्ष के हस्तक्षेपकारी उद्देश्य की भी आलोचना की।

प्रधानमंत्री ने राष्ट्रपति के संबोधन पर हुई बहस का लगभग डेढ़ घंटा बहस का जवाब दिया तथा वैश्विक महामारी के चुनौतीपूर्ण समय में अपनी सरकार के शानदार प्रदर्शन का उल्लेख किया। उन्होंने लोकतंत्र में नागरिकों की जिम्मेदारी का महत्व बताने के लिए नेहरू का संदर्भ दिया जिसमें कांग्रेस के अधीर रंजन चौधरी ने हस्तक्षेप किया। प्रधानमंत्री ने बीच-बीच में हल्के-फुल्के मजाक भी किए। प्रधानमंत्री ने विस्तार से अपनी सरकार के खिलाफ लगाए आरोपों तथा प्रमुख विपक्ष के व्यवहार पर बात रखी। धन्यवाद प्रस्ताव पर 2-7 फरवरी के बीच 12 घंटे से अधिक चर्चा हुई। बहस की भाषा शैली में सत्ता पक्ष व विपक्ष के बीच तीखी नोकझोंक भी शामिल है। इसे देखते हुए शेक्सपियर की पंक्तियां दिमाग में आईं कि 'जब मैं फकीर हूं तो कहूंगा कि अमीर बनने के सिवा और कोई पाप नहीं है तथा अमीर बन जाने के बाद मैं यह कहूंगा कि फकीर होने से बुरी कोई बात नहीं है।' सदन ने संशोधनों को अस्वीकार कर दिया और धन्यवाद प्रस्ताव ध्वनि मत से स्वीकार किया गया। इसके साथ ही राज्यसभा में भी लगभग 11 घंटे बहस हुई और प्रधानमंत्री ने उसका जवाब दिया।

राज्यसभा में विचारोत्तेजक भाषण हुए। विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने सरकार पर तीखा हमला बोला जिससे उनकी ही पार्टी के कुछ लोग असहज हो गए। उन्होंने धन्यवाद प्रस्ताव पर अपने लिए आबंटित एक घंटे के बजाय डेढ़ घंटे का समय लिया। समाजवादी पार्टी के प्रोफेसर रामगोपाल यादव ने कहा कि मैं दुःखी मन से आदर्श संसदीय परंपरा को देखते हुए प्रस्ताव का समर्थन करता हूं। उन्होंने वैश्विक महामारी में फ्रंटलाइन वर्करों की भूमिका की प्रशंसा की और दुःख प्रकट किया कि मंत्रिपरिषद द्वारा तैयार राष्ट्रपति का संबोधन गणतंत्र की सही स्थिति प्रकट नहीं करता है।

राजद के मनोज झा ने रेखांकित किया कि संबोधन निष्पक्ष होना चाहिए तथा इसे 'देश के समक्ष मौजूदा परिस्थितियों व दिशा का ब्लूप्रिंट होना चाहिए।' उन्होंने 31 जनवरी, 1950 को प्रथम राष्ट्रपति डा. राजेन्द्र प्रसाद के संबोधन की याद दिलाई। उन्होंने यह उल्लेख भी किया कि यह परंपरा भारत सरकार कानून, 1919 से उपजी ब्रिटिश विरासत है और संकेत किया कि केवल व्यापक सोच वाले लोग ही न्यायोचित दृष्टिकोण अपना सकते हैं। अपने एक घंटा छब्बीस मिनट लंबे भाषण में प्रधानमंत्री ने राष्ट्रपति के संबोधन में व्यक्त सरकार की नीतियों व प्राथमिकताओं की व्याख्या करते हुए कांग्रेस पर तीखा हमला बोला। उन्होंने गोवा की मुक्ति अभियान में अनिच्छा दिखाने के लिए नेहरू की आलोचना की।

अपने भाषण के अंत में प्रधानमंत्री ने ऋग्वेद के एक मंत्र का संदर्भ दिया जो 'सामंजस्य के साथ एकजुट होकर चर्चा करने और काम करने' की सलाह देता है। कांग्रेस प्रधानमंत्री के भाषण से इतनी आहत हुई कि उसने विरोध में बहिर्गमन किया। इस प्रकार धन्यवाद प्रस्ताव बिना किसी संशोधन के ध्वनि मत से स्वीकार किया गया। इसके बावजूद प्रधानमंत्री द्वारा 'सामंजस्य के साथ एकजुट होकर चर्चा करने और काम करने' की सलाह ने जोश के साथ उम्मीद को जन्म दिया है। निश्चित रूप से इस पर हमारे बीच चर्चा की आवश्यकता है क्योंकि 'हम भारत के लोग' ने राज्यों का संघ तथा संप्रभु लोकतांत्रिक गणतंत्र बनाया है।

# लंबा खिंच सकता है हिजाब पर विवाद

**प्रफुल्ल गोराड़िया**
(लेखक पूर्व राज्यसभा सदस्य हैं)



8 फरवरी को कर्नाटक के उडुपी जिले के महात्मा गांधी मेमोरियल कॉलेज में काले कपड़े पहने और विरोध में चिल्लाने वाली कॉलेज जाने वाली युवा लड़कियों ने बुर्का पहना था, हिजाब नहीं। पश्चिम एशिया को छोड़कर तुलनात्मक रूप से बहुत कम महिलाएं बुर्का पहनती हैं। यदि यह इस्लाम का पालन करने वालों के लिए एक आवश्यक धार्मिक प्रथा थी, तो दुनिया में अधिकांश मुस्लिम महिलाओं को गैर-आस्तिक कहा जाएगा, जैसा कि पैगंबर मोहम्मद द्वारा निर्धारित किया गया था। न्यायमूर्ति कृष्णा एस दीक्षित के समक्ष पैरवी कर रहे अधिवक्ता कामत स्पष्ट रूप से भ्रमित थे। एक हिजाब बुर्का की तुलना में बहुत छोटा होता है और बाद वाले की तरह इसे एकांत के माध्यम के रूप में परिभाषित किया जाता है। डिक्शनरी ऑफ इस्लाम (थॉमस पैट्रिक ह्यूजेस; रूपा एंड कंपनी, 1999 द्वारा प्रकाशित) के अनुसार, बुर्का को महिलाओं के एकांत का घूंघट कहा जाता है, जब वे %विदेश% चल रही होती हैं, जिसका अर्थ शायद किसी अपरिचित जगह पर टहलना होता है। जैसा भी हो, कर्नाटक से शुरू हुआ मौजूदा हिजाब विवाद एक नागरिक टकराव के सभी कारण हैं। बड़ी संख्या में छात्र जय श्री राम के नारों के साथ सड़कों पर उतर आए हैं। पुलिस कर्मी और अधिकारी उन्हें शांत करने की पूरी कोशिश कर रहे हैं, लेकिन प्रदर्शनकारी छात्रों ने एक वाजिब बात उठाई है। एक कथित धर्मनिरपेक्ष देश में शैक्षणिक संस्थान ऐसी जगह नहीं हैं जहां धार्मिकता के खुले प्रदर्शन की अनुमति दी जानी चाहिए। यदि पसंद और आस्था की स्वतंत्रता के नाम पर छात्रों के एक झुंड के धार्मिक प्रतीकों को बर्दाश्त किया जाना है, तो उनके माथे पर भगवा स्कार्फ या तिलक लगाने की मांग करने वालों को समान अधिकार से वंचित करने का कोई आधार नहीं हो सकता है। एडवोकेट कामत ने यह कहकर हिजाब-खेलने वाली भीड़ का बचाव करने के लिए जल्दी किया है कि परिधान पहनना इस्लाम का पालन करने वालों के लिए एक आवश्यक धार्मिक प्रथा है, लेकिन यह फिर से वास्तविक मुद्दे को दरकिनार करना चाहता है। सबसे पहले, वकील के अनुसार, जो मुस्लिम महिलाएं हिजाब नहीं पहनती हैं, क्या वे



स्वतः ही गैर-अनुयायियों की श्रेणी में आ जाती हैं? हालाँकि, अधिक महत्वपूर्ण एक और मुद्दा है।

एक राज्य जो खुद को धर्मनिरपेक्ष कहता है, उसे किसी विशेष धर्म की %आवश्यक प्रथाएं% क्या हैं या क्या होनी चाहिए, इसका क्या कानूनी या संवैधानिक अधिकार है? यह वही है जो कामत जैसे कानूनी दिग्गज, जो हिजाब पहनने के अधिकार की मांग कर रहे हैं, कुछ विशेष समुदाय के धार्मिक रूढ़िवाद के राज्य को लागू करने की मांग कर रहे हैं। कुछ अन्य राज्य, विशेष रूप से मध्य प्रदेश, यह कहकर इस मुद्दे में शामिल हो गए हैं कि छात्रों को शैक्षणिक संस्थानों में निर्धारित ड्रेस कोड का पालन करना आवश्यक है, भले ही वे अपने संबंधित निजी स्थानों पर परंपराओं का पालन कर रहे हों। मध्य प्रदेश के शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार ने कर्नाटक हिजाब विवाद पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि अगले सत्र से राज्य सरकार वर्दी ड्रेस कोड से संबंधित नियम और कानून जारी करेगी। धार्मिक, संवैधानिक और कानूनी तर्कों के अलावा, देश के संबंधित नागरिकों को मौजूदा हिजाब विवाद पर अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है। नवीनतम पंक्ति कर्नाटक से शुरू हुई है, जो एक दक्षिणी भारतीय राज्य है, जहां 1947 में ब्रिटिश शासन से भारत की स्वतंत्रता प्राप्त करने से पहले से ही अलगाववादी भावनाओं को भड़काने का प्रयास किया जा रहा है। कर्नाटक भी एक ऐसा राज्य है जो हाल ही में हिंदू पहचान का पुनर्मूल्यांकन कर रहा है। दशक। 2014 में सत्ता गंवाने वालों के वर्गों द्वारा अति-त्वरित प्रतिक्रियाएं देश को अंतरराष्ट्रीय मंच पर एक घिनौनी रोशनी में चित्रित करने के लिए परेशानी को भड़काने के लिए उनकी भागीदारी का एक स्पष्ट संकेत हैं। यहां बड़ी साजिश के शेड्स मिस नहीं किए जा सकते।

यदि हिजाब, नकाब और बुर्का %पसंद% का मामला है, जैसा कि उनके कई माफी मांगने वाले टेलीविजन पैनल और अखबार के कॉलम में दावा कर रहे हैं, तो कुछ लड़कियों को इसे अभी पहनने और इसे राजनीतिक विवाद का विषय बनाने की तात्कालिकता पर भी सवाल उठाया जाना चाहिए। . साथ ही संभावना है कि कहानी यहीं खत्म नहीं होगी। सबसे अधिक संभावना है, स्कूल और कॉलेज परिसर में नमाज अदा करने की अनुमति के लिए कुछ हलकों से मांग उठाई जाएगी, क्योंकि इनमें भी यकीनन आवश्यक धार्मिक प्रथाएं शामिल होंगी। सार्वजनिक पूजा और आरती के रूप में एक प्रतिक्रिया प्रकट होने में देर नहीं लगेगी। इसके बाद नमाज करने के लिए एक अलग जगह की मांग की जाएगी। क्या चीजें वहीं रुक जाएंगी? कम संभावना; राजनेताओं द्वारा समर्थित कॉलेज कैंटीन में अलग हलाल काउंटर की मांग जल्द ही गूंज उठेगी। यह कल्पना के क्षेत्र में नहीं है क्योंकि अमेरिका और कुछ अन्य पश्चिमी देश भी ऐसी मांगों का विरोध कर रहे हैं। इसके अलावा, अनिवार्य प्रार्थना के लिए कक्षा की अवधि से समय की मांग का पालन किया जाएगा। देश में बदले और बदलते राजनीतिक मिजाज को देखते हुए, यह समझ से बाहर नहीं है कि बहुसंख्यक समुदाय की प्रतिक्रिया जल्द ही सामने आएगी। वर्तमान पंक्ति शायद यह भी प्रदर्शित करती है कि यह देश के लिए एक समान नागरिक संहिता की अत्यधिक आवश्यकता पर ध्यान केंद्रित करने का उपयुक्त क्षण है, जिसके बिना धर्मनिरपेक्षता की सभी बातें सबसे अच्छी तरह से एक शिबोलेश बनकर रह जाएंगी। भारत, वास्तव में, एक ऐसे देश का अनूठा मामला बना हुआ है, जो धर्मनिरपेक्षता की कसम खाता है, जिसे वह परिभाषित करने से इनकार करता है।

## आप की बात

### धर्म के नाम पर विवाद

**यह** विडंबना हैं कि शिक्षण संस्थान जो की ज्ञान प्राप्ति का स्थान हैं, जहां सब एक समान हैं वहां धर्म के नाम पर विवाद हो रहे हैं साथ ही परदे के पीछे से इसमें राजनीति अहम भूमिका निभा रही है। जहां एक तरफ दुनिया भर में लड़कियों-महिलाओं को पर्दे में रखने वाले परिधानों का परित्याग किया जा रहा है वही दूसरी तरफ कर्नाटक में मुस्लिम छात्राएं हिजाब पहनने की जिद कर रही हैं।शिक्षा संस्थान ड्रेस कोड लागु इसलिए करती है ताकि सभी छात्र-छात्राएं मे समानता का बोध हो, कोई एक दूसरे को अपने से कम ना आके। किसी स्कूल में वहां के यूनिफार्म होने के बावजूद उसका पालन न करना और अपने हिसाब से पहनावा तय करना गलत हैं। और अगर किसी को अपने धर्म की पढ़ाई करनी हो तो उसके लिए भी संस्थान हैं, आप वहां पर जाकर पढ़ाई कर सकते हैं। इस मुद्दे के चलते देश की कई प्रगतिशील मुस्लिम महिलाएं, जो खुद हिजाब नहीं पहनतीं, वे उसके पक्ष में अभियान छेड़े हुए हैं। इस क्रम में प्रियंका गांधी ने तो हदे पार करके स्कूलों में बिकिनी और घूंघट की वकालत कर दी है। यह पाखंड हैं, दोगलापन हैं। यदि किसी भी धर्म का प्रचार स्कूलों मे हो रहा है तो वो गलत हैं और उसे बढावा नहीं दिया जाना चाहिए।

– **विभुक्ति बुपक्या,** आष्टा, मप्र

### शिक्षण संस्थान में धर्म

**भारत** हमेशा से अपनी अनेकता में एकता के बारे में जाना जाता रहा है। जिसका अपना फायदा और नुकसान भी है।हम सब इतिहास को भलीभांति जानते और समझते हैं आखिर किस तरह से अंग्रेजों ने हम पर शासन किया। आज भी कई राजनैतिक दल इसी का सहारा लेते हुए सत्ता में आते रहते है। लेकिन हाल ही में शुरू हुआ, कर्नाटक हिजाब मामला, तूल पकड़ रहा रहा। ऐसे में न्यायालय ने भी शिक्षण संस्थान को अगले कुछ दिनों के लिए बंद कर दिया जिससे कि धार्मिक असहिष्णुता न बढ़े। इस मामले को सिर्फ धर्म के आईने से नहीं देखना चाहिए, बल्कि यह सोचने की जरूरत है कि शिक्षण संस्थान में किसी विशेष धर्म के कपड़े को पहनकर, समानता नहीं लाया जा सकता। यह जरूर हो सकता है कि धर्म विशेष के लोग इसका पालन करे, अपने हिजाब या बुर्के को पहने, लेकिन जिस समय वे कक्षा में आए, उस दौरान के लिए समान ड्रेस में रहे। ऐसा तो बिल्कुल भी नहीं है कि कहीं भी बुर्के और हिजाब को पहनने पर रोक लगायी जा रहीं। संविधान भी हमे अधिकार देता है कि हम अपने मन, धर्म और आस्था के मुताबिक पहने, खाए और रहे।

– **अमन जायसवाल,** दिल्ली विश्वविद्यालय


### मतदान हमारा दायित्व

**उत्तर** प्रदेश में प्रथम चरण का मतदान संपन्न हो चुका है। जिसमें लगभग 60 प्रतिशत वोटिंग हुई सभी दलों द्वारा भरपूर प्रयास करने के बावजूद भी शहरी वोटरों की अधिकता वाले इस प्रथम चरण में मात्र 60 प्रतिशत मतदान, मतदाताओं की उदासीनता को प्रकट करता है। और मतदान को अनिवार्य किए जाने की आवश्यकता को भी दर्शाता है। यदि ऐसा नहीं हुआ तो लोग मतदान का अपना दायित्व महसूस नहीं करेंगे। वैसे तो लोग फ्री राशन व मुफ्त की वस्तुओं के लिए तो घंटों लाइन में खड़े रह जाते हैं। मगर वोटिंग जैसे राष्ट्रीय हित के कार्य के लिए उनके पास समय नहीं होता। यह लोकतंत्र के अनुकूल नहीं है। माना कि वोटर लिस्ट से 10प्रतिशत मतदाता कहीं बाहर गए हों यह वह उपलब्ध ना हो तब भी 80 से 90 प्रतिशत के लगभग मतदान तो होना ही चाहिये तभी विश्व के सबसे बड़े प्रजातंत्र में परिपूर्ण जनभागीदारी का एहसास होगा। आशा है अगले चरणों में व अन्य राज्यों के मतदान में हर वोटर अपने सब जरूरी काम छोड़कर सबसे पहले मतदान केंद्र पर मतदान करने जाएगा!

– **सुभाष बुड़ावनवाला**, रतलाम

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



**शिक्षा** में हिजाब को आने देकर हम भारत की बेटियों का भविष्य बर्बाद कर रहे हैं।
– **राहुल गांधी**
कांग्रेस नेता



**संवाद** जरूरी है क्योंकि यही एकमात्र चीज है जो यूरोप में सुरक्षा और स्थिरता बनाने में मदद करेगी।
– **इमैन्यूल मैक्रां**
फ्रांस के राष्ट्रपति



**उत्तराखंड** में कांग्रेस जब भी सत्ता में आती है तो एक परिवार के विकास के लिए काम करती है।
– **जेपी नड्डा**
राष्ट्रीय अध्यक्ष भाजपा



# दूसरे चरण में बसपा के हाथ खाली

## सबसे अधिक मुस्लिमों पर भरोसा

● देवबंद-बरेलवी की सक्रियता से लेकर आजम खान का रामपुर इसी चरण में

**सतीश सिंह।** लखनऊ

2017 के विधानसभा में भाजपा की ऐसी बयार चली कि दूसरे चरण में आने वाले नौ जिलों की 55 सीटों में से एक भी सीट बसपा के खाते में नहीं आई। जबकि पिछले चुनाव में भी बसपा ने मुस्लिम वोट बैंक पर भरोसा करते हुए 17 मुस्लिम उम्मीदवार उतारे थे। इस बार पार्टी ने सबसे अधिक 23 मुस्लिम उम्मीदवार मैदान में उतारे हैं। फिलहाल इस चरण में तो बसपा के पास खोने को कुछ नहीं है इसलिए पार्टी की उम्मीद भी इसी चरण से है।

कर्नाटक में हिजाब का मुद्दा उठने के बाद विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण में भारतीय जनता पार्टी के लिए चुनौतियां पहले की अपेक्षा बढ़ गई हैं क्योंकि दूसरे चरण में मतदान वाली 55 सीटों में से ज्यादातर में मुस्लिम आबादी की बहुलता है। इन चुनावों के दौरान बरेलवी तथा देवबंद सहारनपुर के मुस्लिम धर्म गुरुओं की भी सक्रियता भी बढ़ जाती है।

देवबंद और सहारनपुर जिला दोनों ही इस चुनाव में आते हैं। यह बात दीगर है कि पिछली बार देवबंद में भी भगवा लहराया था। पर ध्यान रहे कि पिछले विधानसभा चुनाव में जहां सपा और कांग्रेस को कुल 17 सीटों पर जीत मिली वहीं लोकसभा चुनाव में इस इलाके की 11 सीटों में सात सीटें बसपा-सपा गठबंधन के हिस्से आयीं।

इनमें से चार सीटों सहारनपुर, नगीना, बिजनौर और अमरोहा पर बसपा जीती जबकि सपा को मुरादाबाद, संभल और रामपुर की तीन सीटों पर जीत मिली थी। इससे एक बात साफ है कि इस गढ़ में मुस्लिम, जाट और दलित मतदाताओं के गठजोड़ का फार्मूला कामयाब हुआ था। इस बार सपा, बसपा और कांग्रेस तीनों के अलग-अलग चुनाव मैदान में होने से राजनीतिक समीक्षकों का दावा है कि मतों का बिखराव होगा और भाजपा को इसका लाभ मिल सकता है।



### बसपा ने इन पर जताया भरोसा

**दूसरे** चरण के चुनाव को लेकर बसपा ने लगभग आधे 23 मुस्लिम उम्मीदवारों को शामिल किया है। मायावती ने जिन मुस्लिम उम्मीदवारों को चुनाव मैदान में उतारा है उनमें सहारनपुर जिले की बेहट सीट से रईस मलिक, नकुड़ से साहिल खान गंगोह से नोमान मसूद शामिल हैं। इनके अलावा बिजनौर जिले की नजीबाबाद सीट से शाहनवाज आलम,बढ़ापुर से मुहम्मद गाजी, धामपुर से कमाल अहमद, चांदपुर से डा. शकील हाशमी और नूरपुर से हाजी जियाउद्दीन अंसारी को टिकट मिला है। इसी तरह मुरादाबाद जिले में कांठ से आफाक अली खान, ठाकुरद्वारा से मुजाहिद अली, मुरादाबाद देहात से अकील चौधरी, मुरादाबाद नगर से इरशाद हुसैन सैफी और कुंदरकी से हाजी चांद बाबू मलिक को उम्मीदवार बनाया है। संभल जिले की असमौली सीट से रफतुल्ला, संभल से शकील अहमद कुरैशी और गुन्नौर से फिरोज, रामपुर जिले की चमरौआ से अब्दुल मुस्तफा हुसैन और रामपुर से सदाकत हुसैन, अमरोहा जिले की नौगांव सादात से शादाब खान उर्फ टाटा एवं अमरोहा से मुहम्मद नावेद अयाज, बदायूं जिले की सहसवान सीट से हाजी मुसर्रत और शेखूपुर से मुस्लिम खान तथा शाहजहांपुर जिले की तिलहर सीट से नवाब फैजान अली खान को उम्मीदवार बनाया गया है।

### छह सीटों पर मुस्लिम उम्मीदवारों में आपसी टक्कर

**दूसरे** चरण में छह सीटों पर सपा गठबंधन बसपा और कांग्रेस के मुस्लिम उम्मीदवारों के बीच टक्कर है। ये सीटें है बिजनौर जिले की नजीबाबाद ज्योतिबा फुले नगर जिले की अमरोहा, संभल मुरादाबाद की ठाकुरद्वारा और रामपुर ज़िले की रामपुर और चमरुआ, सहारनपुर की बेहट पर सपा व बसपा के साथ तो बिजनौर की बढ़ापुर पर सपा व कांग्रेस और संभल की असमोली सीट पर बसपा व कांग्रेस के साथ ओवैसी के मुस्लिम उम्मीदवारों के बीच त्रिकोणीय मुकाबला है।

### सपा से 19, बसपा से 23, कांग्रेस के 21 तो ओवैसी के 18 मुस्लिम उम्मीदवार मैदान में

**दूसरे** चरण में 55 सीटों के लिए गठबंधन ने 19, बसपा के 23 कांग्रेस के 21 और ओवैसी की पार्टी के 18 मुस्लिम उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। वर्ष 2017 में हुए विधानसभा चुनाव में इस इलाके की 55 सीटों में से 38 सीटें भाजपा को, 15 सीटें समाजवादी पार्टी को और दो सीटें कांग्रेस को मिली थीं। पिछला विधानसभा चुनाव सपा और कांग्रेस ने मिलकर लड़ा था। सपा के खाते में आईं 15 सीटों में से 10 पर पार्टी के मुस्लिम उम्मीदवार जीते थे। जबकि पहले चरण की 58 सीटों में भाजपा ने 53 सीटें जीतीं और सपा तथा बहुजन समाज पार्टी को दो-दो तथा राष्ट्रीय लोकदल को एक सीट ही मिली थी।

# दूसरे चरण की 55 सीटों का रण

● बीजेपी छोड़ अन्य सभी दलों को है मुस्लिम मतदाताओं से बड़ी आस

● सपा गठबंधन ने 20, बीएसपी ने 23 और कांग्रेस ने 21 सीटों पर उतारे मुस्लिम प्रत्याशी

● बीजेपी गठबंधन की ओर से अपना दल ने स्वार सीट पर हैदर अली खान के रूप में सिर्फ एक मुस्लिम को दिया है टिकट

**विवेक श्रीवास्तव।** लखनऊ

**उत्तर प्रदेश** विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण चरण में 9 जिलों की 55 सीटों पर 14 फरवरी को वोट डाले जाएंगे। पश्चिम उत्तर प्रदेश के पहले चरण में जहां जाट वोट महत्वपूर्ण थे वही दसरे चरण में मुस्लिम वोट निर्णायक माने जा रहे हैं। हर जिले में मुसलमान 40 से 50 प्रतिशत तक हैं। कुछ कुछ सीटें तो ऐसी हैं जहां मुस्लिम मतदाताओं की संख्या 65 प्रतिशत तक है। यही वजह है कि भाजपा को छोड़ शेष सभी राजनीतिक पार्टियों ने मुस्लिम मतदाताओं पर अपना ध्यान केंद्रित कर रखा है।

दूसरे चरण में सहारनपुर,ए बिजनौर, मुरादाबाद, संभल,रामपुर, अमरोहा, बदायूं, बरेली और शाहजहांपुर की सीटों पर मतदान होना है। पिछली बार यानी 2017 की बात करें तो इन 55 सीटों में बीजेपी का पलड़ा भारी रहा था। पिछली बार बीजेपी को 38, समाजवादी पार्टी को 15एकांग्रेस को दो सीटें मिली थीं जबकि बीएसपी का खाता भी नहीं खुला था लेकिन इस बार बीजेपी के लिए राहें इतनी आसान नहीं मानी जा रही हैं क्योंकि ये पूरा इलाका मुस्लिम बहुल माना जाता है।

बीजेपी को इसका अनुभव लोकसभा चुनावों में ही हो गया था। साल 2019 के लोकसभा चुनाव में बीजेपी का मुकाबला करने के लिए यूपी में महागठबंधन हुआ था जिसमें समाजवादी पार्टी,बहुजन समाज पार्टी और इस इलाके में आरएलडी भी शामिल थी। इस पूरे इलाके में इन तीनों पार्टियों ने मिलकर चुनाव लड़ा था।

दूसरे चरण के सीटों पर मुस्लिम मतदाताओं के प्रभाव को देखा जाए तो मुरादाबाद की छह में से पांच सीटों पर 50.55 प्रतिशत तक मुस्लिम मतदाता है। बिजनौर की आठ सीटों पर 40 से 50 प्रतिशत, सहारनपुर की सात सीटों पर 40 प्रतिशतए,रामपुर की पांच सीटों पर 50 प्रतिशत मुस्लिम वोटर, संभल की चार सीटों पर यादव और मुस्लिम 60 फीसदी से ज्यादा, बरेली में आठ सीटों पर 40 प्रतिशत, अमरोहा की चार सीटों पर 50 प्रतिशत मुस्लिम वोटर और बदायूं की छह सीटों पर 40 से 45 फीसदी तक मुस्लिम मतदाता हैं।

समावजादी पार्टी के गठबंधन ने 20 मुस्लिम प्रत्याशी बनाए हैं। इसके अलावा बीएसपी ने 23 जबकि कांग्रेस ने 21 मुस्लिम उम्मीदवारों को टिकट दिया हैं जबकि बीजेपी गठबंधन की तरफ से अपना दल ने रामपुर की स्वार सीट से सिर्फ एक मुस्लिम प्रत्याशी को उम्मीदवार बनाया है जबकि शेष 54 सीटों पर बीजेपी ने एक भी मुस्लिम प्रत्याशी को टिकट नहीं दिया है। बिजनौर सदर सीट पर कांग्रेस की मुस्लिम प्रत्याशी का पर्चा जांच में निरस्त हो जाने के कारण अब उसके 20 मुस्लिम प्रत्याशी मैदान में हैं।

हालांकि इस बार एसपीए बीएसपी और कांग्रेस तीनों ही अलग अलग चुनाव लड़ रही है और एमआईएम के असदुद्दीन ओवैसी भी चुनावी मैदान में हैं। इसीलिए राजनीतिक समीक्षक मान रहे हैं कि मुस्लिम मतों का बिखराव होगा और बीजेपी को इसका लाभ मिल सकता है।



### प्रमुख दलों से इन सीटों पर लड़ रहे हैं मुस्लिम प्रत्याशी

■ सहारनपुर जिले की बात करें तो बेहट सीट पर सपा के उमर अली, बसपा के रईस मलिक,नकुड़ सीट पर बसपा के साहिल खान, देवबंद सीट पर कांग्रेस के राहत खलील, गंगोह सीट पर बसपा के नोमान चुनाव लड़ रहे हैं।

■ संभल जिले की असमोली सीट पर बसपा के रफत उल्ला, और कांग्रेस के मरगूब आलम,संभल सीट पर सपा के इकबाल महमूद, बसपा के शकील अहमद और कांग्रेस की निदा अहमद मैदान में हैं।

■ रामपुर जिले की स्वार सीट पर भाजपा गठबंधन के अपना दल की ओर से हैदर अली खान और सपा के मोहम्मद अब्दुल्ला आजम खांए,चमरव्वा सीट पर सपा के नसीर अहमद खान, बसपा के अब्दुल मुस्तफा हुसैन और कांग्रेस के अली युसूफअली, रामपुर सीट पर सपा के मोहम्मद आजम खां, बसपा के सदाकत हुसैन और कांग्रेस के नवाब काजिम अली खान मैदान में हैं।

■ अमरोहा जिले की नौगांवा सादात सीट पर बसपा के शादाब खान, अमरोहा सीट पर सपा के महबूब अली, बसपा के नवेद अयाज और कांग्रेस के सलीम खान,हसनपुर सीट पर कांग्रेस के आसिम साबरी चुनाव लड़ रहे हैं।

■ बरेली जिले की बहेड़ी सीट पर सपा के अताउर रहमान, मीरगंज सीट पर सपा के सुल्तान बेग, कांग्रेस के मोहम्मद इलियास अंसारी, भोजीपुरा सीट पर सपा के शहजिल इस्लाम, कांग्रेस के सरदार खान, नवाबगंज सीट पर बसपा के मोहम्मद यूसुफ खान और बरेली कैंट सीट पर कांग्रेस के हाजी इस्लाम बब्बू किस्मत आजमा रहे हैं।

■ शाहजहांपुर जिले की तिलहर सीट पर बसपा के फैजान अली खान, शाहजहांपुर सीट पर सपा के तनवीर खान और ददरौल सीट पर कांग्रेस के तनवीर खान चुनाव मैदान में हैं।

# आदित्यनाथ ने कानून का राज स्थापित किया चुनाव में मिलेगा सकारात्मक जनादेश: गडकरी

**भाषा।** नई दिल्ली



**उत्तर प्रदेश** में कानून का राज बहाल करने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सराहना करते हुए केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने शुक्रवार को दावा किया कि पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों में विकास कार्यों व गरीबों के कल्याण की दिशा में उठाए गए कदमों के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को सकारात्मक जनादेश मिलेगा।

एक साक्षात्कार में गडकरी ने कहा कि आदित्यनाथ एक बेहद ही सफल मुख्यमंत्री हैं, जिन्होंने कानून व व्यवस्था के मुद्दे पर अप्रत्याशित काम करते हुए उत्तर प्रदेश में गुंडाराज का सफाया किया है। पांच राज्यों में हो रहे विधानसभा चुनाव के मद्देनजर उन्होंने विश्वास जताया कि भाजपा उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, गोवा और मणिपुर में फिर से सरकार बनाएगी और पंजाब में एक बड़ी ताकत के रूप में उभरेगी। ज्ञात हो कि पांच में से पंजाब एकमात्र राज्य है जहां भाजपा सत्ता में नहीं है। शिरोमणि अकाली दल का साथ छूटने के बाद भाजपा इस बार पंजाब में पूर्व मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह की पार्टी पंजाब लोक कांग्रेस और पूर्व केंद्रीय मंत्री सुखदेव सिंह ढींढसा के नेतृत्व वाले संयुक्त शिरोमणि अकाली दल के साथ गठबंधन का नेतृत्व कर रही है। उन्होंने उत्तर प्रदेश के किसानों में भाजपा के प्रति नाराजगी के मुद्दे को यह कहते हुए खारिज कर दिया कि केंद्र व प्रदेश की सरकार ने किसानों के लिए जितने काम किए हैं, उतने कभी भी किसी दूसरी सरकार ने नहीं किए। गन्ना, मक्का, चावल और गेहूं के अतिरिक्त स्टॉक को बायो इथेनोल में तब्दील करने के लिए उठाए गए उपायों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि अन्न दाता अब ऊर्जा दाता बन रहे हैं।उन्होंने दावा किया कि इससे किसानों की आय में मजबूती आई है। गडकरी ने कहा कि अपराधियों पर शिकंजा कसकर, स्वास्थ्य व शिक्षा के बुनियादी ढांचों पर जोर देकर, बेहतर सड़कें बनाकर और रोजगार के अवसरों का सृजन कर आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश को विकास के रास्ते पर पहुंचाया है। विपक्षी दलों द्वारा कट्टर हिंदू छवि वाले मुख्यमंत्री की आलोचना के बारे में पूछे जाने पर केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भाजपा को उसके कार्यों के लिए सकारात्मक जनादेश मिलेगा। उन्होंने कहा, हम जातिवाद और सम्प्रदायवाद पर भरोसा नहीं करते। उन्होंने दावा किया कि जनता समाजवादी पार्टी और राष्ट्रीय लोक दल के गठबंधन को नकार देगी। ज्ञात हो कि उत्तर प्रदेश में विशेषकर पश्चिमी उत्तर प्रदेश में भाजपा को इस गठबंधन से कड़ी टक्कर मिल रही है। गोवा विधानसभा के बारे में पूछे जाने पर गड़करी ने कहा कि वहां आम आदमी पार्टी और तृणमूल कांग्रेस मुख्य विपक्षी पार्टी कांग्रेस को नुकसान पहुंचाएंगे और इससे भाजपा को मजबूती मिलेगी। ज्ञात हो कि 2017 के पिछले विधानसभा चुनाव में भाजपा की सरकार बनाने में गडकरी ने अहम भूमिका निभाई थी। चालीस सदर्स्य गोवा विधानसभा में भाजपा ने सिर्फ 13 सीटें जीती थी और कांग्रेस को 17 सीटें मिली थी लेकिन इसके बावजूद सरकार भाजपा की बनी थी। पूर्व भाजपा अध्यक्ष गडकरी ने कहा कि भाजपा ने पिछले 10 वर्षों में विकास का वातावरण तैयार कर गोवा में राजनीतिक स्थिरता दी है। गोवा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर पर्रिकर के बेटे उत्पल पर्रिकर के निर्दलीय चुनाव लड़ने पर उन्होंने कहा कि इससे भाजपा को कोई नुकसान नहीं होगा। हालांकि उन्होंने कहा कि बेहतर होता कि वह चुनाव नहीं लड़ते। गडकरी ने कहा कि भाजपा के नेतृत्व में उत्तराखंड में व्यापक बदलाव हुआ है क्योंकि वहां सरकार चार धाम को जोड़ने के लिए हर मौसम के अनुकूल सड़क बनाने के लिए 12,000 करोड़ रुपए से अधिक खर्च कर रही है।

# अखिलेश को घर का लड़का मानते हैं करहल के लोग

**भाषा।** करहल



**भारतीय** जनता पार्टी (भाजपा) ने उत्तर प्रदेश के करहल में समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव के खिलाफ कद्दावर नेता को चुनाव मैदान में उतारा है, लेकिन इससे कोई फर्क नहीं पड़ता दिख रहा हैं क्योंकि यहां के लोग अखिलेश यादव को घर का लड़का मानते हैं। भाजपा ने मैनपुरी जिले के करहल विधानसभा क्षेत्र में अखिलेश के खिलाफ केंद्रीय राज्य मंत्री एसपी सिंह बघेल को चुनाव मैदान में उतारा है, जहां 20 फरवरी को तीसरे चरण का मतदान होगा। कांग्रेस ने सपा प्रमुख के खिलाफ अपना उम्मीदवार नहीं उतारा है, जबकि बहुजन समाज पार्टी (बसपा) ने इस निर्वाचन क्षेत्र में कुलदीप नारायण को उम्मीदवार बनाया है।

बघेल और उनकी पार्टी के कार्यकर्ताओं को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नाम पर एक लहर दिखाई देती है, जबकि बहुत से लोगों को उम्मीद है कि भविष्य के मुख्यमंत्री का चुनाव करने से क्षेत्र में तेजी से प्रगति होगी। अखिलेश विपक्षी गठबंधन के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार हैं, जिसमें राष्ट्रीय लोक दल (रालोद) और जाति-आधारित क्षेत्रीय दलों का एक समूह शामिल है। करहल इटावा जिले में अखिलेश के पैतृक गांव सैफई से महज चार किलोमीटर दूर है। यह निर्वाचन क्षेत्र मुलायम सिंह यादव की मैनपुरी लोकसभा सीट का हिस्सा है। अखिलेश ने विधान परिषद सदस्य के रूप में मुख्यमंत्री के पद पर कार्य किया और वर्तमान में आजमगढ़ से सांसद भी हैं। अखिलेश अपने गृह क्षेत्र से पहला विधानसभा चुनाव लड़ रहे हैं।

भाजपा नेताओं और समर्थकों का कहना है कि निर्वाचन क्षेत्र खामोश इंकलाब का गवाह बनेगा और उनका उम्मीदवार विजई होगा। बघेल ने पीटीआई-भाषा से कहा कि करहल में मुकाबले को एकतरफा रूप में देखना गलत होगा। उन्होंने अखिलेश को आजमगढ़ से भी नामांकन दाखिल करने के बारे में एक बार सोचने की बात कही। बघेल एक पुलिस अधिकारी के रूप में पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव की सुरक्षा में सेवा दे चुके हैं। उन्होंने कहा है कि किसी भी क्षेत्र को गढ़ नहीं कहा जा सकता क्योंकि राहुल गांधी और ममता बनर्जी जैसी हस्तियों ने भी अपने गढ़ों में हार का स्वाद चखा है। बनर्जी 2021 के विधानसभा चुनाव में पश्चिम बंगाल के नंदीग्राम से अपने पूर्व सहयोगी एवं भाजपा उम्मीदवार शुभेंदु अधिकारी से हार गई थीं, जबकि राहुल गांधी को 2019 के लोकसभा चुनाव में अमेठी में भाजपा की स्मृति ईरानी ने हराया था।

भाजपा समर्थक आशुतोष त्रिपाठी ने बताया, यह सीट अखिलेश के लिए आसान हो सकती है, लेकिन ऐसा नहीं है। बघेल जी को जबरदस्त प्रतिक्रिया मिल रही है और नरेंद्र मोदी एवं योगी आदित्यनाथ की सरकारों द्वारा गरीबों के लिए शुरू की गई योजनाओं के कारण लोग भाजपा को वापस लाना चाहते हैं। सपा जिलाध्यक्ष देवेंद्र सिंह यादव ने बताया, किसी और के लिए कोई मौका नहीं है। चुनाव एकतरफा है। जीत का अंतर (अखिलेश का) 1.25 लाख से अधिक होगा। आप जाकर लोगों से बात करें, आपको वास्तविकता का पता चल जाएगा। यदि आप इतिहास को देखते हैं इस निर्वाचन क्षेत्र में आपको सपा के लिए यहां के लोगों के प्यार और स्नेह का पता चलेगा। करहल सीट 1993 से सपा का गढ़ रही है। हालांकि, 2002 के विधानसभा चुनाव में यह सीट भाजपा के सोबरन सिंह यादव के खाते में गई थी, लेकिन बाद में वह सपा में शामिल हो गए।

सूत्रों के मुताबिक करहल में लगभग 3.7 लाख मतदाता हैं, जिनमें 1.4 लाख (37 प्रतिशत) यादव, 34,000 शाक्य (ओबीसी) और लगभग 14,000 मुस्लिम शामिल हैं। बघेल के लिए सक्रिय रूप से प्रचार कर रहे भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप चौहान ने कहा, अब कोई गुंडा राज नहीं है। भाजपा सीट जीतेगी। जाति ही सब कुछ नहीं है, यादवों में भी सपा के प्रति नाराजगी है। उन्होंने विश्वास के साथ कहा, इस चुनाव में खामोश इंकलाब होगा। सब्जी मंडी के सब्जी विक्रेता प्रदीप गुप्ता के लिए यह चुनाव क्षेत्र के विकास की उम्मीद है। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि अखिलेश जी जीतेंगे। यहां के लोग उनकी जीत चाहते हैं जैसे ही वह मुख्यमंत्री बनेंगे, निर्वाचन क्षेत्र में विकास दिखाई देगा। वह घर के लड़का हैं। केवल वे ही यहां विकास सुनिश्चित कर सकते हैं। आस-पास के आठ जिलों-फिरोजाबाद, एटा, कासगंज, मैनपुरी, इटावा, औरैया, कन्नौज और फरुखाबाद के 29 निर्वाचन क्षेत्रों को समाजवादी बेल्ट माना जाता है। 2012 में जब सपा ने राज्य में सरकार बनाई, तो इन 29 सीटों में से उसने 25 सीटें जीती थीं, जबकि 2017 में चाचा शिवपाल सिंह यादव के साथ अखिलेश के झगड़े के कारण उसे हार का सामना करना पड़ा और केवल छह सीटें मिलीं। अब, चाचा-भतीजे वोट के बंटवारे को रोकने के लिए एक साथ हैं। इस क्षेत्र को समाजवादी डॉ राम मनोहर लोहिया की कर्मभूमि के रूप में भी जाना जाता है। कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष रहे राजनीतिक विश्लेषक उदयभान सिंह को भी लगता है कि करहल में चुनाव एकतरफा होगा। उन्होंने कहा, अखिलेश के अलावा, केवल दो उम्मीदवार बचे हैं। इसलिए अब निर्दलीय द्वारा वोट नहीं काटा जाएगा। यह अखिलेश के लिए एकतरफा चुनाव होगा और इसका परिणाम और उनके पक्ष में होगा।

पायनियर
नई दिल्ली, शनिवार, 12 फरवरी, 2022



# विपक्ष में रहते हुए हर दिन राजभवन नहीं गए

## उद्धव ठाकरे ने भाजपा पर साधा निशाना

**भाषा।** मुंबई

**महाराष्ट्र** के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी के साथ निकटता के लिए शुक्रवार को भाजपा पर कटाक्ष करते हुए विपक्षी पार्टी के नेताओं के राजभवन के लगभग रोज होने वाले दौरे की ओर इशारा किया। ठाकरे ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के किसी नेता का नाम लिए बिना कहा, विपक्ष में रहते हुए हम साल में एक या दो बार राजभवन जाते थे, लेकिन रोज-रोज नहीं।

शिवसेना के नेतृत्व वाली महा विकास आघाड़ी (एमवीए) सरकार और राज्यपाल के बीच संबंध 2019 में गठबंधन के सत्ता में आने के बाद से तनावपूर्ण रहे हैं। ठाकरे और कोश्यारी राजभवन में एक समारोह में एक साथ थे जहां राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने नवनिर्मित दरबार हॉल का उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री ने चुटकी लेते हुए कहा कि राजनीतिक तूफान के बावजूद राजभवन की हवा हमेशा ठंडी होती है।

ठाकरे ने कहा कि राजभवन के साथ संवाद टूटा नहीं है। कोश्यारी और एमवीए सरकार कई मौकों पर भिड़ चुकी है। हाल में राज्यपाल ने शीतकालीन सत्र के दौरान विधानसभा अध्यक्ष पद के चुनाव की अनुमति नहीं देते हुए ध्वनि मत के माध्यम से इसे आयोजित करने के सरकार के फैसले पर आपत्ति जताई थी। कोश्यारी ने पूर्व में मुख्यमंत्री से पूछा था कि राज्य सरकार कोविड-19 लॉकडाउन समाप्त होने के बाद राज्य में मंदिरों को फिर से क्यों नहीं खोल रही है। उन्होंने इस मुद्दे पर ठाकरे की हिंदुत्व विचारधारा पर भी सवाल उठाया था। राज्यपाल ने विधान परिषद में नामांकन के लिए भेजे गए 12 नामों को भी अब तक मंजूरी नहीं दी है।

## शिवसेना या एमवीए का कोई नेता राउत का समर्थन नहीं कर रहा: शेलार

**मुंबई।** भारतीय जनता पार्टी नेता आशीष शेलार ने शुक्रवार को दावा किया कि शिवसेना सांसद संजय राउत को न तो अपनी पार्टी के भीतर से और न ही महा विकास अघाड़ी (एमवीए) से कोई समर्थन मिल रहा है। पूर्व मंत्री शेलार ने यहां संवाददाताओं से बातचीत में कहा, राउत एमवीए सरकार में अलग-थलग पड़े हुए हैं।

राज्यसभा सांसद राउत ने दो दिन पहले आरोप लगाया था कि केंद्रीय एजेंसियां शिवसेना नेताओं को सुनियोजित तरीके से निशाना बना रही हैं। शेलार ने कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि एमवीए का कोई भी नेता उन्हें मदद करने नहीं जा रहा है। यही कारण होगा कि राउत ने कुछ मामलों में प्रवर्तन निदेशालय द्वारा पूछताछ शुरू किए जाने के बाद शोर मचाया था। उन्होंने कहा कि राउत पिछले सात साल से भाजपा को अपमानित करते आ रहे थे, लेकिन ईडी अधिकारियों ने उस अवधि के दौरान उनके खिलाफ कोई जांच नहीं की थी।

भाजपा नेता ने कहा कि शिवसेना का एक भी नेता राउत के समर्थन में नहीं बोल रहा है। उन्होंने आगे व्यंग्यात्मक लहजे में कहा कि मैं, राउत और उनके भविष्य को लेकर चिंतित हूं। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) से भी उन्हें कोई मदद नहीं मिल रही है। गौरतलब है कि उपराष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू को तीन दिन पहले भेजे एक पत्र में राउत ने आरोप लगाया था कि शिवसेना के एनसीपी और कांग्रेस के साथ महाराष्ट्र में सरकार बनाने के बाद से ही केंद्रीय एजेंसियां शिवसेना के नेताओं को निशाना बना रही हैं।

उन्होंने यह भी दावा किया था कि कुछ लोगों ने उनसे सम्पर्क किया था और एमवीए सरकार को गिराने में सहयोग करने को कहा था और जब उन्होंने इससे इंकार कर दिया तो उन्हें चेतावनी दी गई कि उन्हें इसकी भारी कीमत चुकानी पड़ेगी।

## केरल में वाम विधायक के अवैध रोपवे को ध्वस्त करने का काम शुरू

मलाप्पुरम (**केरल**)। केरल के उत्तरी जिले मलाप्पुरम में चीनकन्नीपोयिल और कक्कडमपोयिल के बीच गैर कानूनी तरीके से नीलांबुर के विधायक पीवी अनवर द्वारा कथित तौर बनवाए गए रोपवे और टॉवर को ध्वस्त करने का काम शुक्रवार को शुरू हो गया।। इस गैर कानूनी ढांचे के खिलाफ कानूनी लड़ाई कुछ साल पहले तब शुरू हुई जब उर्गाट्टिरी ग्राम पंचायत ने ढांचे और रोपवे को ध्वस्त करने का फैसला किया।

नीलांबुर निवासी एमपी विनोद की शिकायत पर कार्य करते हुए स्थानीय स्व सरकार संस्थान के लोकपाल केके दिनेशन ने ढांचे को गिराने का आदेश दिया। उल्लेखनीय है कि निजी कंपनी जिसका सह मालिक अनवर और उनके ससुर को बताया जा रहा है, ने रोपवे का निर्माण किया था।



जम्मू में एक विरोध मार्च के दौरान पुलिस से हाथापाई करते जम्मू-कश्मीर पुलिस सीमा बटालियन के अभ्यर्थी



नई दिल्ली में पंडित दीन दयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर उनकी प्रतिमा पर श्रद्धांजलि अर्पित करते भाजपा नेता

## सच बोलने वाले जेल में है और अपराधी खुला घूम रहे हैं: महबूबा

**श्रीनगर।** पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी प्रमुख महबूबा मुफ्ती ने शुक्रवार को कहा कि उनकी पार्टी की युवा शाखा के नेता वहीद पारा सहित कई लोग कथित झूठे आरोपों में जेल में हैं, लेकिन किसानों को वाहन से कुचलने वाला एक केंद्रीय मंत्री का बेटा खुला घूम रहा है। जम्मू कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री ने केंद्रीय मंत्री अजय मिश्रा के बेटे आशीष मिश्रा को जमानत मिलने पर यह कहा। महबूबा ने ट्वीट किया, उमर खालिद, फहाद शाह, वहीद पारा और सिद्दीकी कप्पन झूठे आरोपों को लेकर जेल में हैं, लेकिन एक मंत्री का बेटा किसानों को कथित तौर पर कुचलने के बाद खुला घूम रहा है।

# बंबई उच्च न्यायालय की न्यायाधीश पुष्पा गनेडीवाला ने दिया इस्तीफा

**भाषा।** मुंबई

**बंबई** उच्च न्यायालय की न्यायाधीश पुष्पा गनेडीवाला ने इस्तीफा दे दिया है। यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पोक्सो) अधिनियम के तहत यौन हमले की उनकी व्याख्या को लेकर एक बड़ा विवाद खड़ा हो गया था।

उच्च न्यायालय के आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि न्यायाधीश पुष्पा गनेडीवाला अभी बंबई उच्च न्यायालय की नागपुर पीठ की अध्यक्षता कर रही थीं, और उन्होंने बृहस्पतिवार को इस्तीफा दे दिया। अतिरिक्त न्यायाधीश के रूप में उनका कार्यकाल खत्म होने से एक दिन पहले उन्होंने इस्तीफा दिया।

उच्चतम न्यायालय की कॉलेजियम ने उन्हें न तो सेवा विस्तार दिया था और न ही पदोन्नति दी थी। जनवरी-फरवरी 2021 में दिए गए उनके विवादित फैसलों के बाद, शीर्ष अदालत के कॉलेजियम ने न्यायमूर्ति गनेडीवाला को स्थाई न्यायाधीश के रूप में नियुक्त करने की अपनी सिफारिश वापस ले ली थी और अतिरिक्त न्यायाधीश के रूप में उनका कार्यकाल एक वर्ष के लिए बढ़ा दिया था। उनका कार्यकाल शुक्रवार को समाप्त हो रहा था। इसका मतलब यह था कि न्यायमूर्ति गनेडीवाला को 12 फरवरी, 2022 को उनके अतिरिक्त न्यायाधीश के रूप में उनका कार्यकाल समाप्त होने के बाद जिला सत्र न्यायाधीश के रूप में वापस जिला न्यायपालिका में पदावनत किया जाता। अतिरिक्त न्यायाधीश के रूप में न तो उनके कार्यकाल का विस्तार हुआ और न ही उच्च न्यायालय के स्थाई न्यायाधीश के रूप में नियुक्ति हुई इसलिए न्यायमूर्ति गनेडीवाला ने अपना इस्तीफा दे दिया। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि उनका इस्तीफा स्वीकार कर लिया गया है।

## कोविड के हालात ठीक होने के साथ आरंभ होगी सेना में भर्ती: रिजिजू

**भाषा।** नई दिल्ली

**केंद्रीय** मंत्री किरेन रिजिजू ने शुक्रवार को कहा कि कोविड-19 महामारी से जुड़े हालात के ठीक होने के साथ ही सेना में भर्ती की प्रक्रिया आरंभ कर दी जाएगी और अधूरी भर्तियों को पूरा किया जाएगा।

कानून मंत्री रिजिजू ने लोकसभा में एक पूरक प्रश्न के उत्तर में यह जानकारी दी। वह रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की ओर से जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा कि कोविड के कारण सेना की भर्ती रोकी गई है। माहौल ठीक होने के साथ ही लिखित परीक्षा और दूसरी प्रक्रियाएं आरंभ होंगी।

# वंशवादी राजनीति पर मोदी की टिप्पणी पर लालू ने किया पलटवार

**भाषा।** पटना

**वंशवादी** राजनीति को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा की गई हालिया आलोचना के बाद राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के अध्यक्ष लालू प्रसाद ने शुक्रवार को उन पर और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर निशाना साधा।

बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री से प्रधानमंत्री मोदी की उस टिप्पणी के बारे में पूछा गया था, जिसमें उन्होंने इस हफ्ते के शुरू में वंशवादी राजनीति की आलोचना की थी। प्रधानमंत्री ने परिवार के किसी सदस्य को राजनीति में नहीं लाने को लेकर लालू प्रसाद के चिर प्रतिद्वंद्वी एवं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की सराहना की थी।

राजद नेता ने कहा कि मोदी के बच्चे नहीं हैं। नीतीश का एक बेटा है जो राजनीति करने का इच्छुक नहीं है। बस यही प्रार्थना की जा सकती है कि उन्हें संतान प्राप्त हो, जो उनकी राजनीतिक विरासत को आगे ले जा सके।

लालू प्रसाद के साथ उनके छोटे बेटे और राजनीतिक उत्तराधिकारी तेजस्वी यादव भी थे, जो 2015 में राज्य में महागठबंधन की सरकार के तहत उपमुख्यमंत्री थे। हालांकि महागठबंधन की तत्कालीन सरकार का नेतृत्व भी जनता दल (यूनाइटेड) नेता नीतीश ही कर रहे थे। तेजस्वी ने प्रधानमंत्री पर तंज करते हुए उन्हें बिहार के मुख्यमंत्री के साथ उनकी जगजाहिर तकरार की याद दिलाई, जो 2017 में राज्य में भारतीय जनता पार्टी नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के सत्ता में लौटने तक जारी रही। तेजस्वी (33) ने याद दिलाया कि नरेंद्र मोदी और नीतीश कुमार अक्सर एक दूसरे का नाम लिया करते थे। उनमें से एक कहते थे कि भाजपा का मतलब बड़का (बड़ा) झूठा पार्टी है।

वहीं उनमें से दूसरे कहते थे कि जद(यू) का मतलब जनता का दमन है। तेजस्वी की मां राबड़ी देवी ने मुख्यमंत्री के तौर पर लालू प्रसाद की जगह ली थी और वह 2005 के विधानसभा चुनाव में जद(यू)-भाजपा गठजोड़ से शिकस्त मिलने तक इस पद पर काबिज रही थीं।

गौरतलब है कि तेजस्वी अब राज्य विधानसभा में विपक्ष के नेता हैं, उनके बड़े भाई तेज प्रताप यादव दूसरी बार राजद विधायक निर्वाचित हुए हैं और उनकी बड़ी बहन मीसा भारती राज्यसभा की सदस्य हैं।

# राजस्थान में छात्राओं के हिजाब पहनने को लेकर कॉलेज प्रशासन की आपत्ति पर विवाद

**भाषा।** जयपुर

**जयपुर** के चाकसू थाना क्षेत्र में शुक्रवार को एक निजी कॉलेज में कुछ छात्राओं के हिजाब पहनने को लेकर कॉलेज प्रशासन की आपत्ति पर छात्राओं के परिजन और कॉलेज प्रशासन आमने सामने आ गए। पुलिस ने लोगों को समझा बुझाकर मामला शांत कराया है।

उपनिरीक्षक जितेन्द्र कुमार ने बताया कि चाकसू के निजी कॉलेज कस्तूरी देवी महाविद्यालय में शुक्रवार को पांच-छह छात्राओं के हिजाब पहन कर आने पर कॉलेज प्रशासन ने उन्हें निर्धारित ड्रेस कोड का पालन करने की हिदायत दी।

इस पर छात्राओं और उनके परिजनों ने आपत्ति जताई जिससे कॉलेज प्रशासन और छात्राओं के परिजनों के बीच विवाद हो गया। कुमार ने बताया कि परिजनों को समझा बुझाकर मामले को शांत कराया गया।

उन्होंने बताया कि छात्राओं का कहना है कि वे पिछले तीन साल से हिजाब पहन कर कॉलेज आ रही हैं, फिर आज आपत्ति क्यों जताई जा रही है। वहीं कॉलेज प्रशासन ने छात्राओं को ड्रेस कोड में आने की नसीहत दी।

## प्रदर्शन कर रही लड़कियों की जानकारी साझा की गई

मंगलुरु (कर्नाटक)। कर्नाटक के उडुपी स्थित महाविद्यालय में हिजाब पहनने के अधिकार के लिए प्रदर्शन करने वाली छह मुस्लिम लड़कियों के माता-पिता ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है कि कुछ लोग उनकी बेटियों की निजी जानकारी सोशल मीडिया पर साझा कर रहे हैं।

उडुपी जिले के पुलिस अधीक्षक (एसपी) एन विष्णुवर्धन को की गई शिकायत में अभिभावकों ने उन लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है जो सार्वजनिक रूप से लड़कियों का मोबाइल फोन नंबर सहित निजी जानकारी साझा कर रहे हैं। अभिभावकों ने आशंका जताई है कि शरारती तत्व इस जानकारी का इस्तेमाल लड़कियों को धमकाने के लिए कर सकते हैं।

विष्णुवर्धन ने बताया कि लड़कियों के माता-पिता ने मामले में लिखित शिकायत की है।

# गुजरात में राइफल के पुर्जे बनवाने के आरोप में यमन का नागरिक गिरफ्तार

**भाषा।** अहमदाबाद

**यमन** के 36 वर्षीय एक नागरिक को एके-47 और अन्य असॉल्ट राइफलों के पुर्जों के साथ गिरफ्तार किया गया है। यमनी नागरिक ने कथित तौर पर गुजरात की एक इंजीनियरिंग कंपनी से ए पुर्जे बनवाए थे। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

एक अधिकारी ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर अहमदाबाद अपराध शाखा ने आरोपी अब्दुल अजीज अल अजानी को नौ फरवरी को यहां एक होटल से गिरफ्तार किया और उसके पास से असॉल्ट राइफल के पुर्जे बरामद किए।

उन्होंने बताया कि पुलिस ने उसके पास से एक गैस ब्लॉक, एक फ्रंट साइट, शॉर्ट बैरल और एके-47 सहित विभिन्न प्रकार के असॉल्ट राइफल के अन्य यांत्रिक पुर्जे भी बरामद किए। अधिकारी ने बताया किअपराध शाखा ने अहमदाबाद के जीआईडीसी के काठवाड़ा इलाके में स्थित दो कंपनियों से करीब 150 मोम के सांचे और चार डाइ बरामद किए हैं।

अधिकारी के अनुसार, प्रारम्भिक जांच से पता चलता है कि अभियुक्त यमन के अल-बैदाह सिटी का निवासी है और मजदूरी एवं किसानी करता है।

अपराध शाखा की ओर से जारी एक बयान के अनुसार, यमन में असॉल्ट राइफल की मांग को देखते हुए मुनीर मोहम्मद नामक एक व्यक्ति ने भारत से इन पुर्जों को हासिल करने पर अब्दुल अजीज को कमीशन देने का प्रस्ताव रखा था।

अभियुक्त अपने पिता इलाज के लिए मुंबई आया और इलाज के बाद पिता को वापस भेज दिया था तथा इसके बाद अहमदाबाद चला आया था। यहां आकर उसने पुर्जों की डाइ बनाने के लिए डीके इंजीनियरिंग नामक कंपनी में सम्पर्क साधा था बयान में कहा गया है कि अजीज द्वारा उपलब्ध डिजाइन और माप के अनुसार डीके इंजीनियरिंग ने मेटल डाइ तैयार करके उसे दे दिया था। उसके बाद इसने काठवाड़ा जीआईडीसी इलाके में दो अन्य मैन्यूफैक्चरिंग फर्म से सम्पर्क किया और उन्हें डाइ से विभिन्न प्रकार के पुर्जे बनाने का ऑर्डर दिया था।

आरोपी व्यक्ति ने कहा था कि इन पुर्जों का इस्तेमाल औद्योगिक मशीनों में किया जाएगा।

अधिकारी ने बताया कि स्थानीय अदालत ने आरोपी को सात दिन के लिए पुलिस हिरासत में भेज दिया है। इस सिलसिले में हथियार कानून के तहत मामला दर्ज किया गया है।

## भाजपा बीएमसी चुनाव मिलकर लड़ेंगे : अठावले

**नागपुर।** केंद्रीय मंत्री रामदास अठावले ने कहा कि उनकी पार्टी भारतीय जनता पार्टी मिलकर मुंबई निकाय चुनाव लड़ेंगी और बहुमत प्राप्त करेंगी। अठावले ने दावा कि बृहन्मुंबई महानगर पालिका के लिए होने वाले चुनाव में भाजपा-आरपीआई (ए) गठबंधन को 120 से 125 सीटें मिलने की उम्मीद है।


**PUBLIC NOTICE**

It is to inform to the public at large that **Mr. Anshu Kumar Jha** S/o Mr. Raj Kumar Jha who is purchasing the **Residential Freehold Built Up-Property No. 184-A, area measuring 50 sq. yds., out of Khasra No. 148, Situated in the area of Village Bindapur, Delhi State Delhi, Colony Known as Block-O, Uttam Nagar Exten., Najafgarh Road, New Delhi-110059** from **Mrs. Rekha Devi W/o Mr. Madhuri Sharma** who is the owner vide of Notarized General Power of Attorney, ATS and Will dated 01.02.2012 executed by Mr. Dharamveer Gupta S/o Mr. B.D. Gupta, and same to be financed & mortgaged by **Vastu Housing Finance Corporation Ltd.** If any Person having any type of claim/right/title/ interest over the said property, may inform in writing, at the address mentioned below, about his objections, within 07 days from today, failing which it shall be presumed that the said property is free from all type of Encumbrances, lien etc.

**Lucem Legal LLP**
**Office No. G-03, at Ground Floor, on Plot No. D-61, Sector-2, Noida, UP-201301**
**Contact # 0120-4130438**



**Yaari Digital Integrated Services Limited**
**(Formerly "Yaarii Digital Integrated Services Limited" & "Indiabulls Integrated Services Limited")**
**(CIN: L51101HR2007PLC077999)**

**Extract of Consolidated Unaudited Financial Results for the quarter and nine months ended 31 December 2021**

(Rs. in Crores)

| Particulars | Quarter ended 31-Dec-21 | Quarter ended 30-Sep-21 | Quarter ended 31-Dec-20 | 9 months ended 31-Dec-21 | 9 months ended 31-Dec-20 | Year ended 31-Mar-21 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | Unaudited | Unaudited | Unaudited | Unaudited | Unaudited | Unaudited |
| Total Income from Operations | 52.31 | 47.43 | 56.07 | 154.38 | 164.39 | 247.22 |
| Net Profit / (Loss) for the period (before Tax, Minority Interest and Share of Profit / (Loss) of Associate, Exceptional and/or Extraordinary items) | (60.62) | (29.35) | (25.53) | (100.72) | (66.59) | (74.74) |
| Net Profit / (Loss) for the period (before Tax, Minority Interest and Share of Profit / (Loss) of Associate (after Exceptional and/or Extraordinary items)) | (60.62) | (29.35) | (25.53) | (100.72) | (66.59) | (74.74) |
| Net Profit / (Loss) for the period after Tax, Minority Interest and Share of Profit / (Loss) of Associate (after Exceptional and/or Extraordinary items) | (60.20) | (34.81) | (28.62) | (113.31) | (76.07) | (87.65) |
| Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit / (Loss) for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)] | (72.01) | (71.76) | 132.28 | (42.52) | 296.13 | 125.81 |
| Equity Share Capital | 17.51 | 17.51 | 17.87 | 17.51 | 17.87 | 17.51 |
| Earnings per Share (EPS) before extraordinary items | | | | | | |
| -Basic (Amount in Rs.) | (6.82) | (3.94) | (3.40) | (12.82) | (9.27) | (10.58) |
| -Diluted (Amount in Rs.) | (6.82) | (3.94) | (3.40) | (12.82) | (9.27) | (10.58) |
| Earnings per Share (EPS) after extraordinary items | | | | | | |
| -Basic (Amount in Rs.) | (6.82) | (3.94) | (3.40) | (12.82) | (9.27) | (10.58) |
| -Diluted (Amount in Rs.) | (6.82) | (3.94) | (3.40) | (12.82) | (9.27) | (10.58) |

**Note to the financial results:**

1) The above results have been reviewed by the Audit Committee and subsequently approved at the meeting of the Board of Directors held on 11 February 2022.

2) **Key Standalone Financial Information:**

| Particulars | Quarter ended 31-Dec-21 | Quarter ended 30-Sep-21 | Quarter ended 31-Dec-20 | 9 months ended 31-Dec-21 | 9 months ended 31-Dec-20 | Year ended 31-Mar-21 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | Unaudited | Unaudited | Unaudited | Unaudited | Unaudited | Unaudited |
| Total Income | 0.92 | 0.14 | 0.49 | 1.29 | 4.03 | 4.84 |
| (Loss) / Profit before Tax | (68.48) | (36.39) | (27.38) | (136.62) | (58.29) | (88.09) |
| Net (Loss) / Profit after Tax | (68.48) | (36.39) | (27.38) | (136.62) | (58.29) | (88.09) |

3) The above is an extract of the detailed format of Quarterly / nine months Financial Results filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing and Other Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the Quarterly / nine months Financial Results are available on the Company's website (https://www.yaari.com) and on the website of BSE (https://www.bseindia.com) and NSE (https://www.nseindia.com).

**Registered Office: Plot No. 448-451, Udyog Vihar, Phase-V, Gurugram - 122016**

**Place : Gurugram**
**Date : 11 February 2022**

**For and on behalf of Board of Directors**
**Kubeir Khera**
**Executive Director & CEO**



**SORIL INFRA RESOURCES LIMITED**
**(CIN : L52190HR2005PLC077960)**

**Extract of consolidated unaudited financial results for the quarter and nine months ended 31st December 2021**

(Rs. in crores)

| Particulars | 3 months ended 31 Dec. 2021 | Corresponding 3 months ended 30 Sept. 2021 | Corresponding 3 months ended 30 Dec. 2020 | Year to date figures for current period ended 31 Dec. 2021 | Year to date figures for previous period ended 31 Dec. 2020 | Previous year ended 31 March 2021 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | Unaudited | Unaudited | Unaudited | Unaudited | Unaudited | Audited |
| Total income | 52.39 | 48.85 | 50.42 | 141.09 | 142.65 | 193.06 |
| Net Profit / (Loss) for the period (before tax, exceptional and extraordinary items) | 2.41 | 1.70 | 5.40 | 5.20 | 23.20 | 23.72 |
| Net Profit / (Loss) for the period before tax after exceptional and/ or extraordinary items) | 2.41 | 1.70 | 5.40 | 5.20 | 23.20 | 23.72 |
| Net Profit / (Loss) for the period after tax(after exceptional and/ or extraordinary items) | 2.01 | 0.98 | 4.98 | 3.52 | 18.95 | 19.35 |
| Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit/ (Loss) for the period (after tax) and other comprehensive income (after tax)] | 1.88 | 0.96 | 4.99 | 3.52 | 19.22 | 19.75 |
| Paid-up Equity Share Capital | 31.50 | 31.50 | 31.50 | 31.50 | 31.50 | 31.50 |
| Reserves( excluding revaluation reserve) | | | | | | 229.42 |
| Earnings per share before extraordinary items (Face Value of Rs. 10 per Equity Share) (EPS for 3 months and 9 months are not annualised)* | | | | | | |
| - Basic (Rs) | 0.64 * | 0.31 * | 1.58 * | 1.12 * | 6.02 * | 6.14 |
| - Diluted (Rs) | 0.64 * | 0.31 * | 1.58 * | 1.12 * | 6.02 * | 6.14 |

**Note to the financial results:**

1) The above results have been reviewed by the Audit Committee and subsequently approved at the meeting of the Board of Directors held on 11 February 2022. These financial results have been subjected to a limited review by the statutory auditors of the Company.

2) **Key standalone financial information of SORIL Infra Resources Limited:-**

(Rs. in crores)

| Particulars | 3 months ended 31 Dec. 2021 | Corresponding 3 months ended 30 Sept. 2021 | Corresponding 3 months ended 30 Dec. 2020 | Year to date figures for current period ended 31 Dec. 2021 | Year to date figures for previous period ended 31 Dec. 2020 | Previous year ended 31 March 2021 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | Unaudited | Unaudited | Unaudited | Unaudited | Unaudited | Audited |
| Total income | 49.69 | 45.56 | 43.59 | 130.81 | 113.69 | 160.78 |
| Profit / (Loss) before tax | 0.83 | (0.41) | 2.73 | (0.72) | 7.13 | 7.57 |
| Net Profit / (Loss) after tax | 0.83 | (0.41) | 2.72 | (0.72) | 6.77 | 7.57 |

3) The above is an extract of the detailed format of quarterly / half yearly financial results filed with the Stock Exchanges under Regulation 52 of the SEBI (Listing and Other Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the quarterly / half yearly financial results are available on the Company's website (http://sorilinfraresources.com) and on the website of BSE (https://www.bseindia.com) and NSE (https://www.nseindia.com).

**Registered Office : Plot No. 448-451, Udyog Vihar, Phase-V, Gurugram, Haryana - 122016**

**Place : Gurugram**
**Date : 11 February 2022**

**For and on behalf of Board of Directors**
**Anil Malhan**
**Executive Director**

# कमजोर वैश्विक संकेतों से सेंसेक्स 773 अंक लुढ़का

## ● निफ्टी भी 17,400 से नीचे आया

**भाषा। मुंबई**

**वैश्विक** बाजारों में जारी बिकवाली दबाव से घरेलू शेयर बाजारों में शुक्रवार को सूचना प्रौद्योगिकी एवं वित्तीय शेयरों में खासी गिरावट देखी गई जिससे मानक सूचकांक बीएसई सेंसेक्स 773 अंक लुढ़क गया और निफ्टी भी 17,400 के स्तर से नीचे आ गया। अमेरिका में मुद्रास्फीति चार दशकों के सर्वोच्च स्तर पर पहुंच जाने से फेडरल रिजर्व द्वारा नीतिगत दर में बढ़ोतरी की आशंका पैदा होने से वैश्विक बाजारों में बिकवाली का दौर देखा गया। इसका असर घरेलू स्तर पर भी कारोबारी धारणा पर पड़ा।

कारोबारियों ने कहा कि अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपए में तीव्र गिरावट आने और विदेशी संस्थागत निवेशकों की निकासी जारी रहने से बाजार पर दबाव बना रहा। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स सप्ताह के अंतिम कारोबारी दिवस के अंत में 773.11 अंक यानी 1.31 प्रतिशत गिरकर 58,152.92 अंक पर आ गया। इसी तरह एनएसई का सूचकांक निफ्टी भी 231.10 अंक यानी 1.31 प्रतिशत की गिरावट के साथ 17,374.75 अंक पर खिसक आया।

सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में से टेक महिंद्रा को सबसे अधिक 2.94 प्रतिशत का नुकसान हुआ। इसके साथ ही इन्फोसिस, एचसीएल टेक, एसबीआई, कोटक महिंद्रा बैंक और एचडीएफसी के शेयर भी घाटे के साथ बंद हुए। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में सिर्फ पांच शेयर ही मुनाफे में रहे। इंडसइंड बैंक, टाटा स्टील, एनटीपीसी, एमएंडएम और आईटीसी के शेयर 0.94 प्रतिशत तक चढ़ गए। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, "नकारात्मक वैश्विक संकेतों से एफआईआई ने जमकर बिकवाली की







जिससे घरेलू बाजार में अफरातफरी रही। अमेरिकी मुद्रास्फीति के उच्च स्तर पर रहने से फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरें बढ़ाने की आशंका से बाजारों में गिरावट का दौर रहा। घरेलू मोर्चे पर सभी क्षेत्रों के सूचकांक घाटे में रहे" इस सप्ताह में सेंसेक्स में 491.90 अंक यानी 0.83 प्रतिशत की गिरावट आई जबकि निफ्टी को 141.55 अंक यानी 0.80 प्रतिशत का नुकसान उठाना पड़ा।

एम्के वेल्थ मैनेजमेंट के शोध प्रमुख जोसफ थॉमस ने कहा, "बजट प्रस्तावों से बना हुआ सकारात्मक माहौल विदेशी घटनाक्रम से दबाव में आ गया। अमेरिका में मुद्रास्फीति बढ़कर 7.5 प्रतिशत हो गई है। ऐसे में फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरें बढ़ाने की आशंका ने विदेशी बाजारों में कारोबारी धारणा को प्रभावित किया। घरेलू बाजार में भी यह रुझान देखने को मिला। ए चिंताएं आने वाले कुछ और हफ्तों तक बनी रह सकती हैं"

बीएसई के सभी खंडों के सूचकांक नुकसान में रहे। आईटी, टेक, टिकाऊउपभोक्ता उत्पाद, रियल्टी और बुनियादी सामग्री खंडों के सूचकांक करीब 2.55 प्रतिशत तक गिर गए। बीएसई मिडकैप और स्मालकैप सूचकांक भी 1.90 प्रतिशत तक गिर गए। एशिया के अन्य बाजारों में हांगकांग, सोल और शंघाई के शेयर बाजार भी नुकसान में रहे। हालांकि टोक्यो का सूचकांक लाभ में बंद हुआ। यूरोपीय बाजारों में भी दोपहर सत्र में बिकवाली का भारी दबाव देखा गया। अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.43 प्रतिशत बढ़कर 91.80 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। अंतर-बैंक मुद्रा विनिमय बाजार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 21 पैसे टूटकर 75.36 रुपया प्रति डॉलर पर रहा। इस बीच विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने पूंजी बाजार में बिकवाली का सिलसिला जारी रखा है। शेयर बाजार से मिली जानकारी के मुताबिक, एफआईआई ने बृहस्पतिवार को 1,732.58 करोड़ रुपए मूल्य के शेयरों की बिक्री की।

### निवेशकों की संपत्ति 3.39 लाख करोड़ घटी

नई दिल्ली। अमेरिका में मुद्रास्फीति के ऊंचे आंकड़े सामने आने से सकते में आए घरेलू शेयर बाजार के बेहद कमजोर रुख के बीच शुक्रवार को शुरुआती कारोबार में निवेशकों की संपत्ति में 3.39 लाख करोड़ रुपए से अधिक की गिरावट आ गई। कमजोर शुरुआत के बाद 30 शेयरों पर आधारित बीएसई का सूचकांक सेंसेक्स 1,011.93 अंक गिरकर 57,914.10 पर पहुंच गया। बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण शुरुआती कारोबार में 3,39,519.47 करोड़ रुपए घटकर 2,64,41,844.80 करोड़ रुपए रह गया। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेस में मुख्य निवेश रणनीतिकार वी के विजयकुमार ने कहा, जनवरी में अमेरिका में मुद्रास्फीति आशंका से भी अधिक 7.5 फीसदी के स्तर पर पहुंच गई। अमेरिकी केंद्रीय बैंक इस वर्ष दरों में कम से कम एक फीसदी की वृद्धि कर सकता है। मार्च तक फेडरल रिजर्व दरें 0.5 फीसदी तक बढ़ा सकता है जो वैश्विक इक्विटी बाजार के लिए अच्छी खबर नहीं है। बीएसई पर आईटी के शेयर लाल निशान में रहे। सर्वाधिक करीब तीन फीसदी की गिरावट इंफोसिस में हुई। टेक महिंद्रा और विप्रो के शेयर भी नुकसान में रहे।

## दिसंबर 2021 में औद्योगिक उत्पादन 0.4 प्रतिशत बढ़ा

**भाषा। नई दिल्ली**

**भारत** का औद्योगिक उत्पादन दिसंबर 2021 में 0.4 प्रतिशत बढ़ गया। शुक्रवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। राष्ट्रीय सांख्यिकीय कार्यालय (एनएसओ) की तरफ से जारी औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) आंकड़ों के मुताबिक दिसंबर 2021 में विनिर्माण क्षेत्र का उत्पादन 0.1 प्रतिशत गिर गया। वहीं खनन क्षेत्र का उत्पादन 2.6 प्रतिशत बढ़ गया जबकि बिजली उत्पादन में 2.8 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। एक साल पहले दिसंबर 2020 में आईआईपी की वृद्धि दर 2.2 प्रतिशत रही थी। एनएसओ के मुताबिक, अप्रैल-दिसंबर 2021 की अवधि में आईआईपी 15.2 प्रतिशत बढ़ा जबकि एक साल पहले की समान अवधि में यह 13.3 प्रतिशत बढ़ा था।

## आरबीआई ने नीतिगत रणनीति और रुझान के बीच फर्क रखा: एसबीआई रिपोर्ट

**भाषा। मुंबई**




**भारतीय** रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने लगातार दसवीं बार नीतिगत दर तथा उदार रुख बरबरार रख सबको चौंकाने के साथ ही नीतिगत रुझान एवं नीतिगत रणनीति के बीच साफ फर्क भी रखा है। एसबीआई रिसर्च की रिपोर्ट में यह कहा गया है।

शुक्रवार का जारी इस रिपोर्ट के मुताबिक, नीतिगत ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं करने के बाद बॉन्ड प्रतिफल बृहस्पतिवार को सात आधार अंक (0.07 प्रतिशत) गिरकर 6.73 प्रतिशत पर आ गया। आरबीआई की घोषणा के फौरन बाद तो इसमें 0.1 प्रतिशत की गिरावट आ गई थी लेकिन बाद में स्थिति थोड़ी सुधर गई। इसके उलट, बजट पेश किए जाने के दिन 7.5 लाख करोड़ रुपए के पूंजीगत व्यय की घोषणा के बाद बॉन्ड प्रतिफल बढ़कर 6.88 प्रतिशत पर पहुंच गया था।

आरबीआई ने मौद्रिक नीति समीक्षा के बाद कहा है कि वित्त वर्ष 2022-23 में सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर 7.8 प्रतिशत और मुद्रास्फीति 4.5 प्रतिशत रहने का अनुमान है। इसके साथ ही उसने अगले वित्त वर्ष में थोक मूल्य सूचकांक करीब 2.8 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया है। एसबीआई के मुख्य आर्थिक सलाहकार सौम्य कांति घोष को लगता है कि 10 वर्षीय बॉन्ड के प्रतिफल में अभी और गिरावट आएगी और यह 6.55-6.6 प्रतिशत के स्तर पर जाकर स्थिर होगा। उन्होंने कहा कि भले ही आरबीआई के नीतिगत वक्तव्य से बाजार अचंभित हुआ लेकिन केंद्रीय बैंक शायद बाजार की उम्मीदों से आगे रहा है। इसकी वजह से वित्त वर्ष 2022-23 में आरबीआई की नीतिगत रणनीति एवं रुझान अलग-अलग रह सकते हैं। उन्होंने इसे सही मायने में एक गैर-परंपरागत मौद्रिक नीति बताई।

घोष ने कहा कि आरबीआई ने रणनीति एवं रुझान के बीच फर्क को साफ करने के साथ ही यह भी जता दिया है कि दोनों एक साथ बने रह सकते हैं। उन्होंने कहा कि ए दोनों ही एक दूसरे के पूरक के तौर पर काम करते हैं।

## ऊर्जा संरक्षण, दक्षता के लिए राज्य केंद्रित एजेंसी बनाने की जरूरत: बिजली मंत्री

**भाषा। नई दिल्ली**

**बिजली** मंत्री आर के सिंह ने शुक्रवार को ऊर्जा संरक्षण और दक्षता के लिए अलग से एक राज्य-केंद्रित एजेंसी बनाने की जरूरत बताई। उन्होंने कहा कि देश की जलवायु प्रतिबद्धताएं पूरी करने के लिए यह जरूरी है। सिंह ने इसके साथ ही उम्मीद जताई कि भारत वर्ष 2024 तक कृषि क्षेत्र में शून्य-डीजल उपयोग के लक्ष्य को हासिल करने के लिए डीजल की जगह नवीकरणीय ऊर्जा को स्थापित करने में सफल रहेगा। बिजली मंत्रालय की एक विज्ञप्ति के मुताबिक, सिंह ने बिजली और नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालयों के अधिकारियों के साथ ऑनलाइन बैठक में राज्य-केंद्रित एजेंसी बनाने की जरूरत पर बल दिया। इस बैठक में राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों के अतिरिक्त मुख्य सचिव और बिजली विभागों के प्रमुख सचिव भी शामिल हुए। बैठक में देश के ऊर्जा बदलाव लक्ष्यों को पूरा करने में राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों की भूमिका पर भी चर्चा की गई। बिजली मंत्री ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि अर्थव्यवस्था के संभावित क्षेत्रों में ऊर्जा दक्षता उपायों को बड़े पैमाने पर अपनाना होगा और इसके लिए केंद्र एवं राज्य सरकारों के बीच बेहतर सामंजस्य स्थापित करने की जरूरत होगी। उन्होंने कहा कि इसे एक राज्य-केंद्रित एजेंसी बनाकर सुनिश्चित किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि राज्यों को दिए गए लक्ष्यों को हासिल करने के लिए कार्ययोजना तैयार करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार एक नया एवं आधुनिक भारत बनाने की दिशा में काम कर रही है और आधुनिक ऊर्जा प्रणालियों के बगैर इसे हासिल नहीं किया जा सकता है।

## चंद्रशेखरन फिर बने टाटा संस के चेयरमैन

**नई दिल्ली।** एन चंद्रशेखरन को शुक्रवार को पांच वर्ष के लिए फिर से टाटा संस का चेयरमैन नियुक्त किया गया। टाटा संस, टाटा समूह की होल्डिंग कंपनी है। चंद्रशेखरन की दूसरी बार फिर से नियुक्ति को टाटा ट्रस्ट के चेयरमैन रतन टाटा का समर्थन मिला। टाटा ट्रस्ट की टाटा संस में बहुलांश हिस्सेदारी है। टाटा संस ने एक बयान में कहा कि उसके निदेशक मंडल की शुक्रवार को बैठक हुई जिसमें बीते पांच साल की समीक्षा की गई और इसके कार्यकारी चेयरमैन एन चंद्रशेखरन की पुन: नियुक्ति पर विचार किया गया। इसमें कहा गया, रतन एन टाटा इस बैठक में विशेष तौर पर आमंत्रित थे। उन्होंने चंद्रशेखरन के नेतृत्व में टाटा समूह की प्रगति और प्रदर्शन पर संतोष जताया।

## एक्सप्रेसबीज ने 30 करोड़ डॉलर की फंडिंग जुटाई

**मुंबई।** एक्सप्रेसबीज भारत की सबसे तेजी से बढ़ती थर्ड-पार्टी एंड-टू-एंड लॉजिस्टिक्स प्रदाता ने घोषणा की कि उसने निजी इक्विटी फंड ब्लैकस्टोन ग्रोथए टीपीजी ग्रोथ और क्रिस कैपिटल के नेतृत्व में सीरीज एफ फंडिंग दौर में 300 मिलियन डॉलर जुटाए हैं। मौजूदा निवेशकए इन्वेस्टकॉर्प और नॉरवेस्ट वेंचर पार्टनर्स ने भी सीरीज एफराउंड में भाग लिया। इस दौर के साथएएक्सप्रेसबीज द्वारा जमा कि गई कुल धनराशि 500 मिलियन डॉलर से अधिक है। एवेंडस कैपिटल ने एक्सप्रेसबीज के इस लेनदेन पर विशिष्ट वित्तीय सलाहकार के रूप में कार्य किया। एक फुल दृ सर्विस लॉजिस्टिक्स आर्गेनाईजेशन के रूप में विकसित होना हैए विकास के अगले चरण में व्यापार का समर्थनए उत्पाद विकास और प्रतिभावानों की भर्ती हैं। एक्सप्रेसबीज की मजबूत डोमेन विशेषज्ञता और सार्थक इनोवेशन पर निरंतर ध्यान देने से इसे भारत के सबसे भरोसेमंद लॉजिस्टिक्स पार्टनर में से एक के रूप में तेजी से विकसित होने में मदद मिली है। ब्रांड ने प्रोग्रेसिवली सर्वश्रेष्ठ-इन-क्लास टेक्नोलॉजी प्लेटफ़ॉर्म, एक व्यापक नेटवर्क पहुंचए, एक सहज लास्ट मील मैनेजमेंट सिस्टम का निर्माण किया है, और साल-दर-साल आधार पर राजस्व में लगभग 100 प्रतिशत की वृद्धि का अनुभव किया है। अमितावा साहा संस्थापक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने कहा कि हम अपने नए भागीदारों ब्लैकस्टोन ग्रोथ टीपीजी ग्रोथ और क्रिस कैपिटल का स्वागत करने के लिए उत्साहित हैं।

## आईसीआईसीआई बैंक ने इंस्टाबिज को बनाया इंटरऑपरेबल


**बंगलुरू।** **आईसीआईसीआई** बैंक ने घोषणा की कि उसने इंस्टाबिज् को इंटरऑपरेबल बना दिया है, जिससे उसके बिजनेस बैंकिंग मोबाइल ऐप का लाभ अन्य बैंकों के ग्राहकों सहित सभी व्यापारियों को उपलब्ध हो सके। अपनी तरह की इस अनूठी पहल के माध्यम से व्यापारी, किराने की दुकानों के मालिक, सुपरमार्केट, रेस्तरां, स्टेशनरी स्टोर और फार्मेसियों के मालिक और डॉक्टरों और वकीलों जैसे पेशेवर तुरंत यूपीआई आईडी और क्यूआर कोड जैसे डिजिटल कलेक्शन सॉल्यूशंस बना सकते हैं। इसकी सहायता से वे तुरंत ही अपने ग्राहकों से पैसा प्राप्त कर सकते हैं। वे प्वाइंट ऑफ सेल डिवाइस के लिए डिजिटल रूप से भी आवेदन कर सकते हैं। केवल 30 मिनट में अपनी दुकानों को एक ऑनलाइन स्टोर में बदल सकते हैं और एक वॉयस मैसेजिंग डिवाइस के लिए आवेदन कर सकते हैं जो भुगतान की प्राप्ति की पुष्टि करता है। कोई भी व्यापारी, चाहे उसका आईसीआईसीआई बैंक में चालू, बचत खाता हो या न हो। गूगल प्लेस्टोर या एपल ऐप स्टोर से इंस्टाबिल ऐप डाउनलोड करके यह सॉल्यूशन हासिल कर सकता है और अपने बैंक खाते को इससे लिंक कर सकता है। इस पहल में पूरी तरह से ऑनलाइन और तत्काल केवाईसी प्रक्रिया की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है।

इस पहल के बारे में विस्तार से जानकारी देते बोलते हुएआईसीआईसीआई बैंक के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर अनूप बागची ने कहा कि बैंक में हम हमेशा मानते हैं कि स्वरोजगार और एमएसएमई सेक्टर भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए मेरूदंड के समान हैं। इस सेगमेंट का एक बड़ा हिस्सा खुदरा व्यापारियों का है। हमारा प्रयास है कि पूरे देश में लगभग दो करोड़ व्यापारियों को उनके व्यवसाय को आसान बनाने वाले समाधान प्रदान करके उन्हें सपोर्ट प्रदान किया जाए।

## इमेजिन मार्केटिंग लिमिटेड ने सेबी के यहाँ डीआरएचपी दाखिल किया

**मुंबई।** इमेजिन मार्केटिंग लिमिटेड जो एक डिजिटल फर्स्ट उपभोक्ता उत्पाद कंपनी और सबसे बड़े भारतीय डिजिटल फर्स्ट ब्रांडों में से एक है, ने अपना ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस डीआरएचपी बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड के साथ ,सेबी दाखिल किया है। 2013 में स्थापित और 2014 में लॉन्च किए गए अपने प्रमुख ब्रांड बीओएट के नेतृत्व में, कंपनी ने 30 सितंबरए 2021 तक ऑडियो और स्मार्टवॉच जैसी कई, उच्च-विकास उपभोक्ता श्रेणियों में भारत में वॉल्यूम और मूल्य के मामले में अग्रणी बाजार स्थिति स्थापित की है। कंपनी के पास अपने ब्रांडों के तहत सुलभ मूल्य बिंदुओं पर व्यापकए उच्च.गुणवत्ता और आकांक्षात्मक जीवन शैली,केंद्रित उपभोक्ता उत्पादों की आकर्षक पेशकश है। आईपीओ के माध्यम से कुल 20, 000 मिलियन रु जुटाना है। 9,000 मिलियन रु के इक्विटी शेयरों का फ्रेश इश्यू, फ्रेश इश्यू और ऑफर फॉर सेल में कुल 11,000 मिलियन रु तक का ऑफर फॉर सेल बिक्री के लिए प्रस्ताव शामिल है।

## सेमीकंडक्टर की कमी के बीच जनवरी में यात्री वाहनों की थोक बिक्री आठ फीसदी घटी




**भाषा। नई दिल्ली**

**वाहन** उद्योग के निकाय सियाम ने शुक्रवार को कहा कि सेमीकंडक्टर की कमी के कारण उत्पादन प्रभावित होने के चलते कारखानों से डीलरों को यात्री गाड़ियों की आपूर्ति जनवरी में आठ फीसदी घट गई। जनवरी 2022 में कुल यात्री वाहनों की थोक बिक्री 2,54,287 इकाई रह गई जो पिछले वर्ष इसी महीने में 2,76,554 इकाई थी। वाहन विनिर्माताओं के संगठन सोसाइटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) ने शुक्रवार को कहा कि पिछले महीने 1,26,693 यात्री कारों की आपूर्ति हुई जो एक साल पहले के समान महीने में 1,53,244 इकाई थी। इसी तरह समीक्षाधीन अवधि में वैन की आपूर्ति घटकर 10,632 रह गई जो जनवरी 2021 में 11,816 इकाई थी।

## ओडिशा में कोयला खदानों की नीलामी में जिंदल स्टील ऐंड पॉवर, हिंडाल्को को मिले खदान

**नई दिल्ली।** वाणिज्यिक इस्तेमाल के लिए कोयला ब्लॉक की नीलामी के दूसरे और तीसरे दिन ओडिशा में उत्कल-सी कोयला खदान की बोली जिंदल स्टील एंड पॉवर ने जीती जबकि हिंडाल्को इंडस्ट्रीज ने मीनाक्षी खदान के लिए सबसे ऊंची बोली लगाई। महाराष्ट्र की माजरा खदान के लिए सबसे ऊंची बोली बीएस इस्पात लिमिटेड ने लगाई जबकि असम का गरमपानी कोयला ब्लॉक असम खनिज विकास निगम को मिला। कोयला मंत्रालय ने एक बयान में यह जानकारी दी। वाणिज्यिक इस्तेमाल के लिए खनन के तीसरे दौर में सरकार ने दस कोयला खदानों को बिक्री के लिए रखा है। मंत्रालय ने बताया कि ई-नीलामी के दूसरे और तीसरे दिन पांच कोयला खदानों को नीलामी के लिए रखा गया।

## द. अफ्रीका के राष्ट्रपति ने आर्थिक पुनरुद्धार की योजना की घोषणा की

**भाषा। जोहानिसबर्ग**

**दक्षिण** अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामाफोसा ने कहा कि सरकार कई मोर्चों पर विफल रही जिसके कारण आपराधिक नेटवर्क सरकारी स्वामित्व वाले उद्यमों में जनता के पैसे की लूट के इरादे से घुसपैठ कर पाए और देश बेहद खराब आर्थिक स्थिति में पहुंच गया। रामाफोसा ने बृहस्पतिवार को राष्ट्र को संबोधित करते हुए कई योजनाओं के जरिए अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने और भ्रष्टाचार से लड़ाई की सरकार की योजना साझा की। उन्होंने कहा, सरकारी स्वामित्व वाले उद्यमों में आपराधिक नेटवर्क ने निजी हित के लिए और जनता के पैसे को लूटने के इरादे से घुसपैठ की। राष्ट्रपति ने कहा, ए उद्यम हमारी अर्थव्यवस्था में अहम भूमिका निभाते हैं। जल से लेकर सड़क, ऊर्जा से लेकर बंदरगाह तक और रक्षा से लेकर विमानन क्षेत्र तक ए रणनीतिक संपत्तियां हमारे देश के लिए आवश्यक हैं और यह भी जरूरी है कि हम उनके पतन को रोकें ताकि वे सकारात्मक योगदान दे सकें। उन्होंने कहा कि आर्थिक अवसंरचना को नुकसान पहुंचने से आत्मविश्वास हिला है और आर्थिक वृद्धि, निवेश तथा रोजगार सृजन भी प्रभावित हुए हैं।

### मदरसन सुमी का शुद्ध लाभ तीसरी तिमाही में 80 प्रतिशत घटा

**नई दिल्ली।** वाहनों के कलपुर्जे बनाने वाली कंपनी मदरसन सुमी का एकीकृत शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में 79.96 प्रतिशत घटकर 225.95 करोड़ रुपए रहा। कंपनी ने एक बयान में कहा कि इससे पिछले वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में उसका एकीकृत शुद्ध लाभ 1,127.83 करोड़ रुपए था।

# पेज एक का शेष

### हिंद-प्रशांत...

आगे बढ़ा रहा है। क्षेत्र में चीन की धमकियों के परोक्ष संदर्भ में संयुक्त बयान में कहा गया, बैठक में, हम एक स्वतंत्र और मुक्त हिन्द-प्रशांत को आगे बढ़ाने के हिन्द-प्रशांत देशों के प्रयासों का समर्थन करने के लिए क्वाड की प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हैं- एक ऐसा क्षेत्र जो समावेशी हो और जिसमें देश किसी भी तरह की धमकियों से मुक्त होकर अपने लोगों के हितों की रक्षा करने का प्रयास करें। बयान में कहा गया, हमारी बैठक ने क्वाड के सकारात्मक और महत्वाकांक्षी एजेंडे को आगे बढ़ाया। हम क्षेत्र की सबसे महत्वपूर्ण चुनौतियों का समाधान करने के लिए हिन्द-प्रशांत भागीदारों के साथ मिलकर काम करने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। क्वाड के रूप में एक साथ काम करते हुए, हम इस क्षेत्र को व्यावहारिक समर्थन देने में अधिक प्रभावी हैं। जापानी विदेश मंत्री ने कहा कि क्वाड नेताओं का अगला शिखर सम्मेलन जापान में होगा।

### क्वाड बीजिंग...

उकसाने संबंधी किसी भी कदम को खारिज करता है। उन्होंने कहा कि हमें उम्मीद है कि अमेरिका और अन्य संबंधित देश समय के रुख को समझेंगे, उचित मानसिकता रखेंगे और शीत युद्ध की मानसिकता को त्याग देंगे। यूक्रेन को लेकर रूस और उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) देशों के बीच बढ़ते तनाव, अफगानिस्तान संकट और हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन के बढ़ते दबदबे को लेकर चिंताओं के बीच क्वाड समूह के विदेश मंत्रियों ने शुक्रवार को मेलबर्न में व्यापक बातचीत की।

### सभी के...

तीन सदस्ईय पीठ ने अपने अंतरिम आदेश में यह व्यवस्था दी है। अदालत ने यह भी स्पष्ट किया है कि यह आदेश केवल ऐसे संस्थानों पर लागू होगा जहां की महाविद्यालय विकास समिति ने विद्यार्थियों के लिए ड्रेस कोड या यूनीफार्म लागू किया है। अदालत ने कहा, हम राज्य सरकार और सभी हितधारकों से अनुरोध करते हैं कि वे शिक्षण संस्थानों को खोलें और विद्यार्थियों को कक्षाओं में यथाशीघ्र लौटने की अनुमति दें। सर्वोच्च अदालत ने याचिका 14 फरवरी के लिए सूचीबद्ध करने का अनुरोध अस्वीकार करते हुए इस मामले में जारी सुनवाई का हवाला दिया और कहा कि हम प्रत्येक नागरिक के संवैधानिक अधिकारों की रक्षा करेंगे और मामले पर उचित समय पर सुनवाई की जाएगी। कामत ने इसके बाद कहा, मैं उच्च न्यायालय द्वारा कल हिजाब के मुद्दे पर दिए अंतरिम आदेश के खिलाफ विशेष अनुमति याचिका (एसएलपी) दायर कर रहा हूं।

### बवाना में...

को दोपहर 2.48 बजे मिली थी। जिसके बाद दमकल की चार गाड़ियों को घटनास्थल के लिए रवाना किया गया। पुलिस को सूचना दी गई कि दिल्ली जल बोर्ड के पास की इमारत ढह गई है और चार से पांच लोग मलबे में दब गए हैं। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि पुलिस मौके पर पहुंची और पाया कि ढही हुई इमारत राजीव रतन आवास का हिस्सा थी जिसमें करीब 300 से 400 फ्लैट है। तीन जेसीबी, एक हाइड्रा मशीन और दो एंबुलेंस मौके पर पहुंची और बचाव कार्य शुरू कर दिया गया। पुलिस उपायुक्त बृजेंद्र कुमार यादव ने बताया दो महिलाओं फातिमा और शहनाज को मलबे से बाहर निकाला गया और अस्पताल भेजा गया है, दोनों बवाना स्थित जेजे कॉलोनी की रहने वाली हैं। इसके बाद तुरंत राहत बचाव का काम शुरू हो गया। इसमें तीन जेसीबी और एक हाइड्रा को काम पर लगा दिया गया है। मलबे को हटाने काम जारी है। वहीं, दो एंबुलेंस को भी मौके पर तैनात कर दिया गया है ताकि मलबे से निकले लोगों को जल्द से जल्द अस्पताल पहुंचाया जा सके। देर शाम सात बजे राहत कार्य को पूरा कर लिया गया है।

### अधिकतर फ्लैट...

बीच इन फ्लैटों में रेलवे लाइन किनारे बसी झुग्गी वालों को विस्थापित करने की बात की जा रही है, जबकि यहां सुविधा के नाम पर न तो पीने का साफ पानी आता है और न ही साफ सफाई होती है। यहां चारों ओर गंदगी रहती है।

### दो सड़क...

जान चली गई थी। दूसरा हादसा गढ़मुक्तेश्वर में राष्ट्रीय राजमार्ग 9 पर बस और टैंकर की भिड़ंत टक्कर से हुआ जिसमें बस में सवार करीब 20 यात्री घायल हो गए। कैंटर चालक और बस में सवार एक महिला की मौके पर मौत हो गई। रुहेलखंड डिपो की यह बस दिल्ली से मुरादाबाद की तरफ जा रही थी। गढ़मुक्तेश्वर में स्थित टोल प्लाजा पार करते हीचालक संतुलन खो बैठा और बस अनियंत्रित होकर हाईवे की दूसरी तरफ पहुंच गई। उसी वक्त मुरादाबाद की तरफ से आ रहा कैंटर रोडवेज बस से टक्करा गया। सीओ पवन कुमार ने बताया कि हादसे में महिला समेत कैंटर चालक की मौत हुई है, जिनकी शिनाख्त के लिए पुलिस प्रशासन के प्रयास में जुटे हैं। घायलों को मेरठ रेफर कर दिया गया है।

### बजट लाएगा...

कहा कि सरकार के लिए निरंतरता का सिद्धांत मार्गदर्शक है। पिछले बजट में निजीकरण पर अच्छा-खासा जोर दिया गया था, लेकिन इस बार इसका अभाव है। वित्तमंत्री ने मुताबिक 2020-21 में 6.6 प्रतिशत की गिरावट 2008-09 के वित्तीय संकट के दौरान हुए संकुचन की तुलना में कहीं बड़ी गिरावट थी। उन्होंने कहा कि अर्थव्यवस्था में इस प्रकार की गिरावट की कोई तुलना नहीं है। रिकार्ड गिरावट और प्रोत्साहन पैकेज के बावजूद मुद्रास्फीति दर 6.2 प्रतिशत रही जो 2008-09 के संकट के समय की 9.1 प्रतिशत मुद्रास्फीति से काफी कम है। वित्तमंत्री ने हालांकि इस बात से सहमति जतायी कि मुद्रास्फीति को काबू में रखने के लिये कदम उठाने की जरूरत है लेकिन यह भी कहा कि पूर्व के मुकाबले महंगाई का प्रबंधन बेहतर तरीके से हो रहा है। सीतारमण ने यह भी कहा कि आर्थिक समीक्षा और बजट में जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) वृद्धि दर के अनुमान को लेकर अंतर होना कोई चिंता की बात नहीं है। इस अंतर का कारण अलग-अलग स्रोत से लिये गये आंकड़े हैं।

### गोवा में...

निकट मापुसा में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा था कि कांग्रेस सरकार को गोवा को पुर्तगाली शासन से मुक्त कराने में 15 साल लग गए। इस टिप्पणी पर उन पर निशाना साधते हुए गांधी ने कहा, इस मुद्दे पर स्वतंत्रता सेनानियों ने टिप्पणी की है। शिक्षाविदों ने इसके बारे में बात की है। दुखद बात यह है कि प्रधानमंत्री उस समय के इतिहास को नहीं समझते हैं। उन्हें समझ नहीं आता कि द्वितीय विश्व युद्ध के बाद क्या हो रहा था। वह पर्यावरण और रोजगार जैसे वास्तविक मुद्दों से लोगों का ध्यान भटकाने के लिए गोवा आ रहे हैं। गांधी ने आरोप लगाया कि गोवा में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने लोगों द्वारा कांग्रेस को दिए गए जनादेश को चुराकर पिछले पांच वर्षों तक शासन किया। गोवा के एक दिवसीय दौरे पर आए गांधी ने कहा कि अगर उनकी पार्टी सत्ता में आती है, तो वह राज्य में खनन शुरू कर देगी। उन्होंने कहा, हमने विषय का अध्ययन किया है। कानूनी तरीके से खनन को फिर से शुरू करने में कोई समस्या नहीं है। उन्होंने कहा, हम कानूनी और सतत खनन की अनुमति देंगे जिससे बड़ी संख्या में लोगों को नौकरियां मिलेंगी। मैंने पर्यटन उद्योग में विभिन्न हितधारकों से बात की है, हमारे पास पर्यटन उद्योग को पूरी तरह से फिर से जीवंत करने की योजना है। गांधी ने कहा कि कांग्रेस ने गोवा को आईटी और ज्ञान केंद्र में बदलने के लिए धन और ऊर्जा का निवेश करने का प्रस्ताव किया है, ताकि गोवा के कई युवा आईटी उद्योग में रोजगार प्राप्त कर सकें।

### लापता युवती...

शव बरामद किया। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की प्रमुख मायावती ने शुक्रवार को सपा पर निशाना साधते हुए मांग की है कि राज्य सरकार पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के लिए दोषियों के खिलाफ तुरंत सख्त कानूनी कार्रवाई करे। अपर पुलिस अधीक्षक सिंह ने बताया मामला प्रेम प्रसंग का हो सकता है। जांच की जा रही है और जल्द इसमें शामिल अन्य लोगों को भी गिरफ्तार किया जाएगा। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। गौरतलब है कि कुछ दिनों से लापता युवती की मां ने लखनऊ में सपा नेता की कार के आगे आत्मदाह का प्रयास किया था। बृहस्पतिवार को शव मिलने के बाद युवती की मां ने कहा कि वह पहले दिन से ही कह रही थीं कि उनकी बेटी का पूर्व मंत्री के बेटे रजोल सिंह ने अपहरण किया। महिला ने इस बीच स्थानीय पुलिस और उच्च अधिकारियों से भी संपर्क किया और किसी अनहोनी की आशंका जताते हुए उनसे लगातार आरोपी रजोल के खिलाफ कार्वाई करने की मांग की। पुलिस पर कार्वाई नहीं करने का आरोप लगाते हुए युवती की मां ने 24 जनवरी को लखनऊ में आत्मदाह की कोशिश की, जिसके बाद सक्रिय हुई पुलिस ने रजोल सिंह को गिरफ्तार किया था। कोतवाली क्षेत्र के काशीराम कॉलोनी निवासी एक दलित महिला की बेटी आठ दिसंबर 2021 से गायब थी।

# बेलारूस भेजे गए हजारों रूसी सैनिक अभ्यास में जुटे

**यूक्रेन-रूस संकट**

**भाषा।** हेग (नीदरलैंड)

**रूस और यूक्रेन** के बीच युद्ध रोकने की गहन कूटनीति की पृष्ठभूमि में मास्को द्वारा बेलारूस भेजे गए हजारों सैनिक सैन्य अभ्यास में जुटे हैं। इस बीच, नाटो के और सुरक्षा बल अपने सहयोगी देश यूक्रेन की पूर्वी सीमाओं की ओर बढ़ रहे हैं जबकि ब्रिटेन ने पूर्वी यूरोप में मानवीय संकट की आशंका के मद्देनजर 1,000 सैनिकों को तैयार रहने को कहा है। अगर रूस अपने पड़ोसी देश यूक्रेन पर हमला करता है और लड़ाई शुरू होती है तो मानवीय संकट की आशंका पैदा हो सकती है। रूस ने यूक्रेन सीमा के समीप 1,00,000 से अधिक सैनिकों को एकत्रित कर लिया है लेकिन साथ ही कहा है कि उसकी हमले की कोई योजना नहीं है। वह पश्चिम देशों से यह गारंटी चाहता है कि नाटो यूक्रेन तथा पूर्व सोवियत संघ के अन्य देशों को इस पश्चिमी सैन्य गठबंधन का हिस्सा बनने नहीं देगा। पिछले महीने पेरिस में मुलाकात करने वाले जर्मनी, फ्रांस, रूस और यूक्रेन के विदेशी नीति सलाहकारों ने बर्लिन में एक और दौर की वार्ता की। उन्होंने 2015 के शांति समझौते के क्रियान्वयन पर कोई प्रगति नहीं होने की बात कही। वहीं, अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने अपनी चेतावनी दोहराते हुए कहा कि अगर कोई अमेरिकी अब भी यूक्रेन में मौजूद है तो वह जल्द से जल्द देश छोड़ दें। उन्होंने बृहस्पतिवार को एनबीसी न्यूज को दिए एक साक्षात्कार में कहा, यह ऐसा नहीं है कि हम एक आतंकवादी संगठन से निपट रहे हैं। हम दुनिया की सबसे बड़ी सेनाओं में से एक से निपट रहे हैं। यह बहुत अलग स्थिति है और चीजें जल्द ही खराब हो सकती है। अमेरिकियों को बचाने के लिए यूक्रेन में सेना भेजने के सवाल पर बाइडन ने कहा, वहां नहीं। यह विश्वयुद्ध होगा अगर अमेरिका और रूस एक-दूसरे पर गोलियां चलाना शुरू कर दें। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन और नाटो महासचिव जेन्स स्टोल्टेनबर्ग चेतावनी दे रहे हैं कि यूक्रेन के समीप रूस के सैन्य जमावड़े से हाल फिलहाल में यूरोपीय सुरक्षा को सबसे बड़ा खतरा पैदा हुआ है। ब्रिटिश नेता ने कहा कि उन्हें नहीं लगता कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने यूक्रेन के खिलाफ कार्वाई करने का फैसला लिया है लेकिन साथ ही कहा, हम हमारा खुफिया तंत्र गंभीरता से काम में लगा हुआ है। स्टोल्टेनबर्ग ने कहा कि उन्होंने रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव को एक नया पत्र भेजकर यूरोपीय सुरक्षा को बेहतर बनाने पर वार्ता के लिए नाटो के निमंत्रण को दोहराया। जॉनसन पोलैंड के प्रधानमंत्री मैत्यूज मोराविकी से वार्ता के लिए ब्रसेल्स से वारसॉ गए। दोनों नेता पोलैंड की राजधानी के समीप तैनात ब्रिटिन सैनिकों से मुलाकात करने गए थे। पोलैंड की सीमा बेलारूस, यूक्रेन और रूस के कालिनिनग्रैड क्षेत्र से लगती है। मोराविकी ने कहा, पुतिन का राजनीतिक उद्देश्य नाटो को तोड़ना है इसलिए हमें एक साथ रहने की आवश्यकता है। वहीं, ब्रिटेन के विदेश मंत्री लिज टुस ने मास्को में लावरोव से बातचीत में फिर चेतावनी दी । कि यूक्रेन पर हमला करने के गहन परिणाम होंगे और इसकी भारी कीमत चुकानी पड़ेगी।



यूक्रेनी सैनिकों ने यूक्रेन को संयुक्त राज्य अमेरिका की सुरक्षा सहायता के हिस्से के रूप में दी गई सैन्य सहायता के शिपमेंट को अनपैक किया

## तनाव के बीच ब्रिटेन के रक्षा मंत्री वालेस ने रूस का दौरा किया

**मास्को।** यूक्रेन सीमा के निकट युद्ध की आशंका के बीच तनाव कम करने को लेकर बातचीत के लिए ब्रिटेन के रक्षा मंत्री बेन वालेस ने शुक्रवार को रूस का दौरा किया। ब्रिटेन की विदेश मंत्री लिज ट्रस के मास्को में बातचीत करने के एक दिन बाद वालेस ने रूस की यात्रा की। ट्रस ने यूक्रेन की सीमा के निकट एकत्र किए गए एक लाख से अधिक सैनिकों को वापस बुलाने का आग्रह किया और चेतावनी दी कि यदि यूक्रेन पर हमला किया गया तो इसके बड़े पैमाने पर गंभीर परिणाम होंगे। रूस का कहना है कि यूक्रेन पर आक्रमण करने की उसकी कोई योजना नहीं है, लेकिन वह चाहता है कि पश्चिमी देश यूक्रेन और अन्य पूर्व सोवियत देशों को उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) से बाहर रखें। एक साक्षात्कार में, अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने अपनी चेतावनी दोहराई थी कि जो भी अमेरिकी अभी भी यूक्रेन में हैं, उन्हें जल्द से जल्द वहां से निकल जाना चाहिए। बढ़ते तनाव के बीच, ब्रिटिश प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन ने बृहस्पतिवार को चेतावनी दी थी कि यूक्रेन संकट दशकों में यूरोप के लिए सबसे खतरनाक क्षण बन गया है। यूक्रेन के निकट सैनिकों की तैनाती को जारी रखते हुए, रूस ने छह लड़ाकू जहाजों को काला सागर बेड़े में स्थानांतरित कर दिया है।

## अफगानिस्तान में मस्जिद के बाहर धमाका

**काबुल।** उत्तरी अफ्गानिस्तान मे एक मस्जिद के द्वार पर शुक्रवार को हुए धमाके मे एक व्यक्ति की मौत हो गई, वही सात लोग घायल हो गए। एक तालिबानी अधिकारी ने यह जानकारी दी। धमाके के कारणो का फिलहाल पता नही चल पाया है,और जांच चल रही है।

MESCO STEEL

**मिडईस्ट इंटीग्रेटेड स्टील्स लिमिटेड**

सीआईएन :L74899DL1992PLC050216

पंजी.त कार्यालय रू मेस्को टॉवर्स, एच–1, जमशेदपुर कम्युनिटी सेंटर, कैलाश कॉलोनी, नई दिल्ली–110048

दूरभाष : 011–29241099, 41587085, 40587083 वेबसाइट : www.mescosteel.com

सूचना

एतद्वारा सूचना दी जाती है कि कम्पनी के सदस्यों की असाधारण सामान्य बैठक (ईजीएम) मंगलवार, 08 मार्च, 2022 को पूर्वा. 11.00 बजे एमसीए सर्कुलर नंबर 14/2020 दिनांकित 8 अप्रैल, 2020 के साथ पठित एमसीए द्वारा जारी जनरल सर्कुलर नंबर 14/2020 दिनांकित 8 अप्रैल, 2020 ; जनरल सर्कुलर नंबर 17/2020 दिनांकित 13 अप्रैल, 2020 ; जनरल सर्कुलर नंबर 20/2020 दिनांकित 5 मई, 2020 तथा जनरल सर्कुलर नंबर 20/2021 दिनांकित 8 दिसम्बर, 2021 (सामूहिक रूप से "एमसीए सर्कुलर्स" कहे गए हैं) के प्रावधानों के अनुपालन में वीडियो कॉन्फ्रेन्सिंग ("वीसी")/अन्य ऑडियो विजुअल मीन्स ("ओएवीएम") के माध्यम से, ईजीएम एजीएम की सूचना में सूचीबद्ध साधारण और विशेष व्यवसाय के निष्पादन हेतु आयोजित की जाएगी। कम्पनी का पंजीकृत कार्यालय ईजीएम के लिए मान्य स्थान होगा।

ईजीएम की सूचना, जिसमें बैठक में निष्पादित किए जाने वाले कार्यों की सूची दी गई है, की प्रति रिमोट ई–वोटिंग के लिए अनुदेशों सहित व्याख्यात्मक विवरण के साथ उन सदस्यों को भेजी जा चुकी है, जिनकी ई–मेल आईडी'ज कम्पनी/डिपॉजिटरी पार्टिसिपैंट्स के पास संचार हेतु पंजीकृत हैं। जिन सदस्यों ने अपनी ई–मेल आईडी'ज पंजीकृत नहीं करवाई हैं वे सूचना की प्रति कम्पनी की वेबसाइट www.mescosteel.com तथा स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट www.bseindia.com और एनएसडीएल की वेबसाइट www.evoting.nsdl.com से प्राप्त कर सकते हैं ।

कम्पनी (प्रबन्धन एवं प्रशासन) संशोधन नियमावली, 2015 तथा यथासंशोधित सेबी (सूचीबद्धता दायित्व एवं प्रकटन अपेक्षाएँ) विनियमावली, 2015 के विनियम 44 द्वारा संशोधित कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 108 तथा यथासंशोधित कम्पनी (प्रबन्धन एवं प्रशासन) नियमावली, 2014 के नियम 20 के अनुसार कम्पनी अपने सदस्यों को इलेक्ट्रॉनिक साधनों द्वारा अपने मताधिकार का प्रयोग करने ("रिमोट वोटिंग") की सुविधा प्रदान करने में हर्ष का अनुभव करती है। कम्पनी ने अपने सदस्यों को ई–वोटिंग की सुविधा प्रदान करने के लिए नैशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड (छैक्स) की सेवाएं ली हैं।

रिमोट ई–वोटिंग सुविधा शनिवार, 05 मार्च, 2022 को 9.00 बजे प्रातः प्रारम्भ होगी और सोमवार, 07 मार्च, 2022 को 5.00 बजे सायं बन्द होगी। रिमोट ई–वोटिंग की सुविधा उपर्युक्त तिथि एवं समय के बाद उपलब्ध नहीं होगी। कोई भी व्यक्ति जिसका नाम कट–ऑफ तिथि अर्थात 28 फरवरी, 2022 को सदस्यों/लाभार्थी स्वामियों के रजिस्टर में दर्ज मौजूद होगा, केवल वे ही बैठक में रिमोट ई–वोटिंग/मतदान की सुविधा प्राप्त करने के हकदार होंगे। कोई भी व्यक्ति जो बैठक की सूचना भेजे जाने के पश्चात कम्पनी का सदस्य बनता है और कट–ऑफ तिथि को शेयर धारक है वह evoting@nsdl.co.in या admin@skylinerta.com पर एक निवेदन भेजकर लॉगिन आईडी तथा पासवर्ड प्राप्त कर सकता है। यदि ई–वोटिंग के लिए आप पहले से ही एनएसडीएल के साथ पंजी.त हैं तो आप अपना मतदान करने के लिए वर्तमान लॉगिन आईडी तथा पासवर्ड का उपयोग कर सकते हैं। जिन सदस्यों ने बैठक से पूर्व रिमोट ई–वोटिंग द्वारा अपना मतदान कर लिया है वे बैठक में शामिल हो सकते हैं किन्तु वे पुनः मतदान के हकदार नहीं होंगे

किसी पूछताछ की स्थिति में, आप evoting@nsdl.com के डाउनलोड सेक्शन में उपलब्ध शेयरधारकों के लिए यूजर मैनुअल और शेयरधारकों के लिए फ्रीक्वेंटली आस्क्ड क्वेश्चन्स (एफएक्यू'ज) देखें अथवा टोलफ्री नंबर : 1800–222–990 पर कॉल करें अथवा सुश्री पल्लवी म्हात्रे को evoting@nsdl.co.in पर अनुरोध भेजें।

कृते मिडईस्ट इंटीग्रेटेड स्टील्स लिमिटेड
हस्ता./–
रीता सिंह
सीएमडी
डीआईएन/00082263

स्थान : नई दिल्ली
तिथि : 10–02–2022

# क्वाड बीजिंग पर लगाम लगाने के लिए एक उपकरण की तरह है : चीन

**भाषा।** बीजिंग

**चीन ने शुक्रवार** को कहा कि उसे आगे बढ़ने से रोकने के लिए क्वाड गठबंधन एक उपकरण की तरह है और यह टकराव को तेज करने के लिए जानबूझकर उठाया गया कदम है जो सफल नहीं होगा।

क्वाड में भारत, ऑस्ट्रेलिया, अमेरिका और जापान शामिल हैं। चीन का सामरिक रूप से महत्वपूर्ण हिंद-प्रशांत क्षेत्र में कई देशों के साथ क्षेत्रीय विवाद है और वह क्वाड गठबंधन का इसके गठन के समय से ही विरोध करता रहा है। क्वाड विदेश मंत्रियों के ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न में वार्ता शुरू करने संबंधी एक सवाल का जवाब देते हुए चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता झाओ लिजियन ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा, चीन का मानना है कि क्वाड तंत्र केवल उसे नियंत्रित करने का एक उपकरण है। उन्होंने कहा, यह टकराव को भड़काने और अंतरराष्ट्रीय एकजुटता और सहयोग को कमजोर करने के लिए जानबूझकर उठाया गया कदम है। उन्होंने कहा, मैं इस बात पर जोर देना चाहता हूं कि शीत युद्ध लंबा खींच गया है और चीन को रोकने के उद्देश्य से गठबंधन बनाने का कोई भी प्रयास सफल नहीं होगा। क्वाड विदेश मंत्रियों की बैठक के पहले, झाओ ने बुधवार को कहा था कि चीन विशेष गुट बनाने और टकराव को उकसाने संबंधी किसी भी कदम को खारिज करता है। उन्होंने कहा, हमें उम्मीद है कि अमेरिका और अन्य संबंधित देश समय के रुख को समझेंगे, उचित मानसिकता रखेंगे और शीत युद्ध की मानसिकता को त्याग देंगे। यूक्रेन को लेकर रूस और उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) देशों के बीच बढ़ते तनाव, अफगानिस्तान संकट और हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन के बढ़ते दबदबे को लेकर चिंताओं के बीच क्वाड समूह के विदेश मंत्रियों ने शुक्रवार को मेलबर्न में व्यापक बातचीत की। चीन लगभग सभी विवादित दक्षिण चीन सागर क्षेत्र पर अपना दावा करता है।

### चीन के साथ टकराव अपरिहार्य नहीं है : ब्लिंकन

**कैनबरा।** अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने शुक्रवार को कहा कि चीन के साथ टकराव अपरिहार्य नहीं है, लेकिन अमेरिका को अपने सहयोगियों के साथ नियम–आधारित प्रणाली के लिए खड़ा रहना होगा, जिस प्रणाली को चीनी आक्रमण से खतरा है। ब्लिंकन ऑस्ट्रेलिया, भारत और जापान के विदेश मंत्रियों के साथ बैठक से कुछ समय पहले बोल रहे थे। हिन्द–प्रशांत क्षेत्र के इन चार लोकतांत्रिक देशों के समूह को 'क्वाडै का नाम दिया गया है, जिसका गठन चीन के क्षेत्रीय प्रभाव का मुकाबला करने के लिए किया गया है। एक पत्रकार द्वारा यह पूछे जाने पर कि क्या हिन्द–प्रशांत क्षेत्र में चीन के साथ टकराव अपरिहार्य है, ब्लिंकन ने जवाब दिया, कुछ भी अपरिहार्य नहीं है। उन्होंने कहा, मेरा मानना है कि हम हाल के वर्षों में चीन के आक्रामक रुख को लेकर अपनी चिंताएं साझा करते हैं। चीन का घरेलू स्तर पर काफी आक्रामक रुख तो है ही, इस क्षेत्र में भी उससे कहीं ज्यादा आक्रामक रुख है। ब्लिंकन की यात्रा एशिया में अमेरिका के हितों को मजबूत करने और इस क्षेत्र में चीन की बढ़ती आक्रामता से निपटने के इरादे से तैयार की गई है।

### अमेरिकी नागरिकों की जानकारी एकत्र करने के लिए गुप्त कार्यक्रम : सीनेटर

**वाशिंगटन।** अमेरिकी संसद के उच्च सदन सीनेट की खुफिया मामलों की समिति के दो डेमोक्रेट सदस्यों ने दावा किया है कि देश की खुफिया एजेंसी सीआईए के पास गुप्त और अप्रकाशित डेटा का संग्रह है, जिसमें अमेरिकी नागरिकों की जानकारी भी शामिल है। सीनेट के दोनो सदस्यो ने आरोप लगाया कि लंबे समय से चल रहे सीआईए के गुप्त कार्यक्रम को लोगों और संसद से छिपाकर रखा गया। ओरेगन राज्य से सीनेटर रॉन विडेन और न्यू मेक्सिको से सीनेटर मार्टिन हेनरिच ने शीर्ष खुफिया अधिकारी को पत्र लिखकर कार्यक्रम की और अधिक जानकारी सार्वजनिक करने की मांग की थी। यह पत्र अप्रैल 2021 में लिखा गया था, जिसका एक बड़ा हिस्सा बृहस्पतिवार को सार्वजनिक किया गया, लेकिन सीआईए द्वारा जारी दस्तावेजों को हटा दिया गया।

### अमेरिका में अश्वेतों के चर्च जलाने के आरोपी को अदालत ने दोषी ठहराया

**स्प्रिंगफील्ड (अमेरिका)।** अमेरिका के मेन राज्य मे एक व्यक्ति को अदालत ने मुख्य रूप से अश्वेत समुदाय के लोगों द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाले मैसाचुसेट्स गिरजाघर मे आग लगाने का दोषी ठहराया है और इसे नस्ली द्वेष से प्रेरित बताया है। मेन राज्य के हूल्टन निवासी 45 वर्षीय दुशको वुल्चेव को बृहस्पतिवार को एक संघीय अदालत ने गिरजाघर से जुड़े लोगों की जाति, रंग और जातीय विशेषताओं की वजह से धार्मिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने के चार मामलों मे और आग लगाने के के एक मामले मे दोषी ठहराया। अधिकारियों का आरोप है कि 28 दिसंबर, 2020 को तड़के व्यक्ति ने स्प्रिंगफील्ड मे मार्टिन लूथर किंग जूनियर प्रेस्बिटेरियन गिरजाघर में आग लगा दी, जिससे व्यापक क्षति हुई।

### इस्सा राय को प्रोड्यूसर्स गिल्ड ऑफ अमेरिका का विजनरी अवार्ड

**लॉस एंजिलिस।** प्रोड्यूसर्स गिल्ड ऑफ अमेरिका (पीजीए) ने घोषणा की है कि अभिनेत्री-निर्माता इस्सा राय को 2022 के विजनरी अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा। राय 19 मार्च, 2022 को फेयरमोंट सेंचुरी प्लाजा में 33 वे वार्षिक प्रोड्यूसर्स गिल्ड अवार्ड्स समारोह मे पुरस्कार प्राप्त करेंगी। यह पुरस्कार टेलीविज़न, फिल्म या नए मीडिया के वैसे निर्माताओं को दिया जाता है, जो समाज और संस्कृति की दृष्टि से अद्वितीय मूल्यों वाली प्रेरणादाई कहानियां साझा करते है। पीजीए के अध्यक्ष गेल बर्मन और लुसी फिशर ने एक बयान मे कहा, अपने शानदार काम से परे इस्सा कलरक्रिएटिव और प्रोजेक्ट ग्रीनलाइट जैसे अपने मेंटरशिप कार्यक्रमो के माध्यम से अगली पीढ़ी की रचनात्मकता के लिए आदर्श और प्रेरणा है।

# भारत–ऑस्ट्रेलिया साझेदारी में रक्षा और सुरक्षा प्रमुख स्तंभ : जयशंकर

**भाषा।** मेलबर्न



**विदेश मंत्री** एस जयशंकर ने शुक्रवार को यहां कहा कि रक्षा और सुरक्षा भारत तथा ऑस्ट्रेलिया के बीच साझेदारी के प्रमुख स्तंभ हैं। उन्होंने क्वाड के विदेश मंत्रियों की बैठक से पहले ऑस्ट्रेलियाई रक्षा मंत्री पीटर डटन के साथ मुलाकात की। जयशंकर विदेश मंत्री के रूप में ऑस्ट्रेलिया की अपनी पहली यात्रा पर हैं। वह क्वाड बैठक में भाग लेने के अलावा 12 फरवरी को अपने ऑस्ट्रेलियाई समकक्ष मारिस पायने के साथ भारत–ऑस्ट्रेलिया के विदेश मंत्रियों के 12वें फ्रेमवर्क डॉयलॉग की सह–अध्यक्षता करेंगे। उन्होंने एक ट्वीट में कहा, 'दिन की शुरुआत रक्षा मंत्री पीटर डटन से मुलाकात के साथ हुई। हमने पिछले साल हुई 2़2 चर्चा के बाद यह मुलाकात की। जयशंकर ने कहा, रक्षा और सुरक्षा भारत–ऑस्ट्रेलिया साझेदारी के प्रमुख स्तंभ हैं। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के आव्रजन, नागरिकता, प्रवासी सेवा और बहुसांस्कृतिक मामलों के मंत्री एलेक्स हॉक से भी मुलाकात की और प्रतिभा, गतिशीलता तथा भूमंडलीकरण पर 'उपयोगी चर्चो की। हॉक ने एक ट्वीट में कहा, 'आने वाले वर्षों में हमारे क्षेत्र के लिए चुनौतियों और अवसरों तथा ऑस्ट्रेलिया में भारतीय प्रवासियों जैसे मुद्दों पर चर्चा करने के लिए आज मैंने विदेश मंत्री डॉ. जयशंकर से मुलाकात की। जिस तरह हम 2022 में भारतीय स्वतंत्रता के 75 वर्ष होने का जश्न मना रहे हैं, उसी तरह हम ऑस्ट्रेलिया और भारत के बीच मित्रता के 75 वर्ष होने का भी जश्न मना रहे हैं। हॉक ने एक अन्य ट्वीट में कहा, हमने इंडिया मैटर्स प्रोग्राम के ऑस्ट्रेलिया–इंडिया इंस्टिट्यूट के उद्घाटन में भी भाग लिया, जो दोनों देशों के बीच संबंधों को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। जयशंकर ने ऑस्ट्रेलियाई लेबर पार्टी के नेता एंथनी अल्बनीज और दक्षिण ऑस्ट्रेलिया का प्रतिनिधित्व करने वाली सीनेटर पेनी वोंग को द्विपक्षीय संबंधों पर विचारों के आदान–प्रदान और भारत के साथ साझेदारी को गहरा करने के लिए 'मजबूत समर्थनै प्रदान करने पर धन्यवाद दिया। अल्बनीज ने एक ट्वीट में कहा, भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर से मिलकर खुशी हुई, जो आज सुबह क्वाड मंत्रिस्तरीय बैठकों के लिए मेलबर्न में हैं। भारत ऑस्ट्रेलिया का एक महान मित्र है और हमने क्षेत्रीय सुरक्षा तथा हमारे महान लोकतंत्रों के बीच संबंधों को गहरा करने के बारे में बात की। वहीं, वोंग ने अपने ट्वीट कहा, अमेरिका, भारत और जापान ऑस्ट्रेलिया के महान मित्र हैं– साथ ही हमारे क्षेत्र में महत्वपूर्ण रणनीतिक साझेदार हैं। जयशंकर और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पिछले साल नई दिल्ली में अपने ऑस्ट्रेलियाई समकक्षों– मारिस पायने और पीटर डटन के साथ टू–प्लस–टू वार्ता की थी।

**Public Notice**

**Plot no. 58 Sector-4, IMT Manesar** measuring **1012.50 Sq. Meter** and was re-allotted by the Corporation to **M/s Hem Overseas prop.** Mrs. **Beena Sharma** vide regular re-allotment letter dated **08.06.2011** the corporation has been informed that the original Allottee Mrs. Beena Sharma w/o Sh. Madan Lal Sharma had expired on 21.05.21. The legal heirs of the deceased Allottee. Legal heirs of Mrs. Beena Sharma w/o Sh. Madan Lal Sharma are Mr. Anand Sharma, Mr. Sanjay Sharma & Mrs. Manju Sharma have approached the corporation for transfer of the plot in question in favour of Anand Sharma & Mr. Sanjay Sharma. The corporation is in process of considering their request & transferring the said plot in the name of Anand Sharma & Sanjay Sharma. Through this public notice it is here by informed that in case,any of the legal heirs of late Mrs. Beena Sharma w/o of Madan lal Sharma or any other person having reservation /objection to the said transfer may file his/her objection in writing before the undersigned or addl. General Manager (Estate), HSIIDC Limited, C-13-14, Sector-6, Panchkula Haryana along with an affidavit within a period of 30 days from the date of publication of this notice. In case no response is received within the aforesaid period, it will be presumed that no one has any objection to transfer of the said plot in the name of Mr. Anand Sharma & Mr. Sanjay Sharma (sons of Mrs. Beena Sharma w/o Sh. Madan Lal Sharma) and the corporation shall go ahead with transfer of plot in her favour.

**(Estate Manager) For & Behalf of Haryana State Industrial and Infrastructure Dev. Corpn. Ltd. HSIIDC, IMT Manesar, District Gurugram.**

**सार्वजनिक सूचना: लॉस्ट आईडी कार्ड**

ICICI Bank | **शाखा कार्यालय: आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, एसडी टावर, सेक्टर – 08, रोहिणी, दिल्ली 110085।**

यह आम जनता के ध्यान में लाना है कि आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड द्वारा जारी आशा रावत का एक आईडी कार्ड। 09-12-2021 को आईडी कार्ड नंबर 2166922 गुम और/या खो गया पाया गया है। जिस किसी को भी उक्त आईडी कार्ड मिलता है, उससे अनुरोध है कि वह इसे मैनेजर डेट सर्विसेज एंड मैनेजमेंट ग्रुप, आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, एसडी टावर, सेक्टर-08, रोहिणी, दिल्ली 110085 को लौटा दें।

इसलिए, आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के सभी ग्राहकों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि उक्त आईडी कार्ड संख्या– 2166922 रखने वाले किसी भी अनधिकृत व्यक्ति को कोई भुगतान न करें।

कृपया आगे ध्यान दें कि उक्त आईडी कार्ड रखने वाले किसी भी व्यक्ति को भुगतान करने वाला कोई भी व्यक्ति अपनी लागत, जोखिम और जोखिम पर ऐसा करेगा और आईसीआईसीआई बैंक किसी भी भुगतान के लिए बाध्य और/या जिम्मेदार नहीं होगा।

**दिनांक: फरवरी 11, 2022**
**स्थान: नई दिल्ली**

एसडी–
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के लिए

**सुपीरियर फिनलीज लिमिटेड**

सीआईएन : एल74899डीएल1994पीएलसी061995

पंजी. कार्यालय : एनएस–92, खसरा नंबर 33/21, राणाजी एन्क्लेव, नजफगढ़, निकट अर्जुन पार्क बस स्टैंड, नई दिल्ली–110043,

ई–मेल आईडी : superiorfinlease@gmail.com; वेबसाइट : http:www.superiorfinlease.com

31 दिसम्बर, 2021 को समाप्त तिमाही और नौ माह हेतु अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों का संक्षिप्त विवरण (रू. लाख में)

| क्र. सं. | विवरण | तिमाही समाप्त 31-12-21 अलेखापरीक्षित | 30-09-21 अलेखापरीक्षित | 31-12-20 अलेखापरीक्षित | नौ माह समाप्त 31-12-21 अलेखापरीक्षित | 31-12-20 अलेखापरीक्षित | वर्ष समाप्त 31-03-21 लेखापरीक्षित |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रचालनों से कुल आय | 25.85 | 32.12 | 155.63 | 75.12 | 236.23 | 404.40 |
| 2 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ (कर, अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों से पहले) | 1.46 | 25.75 | 36.65 | 38.13 | 97.63 | 29.88 |
| 3 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ, कर से पहले (अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों के बाद) | 1.46 | 25.75 | 36.65 | 38.13 | 97.63 | 29.88 |
| 4 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ, कर पश्चात (अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों के बाद) | 1.46 | 25.75 | 36.65 | 38.13 | 97.63 | 22.14 |
| 5 | अवधि हेतु कुल समावेशी आय [जिसमें अवधि हेतु लाभ (कर पश्चात) तथा अन्य समावेशी आय (कर पश्चात) सम्मिलित हैं] | 1.46 | 25.75 | 36.65 | 38.13 | 97.63 | -24.35 |
| 6 | इक्विटी शेयर पूंजी | 300.10 | 300.10 | 300.10 | 300.10 | 300.10 | 300.10 |
| 7 | संचेय (पुनर्मूल्यन संचेय छोड़कर) जैसाकि पिछले वर्ष के लेखापरीक्षित तुलनपत्र में दर्शाया गया है | 3.31 | 3.31 | 3.31 | 3.31 | 3.31 | 3.31 |
| 8 | प्रति शेयर अर्जन (रू. 10/– प्रत्येक का) (जारी और बंद प्रचालनों हेतु) – (क) मूल (रू. में) | 0.05 | 0.86 | 1.22 | 1.27 | 3.25 | 0.74 |
| | (ख) तनुकृत (रू. में) | 0.05 | 0.86 | 1.22 | 1.27 | 3.25 | 0.74 |

नोट :
उपरोक्त विवरण सेबी (सूचीयन दायित्व और प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियमावली, 2015 के विनियम 33 के तहत स्टॉक एक्सचेन्जेज में प्रस्तुत किए गए तिमाही और नौ माह समाप्त परिणामों के विस्तृत प्रारूप का संक्षिप्त विवरण है। तिमाही परिणामों का पूर्ण विवरण स्टॉक एक्सचेन्ज की वेबसाइट (www.msei.in तथा www.bseindia.com) और कम्पनी की वेबसाइट www.superiorfinlease.com पर उपलब्ध है।

वास्ते सुपीरियर फिनलीज लिमिटेड
हस्ता./–
रजनीश कुमार
निदेशक
डीआईएन :02463693

तिथि : 10–02–2022
स्थान : नई दिल्ली

# भारत के साथ संबंध सामान्य करना प्राथमिकता है पर कश्मीर बड़ा मसला

**भाषा।** इस्लामाबाद



**पाकिस्तान के** प्रधानमंत्री इमरान खान ने कहा कि सत्ता संभालने के बाद भारत के साथ संबंधों को सामान्य बनाना उनकी सरकार की प्राथमिकता है। चाइना इंस्टीट्यूट ऑफ फुडान यूनिवर्सिटी की सलाहकार समिति के निदेशक डॉ. एरिक ली को दिए एक साक्षात्कार में खान ने कहा कि बहरहाल, दोनों देशों के बीच कश्मीर विवाद एक बड़ा मसला है। यह बातचीत तीन से छह फरवरी तक उनकी चीन की यात्रा के दौरान लिए गए साक्षात्कार का अंश है। सरकारी एपीपी ने बृहस्पतिवार को यह जारी किया। खान ने 60 अरब डॉलर के चीन–पाकिस्तान आर्थिक गलियारे और ग्वादर बंदरगाह को लेकर पश्चिमी देशों के संदेह को खारिज करते हुए कहा कि ए परियोजनाएं क्षेत्रीय विकास के लिए बड़ा अवसर हैं। सरकारी मीडिया ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। भारत ने पाकिस्तान को बार बार कहा है कि जम्मू कश्मीर भारत का अभिन्न हिस्सा है और हमेशा रहेगा। भारत ने यह भी कहा है कि पड़ोसी देश को हकीकत स्वीकार करना चाहिए और भारत विरोधी दुष्प्रचार बंद कर देना चाहिए।।

fanatically for you agranté

KAVYAM

**"KAVYAM" - AFFORDABLE HOUSING PROJECT**

Advertisement is invited to inform general public at large regarding cancellation of units of already allotted customers through the 1st draw of lots dated 24.06.2019 and 2nd draw of lots dated 01.08.2020 due to non-payment despite several reminders, in the Residential Apartments in the Affordable Group Housing Project Kavyam is being developed by Agrante Realty Ltd Sector-108, Gurugram, Haryana, as per terms and conditions of the policy prescribed by the Town & Country Planning Department, Government of Haryana vide notification no PF-27/48921 dated 19.08.2013 & amendments thereof (details available at the Department website, i.e. www.tcpharyana.gov.in).

| S.No. | Application No. | TYPE | Unit No. | Applicant Name | Co-Applicant Name |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 3902 | Type-3 | TD-302 | Gurmeet Singh | N/A |
| 2 | 9757 | Type-3 | TD-1701 | Satbir | N/A |

It is to inform to all above allottees that it is last & final opportunity to restore the allotment after making the all dues till date within seven working days, otherwise it shall be considered as cancelled and the same shall be allotted to the aspiring applicants under the applicable provisions of policy prescribed by the Town & Country Planning Department, Government of Haryana vide notification no PF-27/48921 dated 19.08.2013 & amendments thereof.

**Office address: Agrante Realty Ltd Unit No. 122 Suncity Trade Tower, Sector-21, Gurgaon-122016**
**CIN: U70101DL2013PLC248731**
**Contact at: - website: www.kavyamhomes.com; 0124-4769500-599, 8800499383, 8800499674**

**OFFICE OF THE RECOVERY OFFICER-II**
**DEBTS RECOVERY TRIBUNAL-II, DELHI**
**4th Floor, Jeevan Tara Building, Parliament Street, New Delhi-110001**
**PROCLAMATION OF SALE**

Notice Under Rule 38 of The Second Schedule to The Income Tax Act, 1961 Read With Section 25(a) The Recovery of Debts Due to Banks & Financial Institutions Act, 1993.

**RC No. 312/2014** **Dated:.14.01.2022**

**In the matter of: ICICI BANK V/S BHARAT SOMASTAMB**

**To,**
**CD#**
Bharat Somastamb S/o Sh. Krishan Gopal Somastamb
R/o House No. 523, Sector-21C Faridabad, Haryana- 121001.
**Also at:** Bharat Enterprises G1/203A, Indera Enclave, Sector-21-D, Faridabad- 121002.

Whereas in execution of ibid **RC No.312/2014** dated **28.08.2014** in **OA No.308/2013** drawn up by the Hon'ble Presiding Officer, Debts Recovery Tribunal-II, Delhi, the CD is to pay to the applicant **Rs.12,16,823/- (Rs. Twelve Lacs Sixteen Thousand Eight Hundred And Twenty Three Only)** has become due from you as per the ibid Recovery Certificate drawn in **OA No. 308/2013** by the Presiding Officer, Debts Recovery Tribunal- II, Delhi. The applicant is entitled to recover a sum of Rs. **Rs.12,01,823/- (Rs. Twelve Lacs One Thousand Eight Hundred And Twenty Three Only)** alongwith pendentelite and future interest @15.01% per annum w.e.f. **18.10.2013** till realization with cost of **Rs.15,000/-** and costs from the Certificate Debtor (CD), failing which the amount shall be recovered by sale of the hypothecated vehicles. In case of any shortfall, the same shall be recovered from the personal movable and immovable assets of the CD.

2. And whereas the undersigned has ordered the sale of the hypothecated vehicle mentioned in scheduled property for satisfaction of the said Recovery Certificate.

3. Notice is hereby given that in the absence of any order of postponement, the said hypothecated vehicle (mentioned under the schedule of property below) shall be sold through e auction through **https://auctions.cardekho.com/ auctions@cardekho.com,** by e-auction at **11:00 AM on 28.02.2022.**

4. The CH bank shall ensure that prospective bidders are allowed inspection of the said hypothecated vehicle (mentioned under the schedule of property below) before day of auction for which interested individuals may contact the concerned officer of CH **Ms. Kalayani Preeti (MOB: 9599281817).**

5. The sale shall be of the movable property of the above named Certificate Defaulters (CD), subject to the liabilities and claims attaching to the said hypothecated vehicle, if any.

6. The sale shall be stopped if, before lot is knocked down, the arrears mentioned in the said certificate, interest costs (including cost of sale) are tendered to the officer conducting the sale or proof is given to his satisfaction that the amount of such certificate alongwith the interest and costs has been paid to the undersigned.

7. At the sale the public generally are invited to bid either personally or by duly authorized agent. No officer or other person, having any duty to perform in connection with this sale shall, however, either directly or indirectly bid for, acquire or attempt to acquire any interest in the property sold.

8. The property is being sold on **"AS IS WHERE IS" BASIS and "AS IS WHAT IS" BASIS.** The sale shall be subject to the conditions prescribed in the Second Scheduled to the Income Tax Act, 1961 and the rules made thereunder and to the following further conditions.

9. The particulars specified in the Schedule have been stated to the best of the information of the undersigned, but the undersigned shall not be answerable for any error, mis-statement or omission in this proclamation.

10. The Reserve Price and Earnest Money Deposit (EMD) be fixed as follows:-

| S. No. | Details of property | Reserve Price (In Rs.) | Earnest Money Deposit (EMD) (In Rs.) |
|---|---|---|---|
| 1. | Mercedes Benz/ E280CDI, bearing Registration No. HR- S1Y-0945. | 1,60,000/- | 16,000/- |

11. The amount by which the biddings are to be increased shall be determined by the Officer conducting the sale. In the event of any dispute arising as to the amount of bid, or as to the bidder, the lot shall at once be again put to auction.

12. **Intending bidders shall be required to pay Earnest Money Deposit (EMD)** by way of pay order/demand draft payable at New Delhi and in favour of Recovery Officer-II, DRT-II, Delhi before the start of biding and identity proofs, address proofs etc. The said deposit shall be adjusted in the case of successful bidders; and in the case of unsuccessful bidders the same shall be refunded without interest, on the date of sale.

13. **Successful highest bidder shall have to deposit 25% of the sale proceeds** by way of pay order/demand draft favoring the Recovery Officer-II, DRT-II, Delhi, within 24 hours (next working day) by way of bank draft, after adjusting the EMD stated above, failing which the EMD shall be forfeited.

14. The purchaser shall deposit the balance 75% of the sale proceeds alongwith poundage fee @ 2% upto Rupees 1,000/- @ 1% of the sale price exceeding Rupees 1,000/ within 15 days from the date of auction. The Poundage fees shall be deposited through a demand draft payable in favor of the Registrar, DRT-II, Delhi.

15. In case of default, the amount earlier deposited by the bidder, if the undersigned considers fit, after defraying the expenses of the sale shall be forfeited and the property shall be resold, and the defaulting purchaser shall forfeit all claims to the property or to any part thereof or of any part of the sum for which it may subsequently be sold.

16. The undersigned reserves the right to accept or reject any or all bids if found unreasonable or postpone the auction at any time without assigning any reason.

| S. No. | Description of property to be sold with names co-owners where the property belongs to the defaulter and any other persons is co-owners | Revenue assessed upon the property or any part thereof | Details of any encumbrances to which the property is liable | Claims, if any which have been put forward to the property and other known particulars bearing on its nature and value. |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Mercedes Benz/ E280CDI, bearing Registration No. HR- 51Y-0945. | No Information | No Information | No Information |

Given under my hand and seal of this Tribunal at New Delhi on this **14.01.2022.**

**(Dattatrey Bajpayee)**
**Recovery Officer-II**
**DRT-II, Delhi**



# किसी एक छवि में नहीं बंधते रणवीर

## अगर रणवीर सिंह एक ही काम को बार-बार करते तो वह ऊबन या थका हुए महसूस करते हैं

रणवीर सिंह ने बैंड बाजा बारात, लुटेरा, बाजीराव मस्तानी, पद्मावत, सिम्बा, गली बॉय, 83 जैसी फिल्मों में कई शैली-परिभाषित प्रदर्शन किए हैं। 83 के साथ, उन्होंने अभी-अभी 2021 की सबसे बड़ी विदेशी कमाई की है, जिसे सिंह के करियर का सर्वश्रेष्ठ अभिनय प्रदर्शन माना जा रहा है।

नयी नयी छवियों में अपने अभिनय का लोहा मनवाने की रणवीर की महारत ने दिखाया है कि वह जिस किरदार को निभाते हैं तो उसे पर्दे पर उतारने के लिए वह हर बार खुद को उसमें डुबो सकता है। रणवीर को लगता है कि वह एक ही काम को बार-बार करने तक खुद को सीमित नहीं कर सकते । वह चाहते हैं कि हर बार वह दर्शक को इस लुभावने रूप में नजर आएं मानो वह उन्हें पहली बार या बिलकुल नए रूप में देख रहे हों।

रणवीर कहते हैं, ''यह एक व्यक्तिगत चुनौती है कि मैं हर बार जब भी कोई नया किरदार करता हूं तो खुद को उसमें झोंक देता हूं। यही मुझे उत्साहित करता है। अगर मैं एक ही काम को बार-बार करता तो मैं थोड़ी ऊब या उदासी महसूस करता। मैं यादगार फिल्में बनाना चाहता हूं, जो लोगों से जुड़ सकें, मसलन वे एक रूमानीपन महसूस कर सकें, वे हंस सकें, रो सकें, तालियां बजा सकें। मैं यही करना चाहता हूं। और मैं इसे काफी बार करना चाहता हूं। यह कहूं कि मैं इसे करते रहना चाहता हूं।''

रणवीर स्वीकार करते हैं कि उन्होंने कभी सपने में भी नहीं सोचा था कि वह इस इंडस्ट्री में सुपरस्टार बन सकते हैं। उनकी फिल्मोग्राफी साबित करती है कि वह भारत के ओपेरा लेखक, दूरदर्शी फिल्म निर्माता संजय लीला भंसाली के पसंदीदा हैं, जिन्होंने उन्हें अपनी तीन बैक-टू-बैक फिल्मों, गोलियों की रासलीला राम-लीला, बाजीराव मस्तानी और पद्मावत में कास्ट किया है। करण जौहर, रोहित शेट्टी, आदित्य चोपड़ा, कबीर खान जैसे तीनों खानों के साथ काम करने वाले सभी निर्देशकों ने भी उनके साथ काम किया है।

> मैं अक्सर खुद को याद दिलाता हूं कि मेरे मौके लगभग नहीं थे। इस अछूते उद्योग के दरवाजे में दाखिल होकर अपना पैर जमाने का एक मौका भी नहीं था। यह मेरी कल्पना से परे है कि मैं आज कुछ असाधारण लोगों के साथ काम करता हूं। यह एक अच्छी दौड़ रही है। मैंने खुद को उस अभिनेता से उभरते होते देखा है जो मैं हुआ करता था, और विकास और प्रगति महत्वपूर्ण हैं।

वह कहते हैं, ''मैं अक्सर खुद को याद दिलाता हूं कि मेरे मौके लगभग नहीं थे। इस अछूते उद्योग के दरवाजे में दाखिल होकर अपना पैर जमाने का एक मौका भी नहीं था। यह मेरी कल्पना से परे है कि मैं आज कुछ असाधारण लोगों के साथ काम करता हूं। यह एक अच्छी दौड़ रही है। मैंने खुद को उस अभिनेता से उभरते होते देखा है जो मैं हुआ करता था, और विकास और प्रगति महत्वपूर्ण हैं। ''

उन्होंने आगे कहा कि इस तरह की इक्विटी का निर्माण करना बहुत अच्छा लगता है, लेकिन यह हमेशा मेरे लिए अगली चुनौती के रूप में होती है। प्रक्रिया इसका पुरस्कार है और मैं इस क्षण में बने रहने और उसका जश्न मनाने की कोशिश करता हूं। मैं आगे की यात्रा के लिए पूरी तरह से तैयार और उत्साहित व रोमांचित हूं।

रणवीर के पास कई परियोजनाएं हैं जिसमें वाईआरएफ की जयेशभाई जोरदार, शंकर की उनकी ब्लॉकबस्टर फिल्म अन्नियन की रीमेक, रोहित शेट्टी की सर्कस और करण जौहर की रॉकी और रानी की प्रेम कहानी शामिल हैं।



# फैशन फॉरवर्ड

## मंथन धमेलिया के पास उन रुझानों से संबंधित कुछ विचार हैं जिनका आने वाले महीनों में दबदबा होगा

पारंपरिक परिधानों की छटा और बहुमुखी प्रतिभा हर मौसम में बेजोड़ होती है। रंग, कपड़े और डिजाइन पैटर्न की एक विस्तृत श्रृंखला के साथ, एथनिक वियर वर्षों से कई लोगों के लिए फैशन की पसंद बन गया है। फैशन विशेषज्ञ वर्ष के दौरान ट्रेंड्स पर शासन करने के लिए आरामदायक एथनिक और वेस्टर्न वियर, जीवंत फ्लोरल से लेकर गोल्ड फॉयल पैटर्न और स्टेटमेंट एक्सेसरीज के मिश्रण की भविष्यवाणी करते हैं। आने वाले वर्ष के लिए एथनिक कलेक शन के लिए क्या संरक्षित है, इसका पता लगाने में हमारी सहायता करने वाली विशेषज्ञ राय यहां प्रस्तुत है, इस पर एक नजर डालें, आप इन्हें सहेजना चाहेंगे।



### एथनिक फ्लेयर्ड स्कर्ट्स

आप फ्लेयर्ड स्कर्ट के साथ कभी गलत नहीं हो सकतीं। चाहे वह शादी का समारोह हो या लघु पारिवारिक मिलन, एक फ्लेयर्ड स्कर्ट पश्चिमी परिधान के साथ पारंपरिक परिधान का एक आदर्श समामेलन है। सटल लुक के लिए इसे कॉन्ट्रास्टिंग ट्रेंडी क्रॉप टॉप के साथ पहनें, या कढ़ाई वाला ब्लाउज इसे एक प्यारा पहनावा बनाता है और स्टाइल को अल्ट्रा-ग्लैम हाइट्स तक ले जाएगा। स्टेटमेंट ज्वैलरी पीस जैसे चंकी इयररिंग्स या एक बड़ी रिंग जोड़ना न भूलें, और आप जाने के लिए अच्छी तरह तैयार हैं।

### फॉइल प्रिंट में रॉयल्टी

फैशन अनुपात को खत्म करने में कभी विफल न रहने वाले, फॉइल प्रिंट किसी भी पोशाक में बेहद आवश्यक शाही कारक को जोड़ते हैं। एक ही समय में सरल और सुरुचिपूर्ण, फॉइल प्रिंट विभिन्न प्रकार के कपड़ों पर अच्छे लगते हैं, जिससे यह एक गो-टू पैटर्न / डिजाइन विकल्प बन जाता है। इसके अतिरिक्त, सोने और चांदी की बारिकियां इसे किसी भी अवसर के लिए एकदम उपयुक्त बनाते हैं। सूट से लेकर साड़ी से लेकर लहंगे तक, फॉयल प्रिंट्स आपको रानी जैसा महसूस कराएंगे। कंट्रास्टिंग ज्वैलरी लगाना न भूलें।

### इंप्रेस करने के लिए पावर ड्रेस

आम धारणा के विपरीत, पारंपरिक पहनावा केवल शादी के समारोह या अन्य अवसरों तक ही सीमित नहीं है, यह एथनिक रेंज आपको अपनी रोजमर्रा की पोशाक की जरूरतों के लिए भी एक फैशनिस्टा की तरह दिख सकती है। हालांकि कुर्तियां और सूट लंबे समय से बाजार में हैं, पर पावर-ड्रेसिंग के साथ प्रयोग का कारक उन्हें आने वाले वर्ष में एक दिलचस्प चयन बनाता है। सामान्य सूट सेट से अलग हों और आपकी दैनिक जरूरतों के लिए एक कुर्ती ड्रेस को एक विपरीत या मिलते जुलते शेड के साथ पहनें । किसी भी ब्लेजर और बेल्ट के साथ साड़ी को मिक्स-मैच करने का विकल्प चुन सकती है। आप पेशेवर किसी भी वातावरण के लिए एक पावर ड्रेसिंग पोशाक के साथ पूरी तरह तैयार हैं। इसके अतिरिक्त, कोई भी सूती, खादी, रेशम, लिनन आदि अन्य कपड़ों के साथ-साथ अपनी पसंद के मुताबिक कढ़ाई और फूलों के प्रिंट डिजाइनों के साथ प्रयोग कर सकती है।

### आस्तीनों के साथ खेल

पारंपरिक शैली की आस्तीन को छोड़ें और अपने ब्लाउज, कुर्तियां और सूट के लिए फूला हुआ आस्तीन आजमाएं। बाजार में उपलब्ध मेश, बैलून और फ्लेयर्ड स्लीव्स विकल्पों वाले विकल्प अंतहीन हैं। स्टाइल को बढ़ाने के लिए, एक पारंपरिक जूती/चप्पल पहनें, और आप उस दिन के लिए तैयार हैं।

### ऑक्सीडाइज्ड ज्वैलरी के साथ इसे आकर्षक बनाएं

ऑक्सीडाइज्ड ज्वैलरी किसी भी ट्रेडिशनल लुक में चार चांद लगाने का बेहतरीन तरीका है। पोशाक को एक पायदान ऊपर ले जाते हुए, चोकर्स और लंबे नेकपीस में सिल्वर और/या गोल्डन ऑक्सीडाइज्ड पीस के कलात्मक डिजाइन ईथर एथनिक वियर के साथ पूर्णतया काम करते हैं। एक आसान-केजुअल पोशाक के लिए शानदार झुमके, ब्रेसलेट और अंगूठियां बोहो टच में शानदार इजाफा करते हैं। दूसरी ओर, ऑक्सीडाइज्ड ज्वैलरी के साथ विचित्र प्रिंट और फ्लोरल आउटफिट स्वर्गिक संयोग हैं और आपके एथनिक वियर गेम को सजा देंगे।

### फ्लोई और ब्रीजी काफ्तान


साल 2022 में हर किसी की सूची में फ्लोई और आरामदायक कफ्तान होगा। चाहे वह एक जीवंत, कढ़ाई या उत्तम दर्जे का अलंकृत हो, मगर कफ्तान लगभग हर मूड और अवसर के साथ अच्छी तरह से जोड़ा जाता है। पूरे लुक में पोटली बैग और /या बड़े झुमके व मध्यम आकार के हील्स के साथ ज्वैलरी वाला क्लच जोड़ें।

इनके अलावा, सदाबहार शरारे और घरारे, पारंपरिक डिजाइनों में सेट बैग / टोट्स, और आऊटफिट के लिए विपरीत रंग भी आने वाले वर्ष में देखने वाले कुछ रुझान होंगे। प्रयोग प्रमुख होगा, पैटर्न और कपड़े फैशन के रुझान पर राज करेंगे। इसलिए अपनी पसंद के साथ बोल्ड रहें और रोजमर्रा ग्लैमर अनुपात को प्रभावित करें।

**– ( लेखक एथनिक फैशन स्टोर, क्रीवा के मालिक हैं। )**

# परंपरा को बनाए रखें?

## लगभग 20 प्रतिशत युवा आबादी अब भी मानती है कि पुरुषों के लिए महिला को अपना घर छोड़ देना चाहिए। टीम विवा की रिपोर्ट



दुल्हन को विदाई या दुल्हन का अपने पिता का घर छोड़कर जाना भारत में विवाह का एक पुराना रिवाज है। सदियों पुरानी परंपरा, कन्यादान -जो एक तरह से यह दर्शाती है कि पति का घर दुल्हन का नया घर है, अभी भी प्रचलित है। हालांकि, जैसे-जैसे शहरी भारतीयों की मानसिकता बदल रही है, शहरी लोगों और नई पीढ़ी की राय बदल भी रही है।

भारतीय दुल्हनों के भाग्य को ध्यान में रखते हुए, बेटरहाफ डाट आई - भारत का पहला एआई-संचालित ऐप, जो अपने साप्ताहिक सर्वेक्षण में केवल 'सच्चा-सुसंगत' भागीदार की खोज पर आधारित है, ने उन वर्तमान भारतीय रीति-रिवाजों पर युवा आबादी की राय जानने के लिए एक ऑनलाइन सर्वेक्षण किया जिनका समाज अनुसरण कर रहा है। सर्वेक्षण के अनुमानों से उन रीति-रिवाजों का पता चलता है जो एक भारतीय परिवार में बने रहने चाहिए।

सर्वेक्षण के निष्कर्षों के अनुसार - 20 प्रतिशत का मानना है कि दूल्हे के घर में रहने वाली दुल्हन अभी भी वर्तमान परिदृश्य में समझ में आती है। इससे साफ पता चलता है कि आधुनिकता के दौर में भी मां-बाप का घर छोड़ना महिलाओं के लिए सहज व्यवस्था है. यह सदियों पुरानी परंपरा समाज में इतने गहरे रची-बसी है कि युवा आबादी आज भी महिला सशक्तिकरण, स्वतंत्रता और समानता की दुनिया में इसे प्रासंगिक पाती है। ऑनलाइन सर्वेक्षण के निष्कर्षों से यह भी पता चला है कि 28 प्रतिशत का मानना है कि शादी के बाद जीवनशैली में बदलाव अभी भी मौजूदा परिदृश्य में समझ में आता है। इसके अलावा, 2 प्रतिशत का मानना है कि वर्तमान समय में परिसंपत्ति विनिमय अभी भी प्रासंगिक है, जबकि 50 प्रतिशत जिन्होंने अपनी मानसिकता को समय के साथ बदल दिया है, उनका मानना है कि भारतीय विवाहों में अपनाई जाने वाली सदियों पुरानी परंपराओं में से कुछ भी अनुसरण करने का कोई तुक समझ नहीं आता है।

बेटरहाफडॉट एआई के सीईओ पवन गुप्ता ने सर्वेक्षण के निष्कर्षों पर टिप्पणी करते हुए कहा, ''भारतीय शादियां आत्मीय हैं फिर भी प्राचीन परंपराओं और रीति-रिवाजों से भरी हुई हैं। समय के साथ चलते हुए, महिलाओं की गरिमा को बनाए रखने हेतु कुछ परंपराओं को हटाने की जरूरत है।

ऐसा ही एक रिवाज है कि दुल्हनें जीवन भर अपने पति के घर में रहने के लिए अपना घर छोड़ती हैं जो अपने माता-पिता और स्थान को छोड़ने के लिए दुल्हन के बलिदान का प्रतिनिधित्व करती है। ''

हालांकि भारतीय विवाह संस्कृतियां दुनिया भर में लोकप्रिय हैं, लेकिन वे वर्तमान समय में प्राचीन और अप्रासंगिक हैं। सर्वेक्षण युवा आबादी के दृष्टिकोण का प्रतिनिधित्व करता है जो तेजी से पुरानी परंपराओं को खत्म करने की ओर बढ़ रहा है। यह स्वप्निल परियों की कहानियों से दूर, विवाह के अर्थ को और अधिक तार्किक बना रहा है।

# सौम्य दिखें

## पास पुरुषों के लिए पांच ग्रुमिंग टिप्स दे रहे हैं दीपक जैन

हालांकि महिलाएं हमेशा फैशन और ट्रेंड के साथ कदम मिलाकर चलती हैं और अपने लुक का उचित ख्याल रखती हैं, मगी पुरुष इन कारकों को नजरअंदाज कर देते हैं। ठीक है, यदि पुरुष फैशन या चलन को गंभीरता से नहीं लेते हैं, लेकिन, उन्हें स्वच्छता के महत्व तथा स्वच्छता का ध्यान न रखने पर आने वाली समस्याओं को समझने की आवश्यकता है। विशेष रूप से महामारी के समय में, दुनिया स्वच्छता के महत्व को लेकर अधिक जागरूक है और इसी तरह हम अपने स्वास्थ्य और स्वच्छता को बनाए रखने की दिशा में बेहतर काम कर सकते हैं।

आइए कुछ टिप्स देखते हैं जो आपके रोजमर्रा जीवन में बेहतर स्वच्छता बनाए रखने में आपकी मदद कर सकते हैं :

### मॉइस्चराइजर या सनस्क्रीन का प्रयोग करें


त्वचा को नमीयुक्त और सीधी धूप से बचाना महत्वपूर्ण है। एक मॉइस्चराइजर त्वचा को सर्द शुष्क हवाओं से बचाए रखने में मदद करता है और सनस्क्रीन आपकी त्वचा को सूरज की हानिकारक यूवी किरणों से बचाने में मदद करती है। जब भी आवश्यकता हो मॉइस्चराइजर लगाएं ताकि आपकी त्वचा रूखी और परतदार न दिखे। मॉइस्चराइज्ड त्वचा हमेशा अच्छी दिखती है और आपके चेहरे को अच्छी चमक देती है। साथ ही बाहर धूप में जाते समय सनस्क्रीन लगाने की आदत बनाएं ताकि आप टैनिंग और पिगमेंटेशन से बच सकें।

### बालों को रोज धोएं मगर रोज शैम्पू न करें

अपने बालों को रोजाना धोना पूरी तरह से ठीक है लेकिन हर दिन अपने बालों को शैम्पू करना ठीक नहीं है। शैंपू में कठोर रसायन होते हैं जो उन्हें तेजी से सूखा देते हैं। आदर्शतया, आपको अपने बालों को सप्ताह में सिर्फ दो-तीन बार धोना चाहिए। यहां तक कि अगर आप रोजाना अपने बालों को शैंपू कर रहे हैं, तो भी आप जो शैम्पू लगा रहे हैं उसकी मात्रा कम कर दें। एक मटर के आकार का शैम्पू लें। अगर आपके लंबे बाल हैं तो आप सिर्फ अपने सिर की खाल पर शैम्पू से मसाज कर सकते हैं और बालों के सिरों पर कंडीशनर लगा सकते हैं।

### दाढ़ी को मुलायम रखें

यह कथन कि 'आप वही हैं जो आप खाते हैं'' आपकी दाढ़ी के लिए भी रखा जा सकता है। यदि आप अपनी दाढ़ी को उचित पोषण प्रदान नहीं करते हैं, तो यह एक भंगुर कंकाल बन जाएगी और इसे स्पर्श करने वाली हर चीज को खरोंचना शुरू कर देगी। बालों के विकास और स्वास्थ्य को बनाए रखने के लिए अच्छे प्रोटीन आहार के अलावा, आप नियमित रूप से अपनी दाढ़ी पर दाढ़ी का तेल, कंडीशनिंग क्रीम और पौष्टिक बाम लगा सकते हैं। अपनी दाढ़ी के लिए इन सप्लीमेंट्स का उपयोग करने से यह हाइड्रेटेड रहेगी और आपको अपनी दाढ़ी की चमक और स्वास्थ्य को भी बनाए रखने में मदद मिलेगी। यह उन्हें फ्रिजी दिखने से भी दूर रखेगी। इतना ही नहीं, ये उत्पाद दाढ़ी के नीचे की त्वचा को हाइड्रेट भी करते हैं और दाढ़ी के डैंड्रफ को भी रोकते हैं।



### होठों को हमेशा मुलायम रखें

सर्दियां आने के साथ ही होंठ रूखे और बेजान हो जाने वाले हैं। आइए देखें कि हम अपने होठों को मुलायम रखने के लिए क्या कर सकते हैं। हमेशा सुनिश्चित करें कि आप टूथब्रश का उपयोग करके अपने होठों पर मृत त्वचा को हटा दें। यह उन लोगों के लिए बहुत जल्दी एक्सफोलिएटर है जिनके पास स्क्रब से होंठों को एक्सफोलिएट करने का समय नहीं है। इसके अलावा, सुनिश्चित करें कि जब भी आपके होंठ सूखें तो उन पर लगाने के लिए आप लिप बाम अपने साथ रखें। अपने होठों पर थोड़ा सा नारियल का तेल या घी लगाना भी एक अच्छा उपाय है।

### अच्छा महकें

पुरुषों से आने वाली दुर्गंध उनके प्रति एक बहुत बड़ा नकार है और यह एक बुरा प्रभाव छोड़ती है। खुद को तरोताजा रखने के लिए घर से बाहर निकलने से पहले कोई परफ्यूम जरूर लगाएं। आप पॉकेट परफ्यूम भी अपने पास रख सकते हैं और जरूरत पड़ने पर इसका इस्तेमाल कर सकते हैं ताकि आप हमेशा अच्छे से मुस्कुराते रहें और तरोताजा महसूस करें। यह स्वच्छता का एक बहुत ही महत्वपूर्ण पहलू है, इसलिए महत्वपूर्ण अवसरों पर अच्छा महकना याद रखें।

ये थे खुद को संवारने और खुद को बेहतरीन दिखाने के कुछ आसान टिप्स। ये टिप्स सभी प्रकार के अवसरों के लिए अच्छे हैं। चाहे आप डेट पर जा रहे हों या किसी महत्वपूर्ण ऑफिस मीटिंग में शामिल होने जा रहे हों, ये टिप्स आपकी हमेशा एक अमिट छाप छोड़ेंगे। तो आगे बढ़ें और सभी अवसरों पर सुंदर महसूस करने के लिए इन युक्तियों का उपयोग करना शुरू करें।

(लेखक लास नेचुरल्स के सीईओ और संस्थापक हैं, जो बालों, त्वचा और शरीर की देखभाल के लिए प्राकृतिक उत्पादों का निर्माण और विपणन करता है।)

# टीम इंडिया ने किया सूपड़ा साफ

## वेस्टइंडीज को तीसरे व अखिरी वनडे में 96 रनों से हराकर 3-0 से सीरीज जीती

**भाषा**। अहमदाबाद


श्रेयस अय्यर ने 80 रन की बेहतरीन पारी खेली

**श्रेयस** अय्यर और ऋषभ पंत के बीच शतकीय साझेदारी और गेंदबाजों के एक और उत्कृष्ट प्रदर्शन से भारत ने शुक्रवार को यहां वेस्टइंडीज को तीसरे और अंतिम एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में 96 रन से हराकर तीन मैचों की श्रृंखला में 3-0 से क्लीन स्वीप किया। पहले बल्लेबाजी के लिए उतरी भारतीय टीम का शीर्ष क्रम लड़खड़ा गया लेकिन कोविड से उबरने के बाद पहला मैच खेल रहे अय्यर (111 गेंदों पर 80 रन, नौ चौके) और पंत (54 गेंदों पर 56 रन, छह चौके, एक छक्का) ने यहीं से चौथे विकेट के लिए 110 रन जोड़कर भारतीय पारी संभाली।

दीपक चाहर (38 गेंदों पर 38 रन, चार चौके, दो छक्के) और वाशिंगटन सुंदर (34 गेंदों पर 33 रन, दो चौके, एक छक्का) ने सातवें विकेट के लिए 53 रन जोड़े जिससे भारत ने निर्धारित 50 ओवर में सभी विकेट खोकर 265 रन बनाए। पिच में सीम मूवमेंट और उछाल थी तथा भारतीय गेंदबाजों ने भी इसका फायदा उठाकर वेस्टइंडीज को 37.1 ओवर में 169 रन पर ढेर कर दिया।

यह पहला अवसर है जबकि भारत ने वेस्टइंडीज का वनडे श्रृंखला में सूपड़ा साफ किया। भारत ने इसी स्थल पर खेले गए पहले मैच में छह विकेट से और दूसरे मैच में 44 रन से जीत दर्ज की थी। अब इन दोनों टीम के बीच 16 फरवरी से कोलकाता में तीन मैचों की टी-20 श्रृंखला खेली जाएगी। भारतीय गेंदबाजों में प्रसिद्ध कृष्णा (27 रन देकर तीन), मोहम्मद सिराज (29 रन देकर तीन), दीपक चाहर (41 रन देकर दो) और कुलदीप यादव (51 रन देकर दो) ने विकेट लिए। वेस्टइंडीज के सात विकेट 82 रन पर निकल गए थे लेकिन निचले क्रम के तीन बल्लेबाजों ओडियन स्मिथ (18 गेंदों पर 36 रन, तीन चौके, तीन छक्के),


शून्य पर आउट होने के बाद निराश धुरंधर बल्लेबाज विराट कोहली

अल्जारी जोसफ (56 गेंदों पर 29 रन) और हेडन वाल्श (38 गेंदों पर 13 रन) ने न सिर्फ भारत का इंतजार बढ़ाया बल्कि हार का अंतर भी कम किया। वेस्टइंडीज के शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों के पास हालांकि भारत के तेज और स्पिन मिश्रित आक्रमण का कोई जवाब नहीं था। सिराज और चाहर ने पहले पांच ओवर में शाई होप (पांच), ब्रेंडन किंग (14) और शामराह ब्रुक्स (शून्य) को आउट करके कैरेबियाई टीम की चूलें हिला दी थी। डेरेन ब्रावो (19) और कप्तान निकोलस पूरण (34) ने आठ ओवर तक विकेट नहीं गिरने दिया। कृष्णा ने ब्रावो और जेसन होल्डर (छह) को जबकि स्पिनर कुलदीप ने पूरण और फैबियन एलन (शून्य) को आउट करके भारत की बड़ी जीत सुनिश्चित की। इससे पहले भारत की शुरुआत अच्छी नहीं रही। कप्तान रोहित शर्मा (13) और पूर्व कप्तान विराट कोहली (शून्य) के चौथे ओवर में तीन गेंद के अंदर पवेलियन लौटने और शिखर धवन (10) के जल्दी आउट हो जाने से स्कोर तीन विकेट पर 42 रन हो गया था। जोसफ (54 रन देकर दो विकेट) ने भारतीय शीर्ष क्रम थर्राया जबकि लेग स्पिनर वाल्श (59 रन देकर दो) ने अय्यर और पंत को आउट किया। आलराउंडर होल्डर (34 रन देकर चार) ने निचले क्रम को समेटने में अहम भूमिका निभाई।

रोहित ने अपने फुटवर्क का इस्तेमाल किए बिना शॉट खेलकर गेंद अपने विकेटों पर मारी तो कोहली ने लेग साइड की गेंद को फ्लिक करने के प्रयास में विकेटकीपर शाई होप को कैच दिया। इस श्रृंखला में पहली बार खेल रहे धवन ने 15वीं गेंद का सामना करते हुए केमार रोच पर छक्का जड़कर खाता खोला लेकिन ओडियन स्मिथ की ऑफ स्टंप से बाहर जा रही शार्ट पिच गेंद पर उन्होंने स्लिप में कैच थमा दिया।

### स्कोर बोर्ड

**भारत** : रोहित शर्मा बो जोसफ 13, शिखर धवन का होल्डर बो स्मिथ 10, विराट कोहली का होप बो जोसफ 00, श्रेयस अय्यर का ब्रावो बो वाल्श 80, ऋषभ पंत का होप बो वाल्श 56, सूर्यकुमार यादव का ब्रुक्स बो एलेन 06, वाशिंगटन सुंदर का स्मिथ बो होल्डर 33, दीपक चाहर का होप बो होल्डर 38, कुलदीप यादव का होप बो होल्डर 05, मोहम्मद सिराज बो होल्डर 04, प्रसिद्ध कृष्णा नाबाद 00
अतिरिक्त : 20
कुल : 50 ओवर में सभी आउट : 265 रन
विकेट पतन :1-16, 2-16, 3-42, 4-152, 5-164, 6-187, 7-240, 8-250, 9-261
गेंदबाजी : केमार रोच 7-0-39-0, अल्जारी जोसफ 10-1-54-2, ओडियन स्मिथ 7-0-36-1, जेसन होल्डर 8-1-34-4, फैबियन एलेन 8-0-42-1, हेडन वाल्श 10-0-59-2

**वेस्टइंडीज** : शाई होप पगबाधा बो मोहम्मद सिराज 05, ब्रैंडन किंग का सूर्यकुमार यादव बो चाहर 14, डेरेन ब्रावो का कोहली बो प्रसिद्ध कृष्णा 19, शामराह ब्रुक्स का अय्यर बो चाहर 00, निकोलस पूरन का शर्मा बो कुलदीप यादव 34, जेसन होल्डर का शर्मा बो प्रसिद्ध कृष्णा 06, फैबियन एलेन का पंत बो कुलदीप यादव 00, अल्जारी जोसफ का कोहली बो प्रसिद्ध कृष्णा 29, ओडियन स्मिथ का धवन बो मोहम्मद सिराज 36, हेडन वाल्श का शर्मा बो मोहम्मद सिराज 13, केमार रोच नाबाद 00
अतिरिक्त : 13
कुल : 37.1 ओवर में सभी आउट : 169 रन
विकेट पतन :1-19, 2-25, 3-25, 4-68, 5-76, 6-77, 7-82, 8-122, 9-169
गेंदबाजी : दीपक चाहर 8-1-41-2,मोहम्मद सिराज 9-1-29-3, प्रसिद्ध कृष्णा 8.1-1-27-3, कुलदीप यादव 8-0-51-2, वाशिंगटन सुंदर 4-0-17-0

# श्रेयस और शार्दुल पर रहेंगी सबकी नजरें

## ईशान किशन, चहल, वार्नर और चाहर हो सकते हैं सरप्राइज पैकेज


### आईपीएल मेगा नीलामी में 590 क्रिकेटरों की लगेगी बोली, जिसमें 227 विदेशी खिलाड़ी शामिल

**भाषा**। बेंगलुरू











**इंडियन** प्रीमियर लीग की आखिरी मेगा नीलामी शनिवार को होगी जिसमें श्रेयस अय्यर और शार्दुल ठाकुर जैसे खिलाड़ियों पर सभी फ्रेंचाइजी की नजरें होंगी। इस साल 10 से ज्यादा क्रिकेटर 10 करोड़ से अधिक में बिक सकते हैं। गुजरात टाइटंस और लखनऊ सुपरजाइंट्स के जुड़ने के बाद 10 टीमों की लीग के लिए दो दिवसीय नीलामी में 590 क्रिकेटरों की बोली लगेगी जिसमें 227 विदेशी खिलाड़ी शामिल हैं।

इस साल 10 से ज्यादा क्रिकेटरों पर दस करोड़ से अधिक की बोली लग सकती है और कुछ तो 20 करोड़ के आसपास भी जा सकते हैं। अय्यर सबसे महंगे साबित हो सकते हैं जबकि शार्दुल और ईशान किशन पर भी अच्छी बोली लगने की उम्मीद है। अगर इनके लिए फ्रेंचाइजी में होड़ लग जाती है तो दाम काफी ऊपर जा सकते हैं। इनके अलावा दीपक चाहर और युजवेंद्र चहल को भी 10 करोड़ से अधिक मिलने की उम्मीद है।

महेंद्र सिंह धोनी (चेन्नई सुपर किंग्स), विराट कोहली (रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर) और रोहित शर्मा (मुंबई इंडियंस) को उनकी टीमों ने बरकरार रखा है। टीमों की नजरें मध्यक्रम के बल्लेबाजों, कलाई के स्पिनरों और हरफनमौलाओं पर रहेंगी। केएल राहुल (17 करोड़) रिटेंशन में सबसे महंगे खिलाड़ी रहे हैं। दिल्ली कैपिटल्स के पूर्व कप्तान अय्यर पंजाब किंग्स (72 करोड़ पर्स), सनराइजर्स हैदराबाद (68 करोड़ पर्स) और राजस्थान रॉयल्स (62 करोड़ रुपए पर्स) जैसी टीमों को लुभा सकते हैं। इन टीमों को मध्यक्रम में गेम चेंजर खिलाड़ी की जरूरत है।

धोनी की चेन्नई टीम जांचे परखे खिलाड़ियों पर भरोसा करेगी जबकि पंजाब और राजस्थान जैसी टीमें आदतन बचे हुए खिलाड़ियों में से चयन पर जोर देंगी। कोलकाता नाइट राइडर्स के पास मुंबई के पूर्व रणजी धुरंधर अभिषेक नायर हैं जो सीईओ वेंकी मैसूर के सबसे विश्वस्त सहयोगी हैं और नीलामी में उनकी चलती है। उनकी नजरें भी अय्यर पर रहेंगी। वरुण चक्रवर्ती जैसे फिटनेस समस्याओं से जूझते रहने वाले खिलाड़ी को बरकरार रखकर टीम ने हालांकि गलती की है क्योंकि अब उनके पास 48 करोड़ रुपए का पर्स ही बचा है। यह चूंकि मेगा नीलामी है और टीमों को कम से कम 18 खिलाड़ियों की जरूरत है तो भारतीय खिलाड़ियों (कैप्ड या अनकैप्ड) को टीमें हाथोंहाथ लेंगी।

यही वजह है कि पिछले साल परपल कैप जीतने वाले हर्षल पटेल का बेसप्राइज दो करोड़ रुपए है और वह इससे पांच गुना अधिक पा सकते हैं। सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाजों में दूसरे स्थान पर रहे आवेश खान का बेसप्राइज 20 लाख रुपए है लेकिन यह 50 गुना बढ सकता है। टी-20 में औसत प्रदर्शन करने वाले रविचंद्रन अश्विन और अजिंक्य रहाणे को भी अच्छे दाम मिल सकते हैं जबकि अंबाती रायुडू जैसे खिलाड़ी सात से आठ करोड़ रुपए में बिक सकते हैं। खराब फॉर्म में चल रहे भुवनेश्वर कुमार और कुलदीप यादव के भी बिकने की उम्मीद है। वहीं दीपक हुड्डा अब अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पहले दो मैचों में अच्छा प्रदर्शन करने के बाद टीमों को लुभा सकते हैं।

विदेशी खिलाड़ियों में डेविड वॉर्नर फॉर्म में है और आस्ट्रेलिया के इस सलामी बल्लेबाज पर अच्छे दाम लगने की उम्मीद है। वह सलामी बल्लेबाज होने के साथ कप्तानी के भी दावेदार है जिन्होंने 2016 में सनराइजर्स हैदराबाद को खिताब दिलाया था।

लखनऊ सुपरजाइंट्स उन पर दाव लगा सकता है। वॉर्नर के अलावा वेस्टइंडीज के जैसन होल्डर की भी अच्छी मांग रहने की उम्मीद है चूंकि वह बड़े छक्के लगाने में माहिर हैं और उपयोगी मध्यम तेज गेंदबाज भी हैं। उनके साथी ड्वेन ब्रावो, ओडियन स्मिथ और रोमारियो शेफर्ड भी अच्छे दाम में बकि सकते हैं। तेज गेंदबाज कैगिसो रबाडा और विकेटकीपर बल्लेबाज क्विंटोन डिकॉक के लिए भी टीमों में होड़ लग सकती है। घरेलू क्रिकेटरों में एक शाहरूख खान, नीतिश राणा और राहुल त्रिपाठी पर नजरें होंगी।

उन्हें स्टीव स्मिथ, जॉनी बेयरस्टॉ या इयोन मोर्गन जैसे दिग्गजों से अच्छे दाम मिल सकते हैं। अंडर-19 क्रिकेटरों में हरफनमौला राज अंगद बावा टीमों को लुभा सकते हैं। यश धुल की कप्तानी में भले ही भारत की अंडर-19 टीम ने विश्व कप जीता है लेकिन टीमों को पता है कि कई बार जूनियर प्रतिभाएं आईपीएल स्तर पर नाकाम रहती हैं। कमलेश नागरकोटी, मनजोत कालरा और शिवम मावी के उदाहरण सामने हैं।

# भारत और न्यूजीलैंड के बीच पहला महिला वनडे मैच आज

**भाषा**। क्वींसटाउन

**पृथकवास** का समय बढने से स्टार बल्लेबाज स्मृति मंधाना के बाहर होने के बाद भारतीय महिला क्रिकेट टीम न्यूजीलैंड के खिलाफ शनिवार से शुरू हो रही पांच मैचों की वनडे श्रृंखला में टीम संयोजन सुधारने के इरादे से उतरेगी। इससे पहले एकमात्र टी-20 मैच में भारत को 18 रन से पराजय झेलनी पड़ी थी। कप्तान मिताली राज वनडे श्रृंखला का आगाज जीत के साथ करना चाहेगी चूंकि अगले महीने होने वाले आईसीसी विश्व कप के लिए यह महत्वपूर्ण श्रृंखला है।

खिलाड़ियों की उपलब्धता भी भारत के लिए बड़ा मसला है चूंकि मंधाना , तेज गेंदबाज रेणुका सिंह और मेघना सिंह मैनेज्ड आइसोलेशन एंड क्वारंटीन का समय बढाए जाने के कारण टीम से बाहर हैं। उनकी गैर मौजूदगी में दूसरे खिलाड़ियों के लिए अपनी उपयोगिता साबित करने का मौका है जो विश्व कप टीम में जगह बनाने को बेताब होंगी। एकमात्र टी-20 मैच में बल्लेबाजों ने निराश किया और ऐसे में शीर्ष खिलाड़ियों की गैर मौजूदगी में अंतिम एकादश चुनना मिताली और टीम प्रबंधन के लिए बड़ी चुनौती है।

**टीमें: भारत** : मिताली राज (कप्तान), हरमनप्रीत कौर, शेफाली वर्मा, यस्तिका भाटिया, दीप्ति शर्मा, रिचा घोष, स्नेह राणा, झूलन गोस्वामी, पूजा वस्त्राकर, तानिया भाटिया, राजेश्वरी. पूनम यादव, सिमरन दिल बहादुर। **न्यूजीलैंड** : सोफी डेवाइन (कप्तान), एमी सैटर्थवेट, सूजी बेट्स, लौरेन डाउन, मैडी ग्रीन, ब्रूक हालीडे, हेली जेनसेन, फ्रान जोनास, जेस केर, मेली केर, फ्रेंकी मैके, रोसमेरी मायर, केटी मार्टिन, हन्ना रोव, ली ताहुहू।

# ऋषभ और गिलक्रिस्ट की तुलना करना जल्दबाजी होगी : पोंटिंग

**भाषा**। दुबई



**रिकी** पोंटिंग को लगता है कि ऋषभ पंत की मैदान पर आक्रामकता वैसी ही है जैसे महान क्रिकेटर एडम गिलक्रिस्ट क्रिकेट खेलते थे लेकिन दोनों के बीच तुलना तभी हो सकती है जब भारतीय खिलाड़ी कम से कम 50-60 टेस्ट मैच खेल ले। पंत (24 वर्ष) की तुलना अक्सर गिलक्रिस्ट से की जाती है क्योंकि उनकी बल्लेबाज आस्ट्रेलिया के महान क्रिकेटर जैसी ही दिखती है। दोनों ही खब्बू बल्लेबाज हैं। पोंटिंग ने कहा कि हां, वे थोड़े से समान हैं। मैं जानता हूं कि ऋषभ जब से आए हैं, लेकिन सर्वकालिक महान विकेटकीपर बल्लेबाज में से एक से तुलना करना शुरू करने से पहले उसे कम से कम से 50-60 टेस्ट मैच तो खेलने दीजिए। गिलक्रिस्ट ने 96 टेस्ट मैच खेलकर 47.6 के औसत से 5570 रन बनाए हैं। वह 287 वनडे में भी अपने देश का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं जिसमें उन्होंने 35.89 के औसत से रन बनाए हैं। वहीं पंत ने अभी 28 टेस्ट, 23 वनडे और 41 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में देश का प्रतिनिधित्व किया है।

पोंटिंग ने कहा कि लेकिन अगर आप उनके व्यक्तित्व के बारे में सोचोगे तो ऋषभ बर्हिमुखी, ज्यादा तेज बोलने वाला और चुलबुला तथा अति स्पर्धी है। उन्होंने कहा कि गिली भी अति-स्पर्धी थे, लेकिन वह काफी शांत और अंर्तमुखी थे लेकिन जब उनके हाथ में बल्ला आ जाता तो वह बिलकुल ऋषभ की तरह हो जाते थे। पोंटिंग गिलक्रिस्ट के साथ खेले और उनके कप्तान थे। पर पोंटिंग पंत के साथ भी काम कर चुके हैं क्योंकि वह दिल्ली कैपिटल्स के कोच थे। पोंटिंग कई वर्षों से आईपीएल का हिस्सा रह चुके हैं और युवा भारतीय प्रतिभाओं को देख रहे हैं। वह पृथ्वी साव और रूतुराज गायकवाड़ से काफी प्रभावित हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली कैपिटल्स में हमने पृथ्वी साव को रिटेन किया है, जिनका पिछले साल आईपीएल सत्र में हमने शानदार प्रदर्शन देखा। मुझे अब भी लगता है कि वह बतौर व्यक्ति और बतौर खिलाड़ी अपने बारे में काफी कुछ सीख रहा है। पोंटिंग चेन्नई सुपर किंग्स के बल्लेबाज रूतुराज गायकवाड़ से भी काफी प्रभावित हैं।

## तस्नीम मीर ने ईरान फज्र इंटरनेशनल चैलेंज जीता

**भाषा**। शिराज (ईरान)

**दुनिया** की नंबर एक जूनियर बैडमिंटन भारतीय खिलाड़ी तस्नीम मीर ने शुक्रवार को यहां ईरान फज्र इंटरनेशनल चैलेंज में इंडोनेशिया की युलिया योसेफिन सुसांतो पर फाइनल में तीन गेम में मिली जीत से महिला एकल खिताब अपने नाम किया।

गुजरात की 16 वर्षीय खिलाड़ी ने दूसरी वरीय सुसांतो को 51 मिनट में 21-11, 11-21, 21-7 से शिकस्त दी। अंडर-19 एकल में दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी बनने वाली पहली भारतीय महिला बैडमिंटन खिलाड़ी तस्नीम की सीनियर विश्व रैंकिंग 404 है। इससे पहले तस्नीम ने ईरान की नाजनीन जमानी, अर्मेनिया की लिलिट पोघोस्यान, ईरान की फातेमेह बाबाई, भारत की समायरा पंवार को हराया था।

सेमीफाइनल में तस्नीम ने शीर्ष वरीय और दुनिया की 71वें नंबर की खिलाड़ी मार्टिना रेपिस्का को शिकस्त दी थी।

# चोटिल राहुल और अक्षर टी-20 श्रृंखला से बाहर

**भाषा**। नई दिल्ली

**भारतीय** उप कप्तान केएल राहुल और आलराउंडर अक्षर पटेल चोटिल होने के कारण वेस्टइंडीज के खिलाफ 16 फरवरी से कोलकाता में होने वाली तीन मैचों की टी20 श्रृंखला में नहीं खेल पाएंगे। उनकी जगह रुतुराज गायकवाड़ और दीपक हुड्डा को टीम में शामिल किया गया है।

राहुल वेस्टइंडीज के खिलाफ नौ फरवरी को दूसरे एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान क्षेत्ररक्षण करते समय चोटिल हो गए थे। उनकी मांसपेशियों में खिंचाव है जबकि अक्षर अभी पिंडली की चोट से पूरी तरह नहीं उबरे हैं। इस कारण वह दक्षिण अफ्रीकी दौरे पर भी नहीं जा पाए थे। भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने शुक्रवार को जारी बयान में कहा कि राहुल के बाएं पांव की मांसपेशियों में खिंचाव आ गया है जबकि अक्षर हाल में कोविड-19 से उबरने के बाद अपने रिहैबिलिटेशन के अंतिम चरण में हैं। वे अब अपनी चोटों से उबरने के लिए बेंगलुरू में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में जाएंगे। इसमें कहा गया है, अखिल भारतीय सीनियर चयन समिति ने उनके स्थान पर रुतुराज गायकवाड़ और दीपक हुड्डा को टीम में शामिल किया है। राहुल और अक्षर के फिटनेस मामलों के कारण उनका 25 फरवरी से श्रीलंका के खिलाफ होने वाली घरेलू श्रृंखला में खेलना भी संदिग्ध है।

**टीम** : रोहित शर्मा (कप्तान), ईशान किशन, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, सूर्य कुमार यादव, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), वेंकटेश अय्यर, दीपक चाहर, शार्दुल ठाकुर, रवि बिश्नोई, युजवेंद्र चहल, वाशिंगटन सुंदर, मोहम्मद सिराज, भुवनेश्वर कुमार, आवेश खान, हर्षल पटेल, रुतुराज गायकवाड़, दीपक हुड्डा।

# आस्ट्रेलिया ने श्रीलंका को पहले टी-20 में 20 रन से हराया

**एपी**। सिडनी


धनुष्का गुणाथिलाका विकेट लेने के बाद जश्न मनाते जोश हेजलवुड

**आस्ट्रेलिया** ने संयुक्त अरब अमीरात में विश्व कप जीतने के बाद अपने पहले टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में शुक्रवार को यहां श्रीलंका को डकवर्थ लुईस पद्धति से 20 रन से हराकर पांच मैचों की श्रृंखला में शुरुआती बढ़त बनाई।

आस्ट्रेलिया ने टॉस गंवाने के बाद पहले बल्लेबाजी करते हुए नौ विकेट पर 149 रन बनाए। उसकी तरफ से तीन बल्लेबाज बेन मैकडरमॉट (53), मार्कस स्टोइनिस (30) और जोश इंग्लिश (23) ही दोहरे अंक में पहुंचे। श्रीलंका की तरफ से वाहिंदु हसरंगा ने तीन जबकि दुशमंत चमीरा, बिनुरा फर्नांडो और चमिका करुणारत्ने ने दो-दो विकेट लिए।श्रीलंका के सामने बड़ा लक्ष्य नहीं था लेकिन उसकी टीम आठ विकेट पर 122 रन ही बना सकी। बीच में बारिश आने के कारण श्रीलंका को 19 ओवर में 143 रन का लक्ष्य दिया गया था।

आस्ट्रेलिया की तरफ से जोश हेजलवुड ने 12 रन देकर चार जबकि एडम जंपा ने 18 रन देकर तीन विकेट लिए। श्रीलंका के लिए पथुम निशांका ने सर्वाधिक 36 रन बनाए। इन दोनों टीमों के बीच दूसरा मैच रविवार को सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर ही खेला जाएगा। श्रीलंका 2017 से आस्ट्रेलिया को टी-20 मैचों में नहीं हरा पाया है।

## कोस्टारिका के विश्व कप क्वलीफायर में सौ फीसदी दर्शक मौजूद रहेंगे

**वाशिंगटन**। कनाडा और अमेरिका के खिलाफ अगले महीने कोस्टारिका के विश्व कप फुटबॉल क्वालीफायर में 35000 की क्षमता वाले स्टेडियम में सौ फीसदी दर्शकों को प्रवेश की अनुमति दी गई है। कोस्टा रिका फुटबॉल महासंघ ने गुरूवार को यह घोषणा की। कोस्टारिका और कनाडा का मैच 24 मार्च को होगा जबकि तीन दिन बाद उसे अल सल्वाडोर से खेलना है। अमेरिका से मुकाबला 30 मार्च को होना है। 1986 के बाद पहली बार विश्व कप खेलने की दहलीज पर खड़ी कनाडा को बस एक जीत की जरूरत है। उत्तर और मध्य अमेरिका और कैरेबिया से शीर्ष तीन टीमें विश्व कप में जगह बनाएंगी जबकि चौथे स्थान की टीम जून में ओशियाना चैम्पियन के खिलाफ प्लेआफ खेलेगी। कनाडा ग्रुप में शीर्ष पर, अमेरिका दूसरे और मैक्सिको तीसरे स्थान पर है। पनामा चौथे और कोस्टा रिका पांचवें स्थान पर है।

# रामकुमार-साकेत बेंगलुरू ओपन के फाइनल में

**भाषा**। बेंगलुरू

**भारत** के साकेत मायनेनी और रामकुमार रामनाथन की तीसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी ने शुक्रवार को यहां जे क्लार्क और मार्क पोल्मैंस की जोड़ी पर सीधे सेटों में आसान जीत से बेंगलुरू ओपन एटीपी चैलेंजर टेनिस टूर्नामेंट की पुरुष युगल स्पर्धा के फाइनल में प्रवेश किया। भारतीय जोड़ी ने क्लार्क और पोलमैंस की ब्रिटिश-आस्ट्रेलियाई जोड़ी को 6-4, 6-4 से पराजित किया।

अब फाइनल में उनका सामना हुगो ग्रेनियर और एलेक्सांद्रे मुलर की फ्रांसीसी जोड़ी से होगा जिन्होंने आस्ट्रिया के एलेक्जेंडर अर्लर और चेक गणराज्य के विट कोप्रिवा की दूसरी वरीय जोड़ी को 6-3, 6-4 से शिकस्त देकर उलटफेर किया। एकल स्पर्धा में क्वालीफायर बोर्ना गोजो ने स्वप्निल लय जारी रखते हुए सेमीफाइनल में जगह बनाई। क्रोएशिया के इस खिलाड़ी ने अपने से उंची रैंकिंग के बेल्जियम के किमर कोपेजांस को 7-5, 6-4 से पराजित किया। अब उनका सामना अंतिम चार में एलेक्जेंडर मुलर से होगा जिन्होंने एक अन्य क्वार्टरफाइनल में तुर्की के सेम इकेल को 6-4 7-6 से हराया। हालांकि टूर्नामेंट के शीर्ष वरीय और प्रबल दावेदार क्रोएशिया के जिरी वेस्ले को निराशा का सामना करना पड़ा क्योंकि फूड प्वाइजनिंग से तेज पेट दर्द के कारण उन्हें क्वार्टरफाइनल मैच से हटना पड़ा।

वह छठे वरीय एंजो कोआकाड के खिलाफ खेल रहे थे जिन्होंने पहला सेट 6-4 से जीत लिया था। दूसरे सेमीफाइनल में फ्रांस के खिलाड़ी का सामना चीनी ताइपे के चुन सिन सेंग से होगा जिन्होंने अंतिम आठ के मुकाबले में ब्राजील के क्वालीफायर गैब्रियल डिकेम्प्स को 6-4 6-4 से हराया। वहीं आदिल कल्याणपुर, सिद्धार्थ रावत और अर्जुन खाडे को सोमवार से शुरू होने वाले बेंगलुरू ओपन एटीपी चैलेंजर के दूसरे चरण के लिए वाइल्ड कार्ड से प्रवेश दिया गया है। तीनों खिलाड़ी बेंगलुरू ओपन एक की क्वालीफाइंग स्पर्धा में खेले थे जिसमें से केवल अर्जुन ही मुख्य ड्रा में जगह बना सके थे जिसमें वह पहले दौर में हार गए थे।

### गत चैम्पियन डिएगो श्वार्त्जमैन क्वार्टर फाइनल में

**ब्यूनस आयर्स**। दूसरी वरीयता प्राप्त गत चैम्पियन डिएगो श्वार्त्जमैन अर्जेंटीना ओपन के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए हैं जिन्होंने स्पेन के जाउमे मुनार को 7-6, 7-6 से हराया। अब उनका सामना अर्जेंटीना के ही फ्रांसिस्को सेरुंडोलो से होगा जिसे उन्होंने पिछले साल हराकर खिताब जीता था। सेरूंडोलो ने सर्बिया के मियोमीर केसमानोविच को 6-3, 3-6, 6-2 से मात दी। इटली के फेगियो फोगनिनी ने स्पेन के पेड्रो मार्तिनेज को 6-4, 7-6 से हराया। अब उनका सामना अर्जेंटीना के फेडरिको डेलबोनिस से होगा। शीर्ष वरीयता प्राप्त नॉर्वे के कैस्पर रूड स्थानीय खिलाड़ी फेडरिको कोरिया से खेलेंगे। इटली के लोरेंजो सोनेगो की टक्कर स्पेन के फर्नांडो वर्डास्को से होगी।

### ओपेलक और ब्रूक्सबी अंतिम आठ में पहुंचे

**डलास**। दूसरी वरीयता प्राप्त अमेरिका के रीली ओपेलका ने सेड्रिक मार्शल स्टेबे को हराकर पहले डलास ओपन टेनिस के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। दो बार एटीपी टूर विजेता ओपेलका ने स्टेबे को 7-6, 7-6 से मात दी। अब उनका सामना पांचवीं रैंकिंग वाले एड्रियन मानारिनो और योशिहितो निशिओका के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा। चौथी वरीयता प्राप्त जेंसन ब्रूक्सबी ने इटली के आंद्रियास सेप्पी को 6-3, 3-6, 6-3 से हराया। वहीं क्वालीफायर वासेक पोसपोसिल ने आस्ट्रिया के जुरजी रोडियोनोव को 6-7, 7-6, 6-2 से मात दी।